RNI No-DELHIN/2017/75336
www.uttambharatnews.com
email:-uttambharat05@gmail.com
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

वर्ष: 09 अंक: 273
नई दिल्ली
रविवार, 19 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ: 12
@uttambharatofficial @uttambharat

नई दिल्ली, हरियाणा से प्रकाशित एवं चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित

03 दिल्ली में भाजपा कार्यालय में दीपावली उत्सव...
06 गाजा में शांति की एक और योजना...
12 हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष...

## संक्षिप्त सार

### आम आदमी को राहत, मुनाफाखोरों पर होगी कार्रवाई: सीतारमण का बड़ा एलान

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि गत 22 सितंबर से जीएसटी की दरों में कटौती के बाद रोजमर्रा के 54 आइटम के दाम में 6-12 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। आम आदमी को जीएसटी दरों में कटौती का लाभ मिल रहा है। इन 54 आइटम में बटर-घी से लेकर टूथब्रश व शैंपू, छाता व खिलौने तक शामिल हैं। गत 22 सितंबर के बाद से लेकर अब तक विभिन्न जोन से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर वित्त मंत्रालय ने यह दावा किया है। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि जीएसटी की दरों में कटौती का लाभ नहीं देने वालों को सजा दिलाई जाएगी। जीएसटी कटौती का लाभ नहीं देने के मामले में उपभोक्ता मंत्रालय के पास आई शिकायतों में से 3075 शिकायतों को जांच के लिए अप्रत्यक्ष कर विभाग के पास भेज दिया गया है जिसकी जांच जीएसटी संबंधित अधिकारी कर रहे हैं। गत 22 सितंबर से जीएसटी दरों में कटौती का लाभ नहीं मिलने पर सरकार ने जनता से उपभोक्ता मामले मंत्रालय में शिकायत करने के लिए कहा था। नवरात्र से आरंभ होने वाले जीएसटी बचत उत्सव के दौरान वस्तुओं की बिक्री से लेकर अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर के बारे में जानकारी देने के लिए शनिवार को वित्त मंत्री के साथ वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव एक मंच पर इकट्ठा हुए। जीएसटी दरों में कटौती को कांग्रेस की तरफ से पूर्व का भूल सुधार बताए जाने सीतारमण ने कहा कि यह भूल सुधार नहीं है। दरों में कटौती का क्या मतलब होता है, इसे समझने के लिए कांग्रेस नेता को पूर्व के वित्त मंत्री से कोचिंग लेना चाहिए। कांग्रेस ने तो जीएसटी को लागू ही करने की कोशिश नहीं की।

# मोदी ने नीतिगत कुप्रबंधन के लिए कांग्रेस की आलोचना की

नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार शाम एनडीटीवी वर्ल्ड समिट में 2014 से पहले के नीतिगत परिदृश्य पर विचार करते हुए कांग्रेस शासन के तहत भारत की चुनौतियों की एक गंभीर तस्वीर पेश की और पार्टी पर नीतिगत पक्षाघात, बड़े पैमाने पर घोटाले और आर्थिक कुप्रबंधन को बढ़ावा देने का आरोप लगाया, जिससे देश असुरक्षित हो गया।
नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'अनस्टॉपेबल इंडिया' विषय पर बोलते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीलंकाई प्रधानमंत्री हरिणी अमरसूर्या, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट सहित वैश्विक नेताओं को संबोधित किया और कांग्रेस-काल की विफलताओं की पृष्ठभूमि में भारत के परिवर्तन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने अपनी सरकार के समावेशी सुधारों की तुलना कांग्रेस की बहिष्कार की विरासत से की। उन्होंने कहा, 'उन्होंने लोगों को बैंकों से दूर कर दिया। गरीब लोग बैंकों में जाने से भी डरते थे। जब हमने सत्ता संभाली, तब आधी आबादी के पास बैंक खाते नहीं थे। उनके प्रशासन ने 50 करोड़ से ज्यादा जन-धन खाते खोले, जिससे वित्त का लोकतंत्रीकरण हुआ और भारत डिजिटल लेनदेन में वैश्विक अग्रणी बना। उन्होंने जोर देकर कहा, कांग्रेस के विपरीत, हमने नीतियों का लोकतंत्रीकरण करने का काम किया, न कि उनका सरकारीकरण करने का। यही अनस्टॉपेबल इंडिया के पीछे की प्रेरक शक्ति है।
उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में उन सुधारों पर प्रकाश डाला, जिनसे कांग्रेस से विरासत में मिले एनपीए संकट से निपटा गया। कांग्रेस पार्टी के शासन की तीखी आलोचना करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने उस पर नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) का पहाड़ खड़ा करने, नागरिकों को बैंकिंग से दूर करने और सब्सिडी से बचने के लिए पेट्रोल पंपों को रोजाना 12 घंटे बंद रखने की योजना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 2014 से पहले, चर्चाएँ वैश्विक चुनौतियों से निपटने, महिलाओं की सुरक्षा की चिंताओं और आतंकवादी स्लीपर सेल पर केंद्रित थीं। कई लोगों को भारत की रिकवरी पर संदेह था। फिर भी, भारत शीर्ष पांच वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के विकास पूर्वानुमानों में आईएमएफ (अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष) द्वारा हाल ही में किए गए संशोधनों का हवाला देते हुए घोषणा की, मुद्रास्फीति 2 प्रतिशत से कम है, और पिछले तीन वर्षों में हमारी औसत वृद्धि 7.8 प्रतिशत रही है।

### धनतेरस पर मोदी दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। भारत में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ धनतेरस का पर्व मनाया जा रहा है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई बड़े नेताओं ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही, उन्होंने देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को धनतेरस की शुभकामनाएं देते हुए भगवान धन्वंतरि से सभी के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, देश के मेरे सभी परिवारजनों को धनतेरस की अनेकानेक शुभकामनाएं। इस पावन अवसर पर मैं हर किसी के सुख, सौभाग्य और आरोग्य की कामना करता हूं।

## रामकथा पार्क सजकर तैयार: अयोध्या में सीएम योगी करेंगे श्रीराम का राजतिलक



लखनऊ। रामनगरी अयोध्या में दीपोत्सव के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरयू किनारे रामकथा पार्क में 19 अक्तूबर को श्रीराम का राजतिलक करेंगे। राज्याभिषेक समारोह के लिए राज दरबार की थीम पर रामकथा पार्क सजकर तैयार हो गया है।
मंच पर राम दरबार सजेगा और नीचे साधु संतों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव मौर्य, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहेंगे। गे। यहां मुख्यमंत्री भगवान के स्वरूपों की अगवानी करेंगे। इसके बाद उन्हें रथ पर सवार करके रामकथा पार्क में बने राज दरबार में लाया जाएगा। इससे पहले सुबह 10 बजे साकेत महाविद्यालय से झांकियों की शोभायात्रा निकलेगी। दोपहर 2:00 बजे मुख्यमंत्री रामकथा पार्क में ही इनका स्वागत करेंगे। लोक कलाकार प्रस्तुत करेंगे पारंपरिक नृत्य साकेत कॉलेज से निकलने वाली इन झांकियों की शोभायात्रा के दौरान पूरे रास्ते विभिन्न राज्यों के लोक कलाकारों की ओर से पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। पुष्प वर्षा कर झांकियों का स्वागत होगा।
रामकथा पार्क में राज्याभिषेक समारोह में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री शाम 5:00 बजे सरयू तट पर पहुंचेंगे। यहां पर वह 2100 अर्चकों की ओर से की जाने वाली सरयू की महाआरती का हिस्सा बनेंगे। यहां से सीएम राम की पैड़ी पर बने मुख्य मंच पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री और राज्यपाल की मौजूदगी में राम की पैड़ी पर 26 लाख 11 हजार 101 दीप जलाकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया जाएगा। इसी मंच पर गिनीज बुक की टीम मुख्यमंत्री को विश्व रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र सौंपेगी।

# मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को दीं हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास स्थित कैंप कार्यालय में राजस्व परिषद में नव-चयनित सहायक समीक्षा अधिकारी एवं समीक्षा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवनियुक्त कार्मिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दीपावली से पूर्व यह नियुक्ति पत्र प्राप्त होना नवनियुक्त कार्मिको और उनके परिवारजनों के लिए विशेष प्रसन्नता का अवसर है। मुख्यमंत्री ने उनके परिवारजनों को भी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते चार वर्ष में राज्य में 26,500 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि राज्य में पारदर्शिता और मेरिट के आधार पर भर्ती प्रक्रिया को अभियान के रूप में निरंतर आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ समय पूर्व हरिद्वार में हुई परीक्षा से संबंधित एक प्रकरण सामने आया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया और एसआईटी जांच गठित की गई। इसके पश्चात छात्रों की भावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री ने स्वयं छात्रों से मुलाकात की और उनकी मांगों के अनुरूप परीक्षा को निरस्त करते हुए सीबीआई जांच की संस्तुति की। उन्होंने कहा कि राज्य में बीते वर्षों के दौरान सभी प्रतियोगी परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ आयोजित की गई हैं। भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद से ही उन्होंने रिक्त पदों को पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से भरने का अभियान शुरू किया, जिसके फलस्वरूप आज हजारों युवाओं को सरकारी सेवा में अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार आगे भी पूर्ण पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया को अभियान के रूप में जारी रखेगी।

# कई वर्षों बाद छठ पर यमुना में संभव होगा स्नान: 'ट्रिपल इंजन' सरकार की उपलब्धि

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घाटों का किया निरीक्षण



**रेखा गुप्ता सरकार ने दिल्ली की कद्दी संभाली है, तब से यमुना की सफाई उनके प्रमुख एजेंडे में रही है। उन्होंने बताया कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की सीधी निगरानी में यमुना सफाई का कार्य चल रहा है। इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रयासों का परिणाम है कि कई वर्षों के बाद इस छठ पर्व पर यमुना का पानी नहाने लायक स्थिति में पहुँचा है।**

नई दिल्ली। आगामी छठ महापर्व पर राजधानी दिल्ली के व्रतियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और शाहदरा जिले के पूर्व सह-प्रभारी गुरमीत सिंह सूरा ने दावा किया है कि इस वर्ष यमुना नदी का जल स्नान लायक हो गया है, जिससे छठ व्रतधारी अब साफ पानी में डुबकी लगाकर अपना त्योहार धूमधाम से मना सकेंगे। सूरा ने इसे 'ट्रिपल इंजन सरकार' (केंद्र, राज्य और निगम) द्वारा दिल्ली की जनता को दिया गया तोहफा बताया है। केंद्र की निगरानी में सफाई अभियान
गुरमीत सिंह सूरा के अनुसार, जब से रेखा गुप्ता सरकार ने दिल्ली की कद्दी संभाली है, तब से यमुना की सफाई उनके प्रमुख एजेंडे में रही है। उन्होंने बताया कि स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की सीधी निगरानी में यमुना सफाई का कार्य चल रहा है। इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रयासों का परिणाम है कि कई वर्षों के बाद इस छठ पर्व पर यमुना का पानी नहाने लायक स्थिति में पहुँचा है। छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के क्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कालिंदी कुंज छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने दावा किया कि इस साल यमुना नदी पिछले वर्षों की तुलना में अधिक साफ है और पहले की तरह नदी में सफेद झाग दिखाई नहीं दे रहा है। गुरमीत सिंह सूरा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पिछले छह महीनों में यमुना की साफ-सफाई के लिए पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है, विशेष रूप से उन छठ उत्सव स्थलों पर जहाँ पहले जहरीले झाग की भरमार हुआ करती थी। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के दौरान उन्हें नदी के पानी को साफ करने की प्रक्रिया भी दिखाई गई। उन्होंने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि, 'यमुना का पानी अब इस स्थिति में है कि जलीय जीव भी इसमें बेहतर तरीके से रह सकते हैं। यह दिल्ली के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।' उन्होंने जानकारी दी कि छठ पूजा के मद्देनजर घाटों की सफाई, सजावट और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तेज गति से तैयारियाँ की जा रही हैं। इस वर्ष छठ महोत्सव का आयोजन पूरे उत्तर भारत सहित दिल्ली में 25 से 28 अक्टूबर तक किया जाएगा। 25 अक्टूबर को 'नहाय-खाय' के साथ पर्व की शुरूआत होगी, 26 अक्टूबर को खरना मनाया जाएगा। इसके उपरांत 27 अक्टूबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य और 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय यह महापर्व संपन्न होगा। दिल्ली सरकार और नगर निगम मिलकर कालिंदी कुंज, वजीराबाद और आईटीओ घाट जैसे प्रमुख स्थलों पर घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों को लेकर विशेष निगरानी और तैयारियाँ कर रहे हैं।



P-02:28 paga09_jhn.qxd 10/18/2025 8:45 PM Page 1



# दीपावली बड़े हर्षोल्लास के साथ बनाई

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में दीपावली को उत्सव हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः एक रंगारंग प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें गणेश वंदना और दिवाली थीम पर आधारित नृत्य प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह प्रस्तुति शिक्षिका बबली शाह के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इसी क्रम में कक्षा पाँच के विद्यार्थियों द्वारा एक शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें 'ग्रीन दिवाली' का महत्व बताया गया और पटाखों से दूर रहने का संदेश दिया गया। कक्षा सात-ए की आयत ज़ैदी ने पर्यावरण-अनुकूल दीपावली पर प्रेरणादायक भाषण देकर उपस्थितों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य महोदय ने शारीरिक शिक्षा तथा संगीत/नृत्य विभाग के छात्रों को उत्कृष्टता प्रमाणपत्र प्रदान किए।




कार्यक्रम में इको क्लब की प्रमुख ज्योति राजपूत ने छात्रों को संबोधित करते हुए पटाखों से परहेज करने और स्वच्छ पर्यावरण के लिए संकल्प लेने का आग्रह किया। सभी छात्र-छात्राओं ने ÷हरियाली भरी स्वच्छ दिवाली÷ मनाने का वचन लिया। समापन पर प्राचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने सभी को आशीर्वाद और दीपावली की शुभकामनाएँ दीं।ब्लॉक-बी में छात्रों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। कक्षा एक और दो के बच्चों ने मोमबत्ती निर्माण, मिट्टी के दीए बनाना और ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए। कक्षा तीन और चार के विद्यार्थियों ने दीया सजावट, पूजा थाल सजावट, उपहार टैग व कार्ड बनाए। कक्षा पाँच से सात के बच्चों ने रंगोली, पोस्टर, थाल और कक्षा सजावट जैसी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।ब्लॉक-ए में सदन-स्तरीय रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें चार सदन – ज्यूपिटर, नाइल, अमेज़न और पैसिफिक – ने अपनी सृजनात्मकता और कलात्मकता का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी रंगोलियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और पर्यावरण संदेश को अभिव्यक्त किया। परिणामस्वरूप ज्यूपिटर हाउस को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि नाइल और पैसिफिक हाउस ने द्वितीय स्थान साझा किया। अमेज़न हाउस तृतीय स्थान पर रहा। प्राचार्य ने विजेता सदनों की रंगोलियों की प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।सजावट, अनुशासन, रंगोलियों और नोटिस बोर्ड के मूल्यांकन के लिए मिस झलक वर्मा, श्री शिव कुमार और श्री विनीत कुमार को निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया। मूल्यांकन के परिणामस्वरूप प्रथम स्थान कक्षा सात-ए, द्वितीय स्थान कक्षा पाँच-ए और तृतीय स्थान कक्षा छह-सी को प्राप्त हुआ। विजेताओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए प्राचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने सभी को बधाई दी।

विद्यालय का यह दीपावली समारोह छात्रों में रचनात्मकता, सहयोग और टीम भावना को प्रोत्साहित करने वाला रहा।

इस अवसर ने बच्चों को भारतीय संस्कृति, स्वच्छता और जिम्मेदारी का गहरा संदेश दिया।

# अगर मैं जो कह दूं मोहब्बत है तुमसे तो मुझको खुदारा गलत ना समझना : ताहिर फराज

**एस के ज्वैलर्स की ओर से लगाए कस्तूरबा गांधी पक्षी विहार झील 15 दिवसीय दिवाली महोत्सव मे शानदार इंडिया मुशायरा अयोजन**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर मे आज एस के ज्वैलर्स की ओर से लगाए कस्तूरबा गांधी पक्षी विहार झील 15 दिवसीय दिवाली महोत्सव इसके अलावा रामपुर के मशहूर डांस विदमि इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर जुहैब खान भी अपनी पूरी टीम के साथ दीपावली महोत्सव के लिए मैदान में उतरे हुए हैं एक शानदार आल इंडिया मुशायरा पहली बार अयोजन किया गया इंटरनेशनल स्तर पर सुपरहिट हुई गजल पेश करते दुनिया के मशहूर जानमाने शायर ताहिर फ़राज़ साहब




शेर सुनकर पूरा पिनडाल तालियन की गंगातट से गूंज अठा(जो लम्हों ही लम्हों में दुनिया बदल दे वो दे जाए शायर को पहलू ग़ज़ल के) ! इसके अलावा एक और मशहूर शायर अबरार काशिफ ने अपनी शायरी से नौजवानों का दिल छू लिया उनकी शायरी के बाद नौजवान जैसे की बेकाबू हो गए और दोबारा से उनको मंच पर बुलाने की मांग करने लगे इसके अलावा शायरों में मुमताज नसीम आदिल रशीद जहाज देवबंदी डॉ शशि कवि राहुल शर्मा डॉक्टर शबनम अली नजर बिजनौरी शहीद कई बड़े शायरों ने अपना कलाम पेश करके लोगों का दिल जीत लिया रामपुर झील में रोजना हर तरहा अलग ही प्रोग्राम हो रहे है जिसका आनंद रामपुर की जनता खूब ले रही है

ईस महोत्सव मे स्वादिष्ट खाने,कुल्लड़ की चाय बच्चो के खिलौने के अलावा विभिन्न स्टॉल लगाए गए है बच्चो के मनोरंजन के लिए बड़े छोटे झूले की लगाए गए हैं

# माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता का आयोजित

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग ब्लॉक जलीलपुर के इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय लिखा गया है जब परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय हरीनगर के कक्षा 6 की छात्रा भूमिका ने 69 वी मंडलीय माध्यमिक विद्यालय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता 2025 26 एक स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीतकर नाम रौशन किया है।गजेन्द्र सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी जलीलपुर बिजनौर ने यह जानकारी देते हुए इन छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की है।






एम एम कॉलेज बड़ा मैदान चंदौसी के खेल परिसर में आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में उच्च प्राथमिक विद्यालय हरीनगर ब्लॉक जलीलपुर बिजनौर की छात्रा भूमिका ने 80 मीटर हर्डल रेस में सिल्वर मेडल जीतकर जनपद और विभाग का नाम उपलब्धि दर्ज कराई है ।

वहीं एक और प्रतियोगिता में 4गुना 100 रिले रेस में गोल्ड मेडल जीतकर मंडल की चैंपियन बनकर विभाग और के क्षेत्र के नाम को नई ऊंचाईया प्रदान करके प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए बड़ा अवसर भी प्राप्त करके गौरवान्वित किया है।

# मिट्टी खनन करते 4 डम्फर, पांच जेसीबी, तीन ट्रैक्टर पकड़े

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में तहसील सदर क्षेत्रान्तर्गत अवैध मिट्टी, बालू तथा डस्ट के खनन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु उप जिलाधिकारी सदर/ जवाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन एवं जिला खनन अधिकारी अक्षय कुमार द्वारा बीतीरात और शनिवार प्रातः तक कार्यवाही की गई। थाना हाईवे के अन्तर्गत ग्राम बाद एवं अड्की मे 03 जे0सी0वी0 व 02 ट्रेक्टरो को अवैध मिट्टी का खनन करते हुए पकड़ा गया। थाना फरह के अन्तर्गत ग्राम रोसू से 04 डम्फर, 02 जे0सी0वी व 01 ट्रेक्टर को अवैध मिट्टी का खनन करते हुए पकड़ा गया। थाना रिफाईनरी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बाद हाईवे से 4 डम्फरो को चैक किया गया, जिनमें अवैध रूप से बालू एंव डस्ट भरी



हुई थी। अवैध मिट्टी एवं बालू खनन की रोकथाम हेतु थाना प्रभारी हाईवे, फरह, रिफाईनरी एवं तहसीलदार, नायब तहसीलदार के द्वारा भी छापेमारी की कार्यवाही की गई। उक्त सभी जेसीवी, ट्रेक्टरो व डम्फरो को सम्बंधित थाना प्रभारियों की सुर्पदगी में दिया गया। उपरोक्त के सम्बंध में खनन विभाग एवं परिवहन विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

# मिशन शक्ति द्वारा किया गया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**किरतपुर।** मौहल्ला मिलकीयान में स्थित अशरफ जमील के आवास पर मिशन शक्ति अभियान फेज-5 का आयोजन किया गया। जिसमें महिला पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं, महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान, स्वाबलंबन, यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार पूर्वक बताया।



पुलिसकर्मियों ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, वृध्दावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधान मंत्री जन अरोग्य योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान आदि से महिलाओं को अवगत कराया। महिलाओं को उनकी सुरक्षा के सम्मान के प्रति जागरूक करते हुये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, स्वास्थ्य सेवा-102,108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर-1076, चाइल्ड लाइन 1098,1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी देते हुये पर्चे बांटे।

# मैं भारत हूं कार्यक्रम का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के धनौरा रोड स्थित जे. पी. पब्लिक स्कूल में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम ÷मैं भारत हूँ÷ का आयोजन हुआ ,जिसमें नन्हें-मुन्ने बच्चों ने चार प्रमुख भारतीय पर्व – धनतेरस , दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज को सुंदर नाट्य प्रस्तुति, नृत्य, कविता और सजीव दृश्यों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के रूप में सजी बालिका के भावपूर्ण संवाद से हुई – ÷मैं भारत हूँ, मेरे घर-घर में त्यौहार हैं, मेरे दिल-दिल में प्रेम है।÷ इसके बाद धनतेरस के दृश्य में बच्चों ने लक्ष्मी और कुबेर का रूप धारण कर दीपों की ज्योति से समृद्धि का संदेश दिया। दिवाली नृत्य में छोटे छात्रों ने गीत ÷दीप जलाएं हम÷ पर मनमोहक प्रस्तुति दी, गोवर्धन पूजा के प्रसंग में भगवान कृष्ण द्वारा प्रकृति-संरक्षण का संदेश दिया गया और भाई दूज के दृश्य में भाई-बहन के प्रेम को सुंदर भावों




में दर्शाया गया। विद्यालय के गलियारों और बोर्डों को चारों पर्वों की झलकियों, कविताओं और सुंदर चित्रों से सजाया गया। वहीं ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ विषय पर रंगोली प्रतियोगिता ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा सुनाई गई कविताएँ ÷दीया तेल से नहीं जलता, विश्वास से जलता है÷ और ÷मैं भारत हूँ, हर रिश्ते में एक रंग हूँ÷ ने वातावरण को भावनाओं और देशभक्ति से भर दिया। वहीं विद्यालय की प्रबंधिका नीतू गुप्ता ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने कहा कि ÷त्योहार केवल उत्सव नहीं, संस्कार और एकता के प्रतीक हैं। वहीं समापन पर सभी छात्रों ने एक स्वर में गीत ÷मैं भारत हूँ÷ गाया और तिरंगा लहराते हुए एकता, प्रेम और रोशनी का संदेश दिया। पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा और हर दिल में यही भावना थी – ÷धनतेरस की रौनक, दिवाली की दीपशिखा, गोवर्धन का विश्वास और भाई दूज का स्नेह – सब मिलकर कहते हैं, मैं भारत हूँ!÷

# बिना लाईसैंस आतिशबाजी बेचने वाले तीन पकड़े

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** घनी बस्ती और बाजारों में बिना लाईसेंस के अवैध रूप से आतिशबाजी बेचने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये पुलिस ने रिफाइनरी, सदर बाजार और महावन क्षेत्र में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। रिफाइनरी की ताराधाम कालोनी मे पीजा हट के पास बाद पुलिस चौकी प्रभारी लोकेन्द्र सिंह ने पुलिस टम के साथ टीटू सिंह पुत्र सूरज सिंह निवासी हरिधाम कालोनी रिफाइनरी को अवैध विस्फोटक सामग्री सहित गिरफ्तार किया है। इसके पास से भारी संख्या में विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी बरामद हुयी है। वहीं थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा अवैध रूप से आतिशबाजी बेचने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुये उसके पास से 462 किलोग्राम विस्फोटक आतिशबाजी सामग्री बरामद की है। पकड़ा गया व्यक्ति मनीष पुत्र दिवाकरदत्त निवासी जमुनाबाग कालोनी सदरबाजार है। इसे सैनी



बगीची के पास बंगलिया कालोनी से पकड़ा है। इसके अलावा महावन पुलिस ने 158 किलोग्राम विस्फोटक और आतिशबाजी सामग्री सहित एक पकड़ा है। पकड़ा गया लालचंद पुत्र भूदेव सिंह निवासी ग्राम कारब

# 35 लाख का लोन लेने का प्रयास करते फर्जी महिला जज साथी सहित गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर ।** पुलिस ने एक फर्जी महिला जज को साथी सहित उस समय गिरफ्तार कर लिया, जब वह बैंक से 35 लाख रुपए का लोन फर्जी कागजात के आधार पर लेने का प्रयास कर रही थी, पुलिस ने महिला से फर्जी कागजात व मोबाइल आदि बरामद किये है।

दरअसल थाना शहर कोतवाली इलाके के सिविल लाइन स्थित एचडीएफसी बैंक में एक महिला स्वयं को रामपुर जिले में तैनात न्यायिक अधिकारी बताकर 35 लाख रुपए का लोन लेने पहुंची, महिला के साथ एक साथी भी था। बैंक प्रबंधक ने कागजात चेक कर लोन की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली थी तभी उसे शक हुआ और उसने थाना शहर कोतवाली पुलिस में साइबर थाने को सूचना दी ।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 29-SRDEE-G-DLI-2025-26, ए एन वी टी स्टेशन पर पी एफ और परिसंचारी क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था की विश्वसनीयता/ अतिरेकता में सुधार के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु. 10226542.00 |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 201100.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 10.11.2025, 16.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 10.11.2025, 16.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3240/25


# बांकेबिहारी मंदिर का खुला खजाना..ताशखाने से निकला चांदी का छत्र, गहनों के दो संदूक

*** 54 वर्षों बाद आखिर खुल गया बांकेबिहारी का तोशखाना**

**- कयासों और अफवाहों पर लगा विराम, चार बक्सों से चांदी और पीतल के मामूली सामान सहित दो सपोले निकले**

**- सिविल जज जूनियर डिवीजन के अगले आदेश पर फिर खुल सकता है तोशखाना**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**वृन्दावन।** तमाम कयासों और अटकलों के बीच विश्व प्रसिद्ध ठा. बांकेबिहारी महाराज का तोषखाना शनिवार को 54 वर्षों बाद आखिर खुल गया। जिसमें चांदी और पीतल के कुछ मामूली सामान के साथ दो सपोले निकले। अब सिविल जज जूनियर डिवीजन के अगले आदेश के मुताबिक तोशखाने को फिर से खोला जा सकता है। इस दौरान प्रशासन और कमेटी द्वारा नियुक्त ऑडिट टीम की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई।

ठा. बांकेबिहारी महाराज के खजाने के सोने, चांदी और जवाहरातों से लबरेज होने की अटकलों और कयासों के बीच भगवान का तोषखाना शनिवार दोपहर को लगभग 1 बजे खोला गया। जिसे खोलने से पूर्व टीम के अगुवा एडीएम प्रशासन डॉ. पंकज कुमार ने तोषखाने के दरवाजे का पूजन किया। इसके बाद तोषखाने में अंदर प्रवेश करने पर लकड़ी और लोहे के चार संदूक मिले। कमेटी के सदस्य दिनेश गोस्वामी ने बताया कि चार संदूकों में से दो पर ताले नहीं लगे थे जबकि दो के ताले अभी खोले जाने बाकी हैं। इन संदूकों से एक चांदी का छत्र, कुछ पीतल के बर्तन तथा कुछ लकड़ी का सामान ही बरामद हो सका। इसके साथ ही वहां तीन सपोले भी मिले, जिनमें से एक भाग गया। एडीएम प्रशासन ने बताया कि इस दौरान पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई तथा कमेटी द्वारा नियुक्त ऑडिट टीम मौजूद रही। अधिकांश कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है, यदि आवश्यकता होगी तो सिविल जज जूनियर डिवीजन के आदेश के मुताबिक इसे पुनः खोला जायेगा। तोषखाना खोले जाने के दौरान हाई पावर्ड कमेटी के सदस्य विजय कृष्ण गोस्वामी, दिनेश गोस्वामी और शैलेन्द्रनाथ गोस्वामी भी इस दौरान मौजूद रहे। पांच बजे तहखाने को बंद कर बरामद सामान को तहखाने के अंदर मौजूद कमरे में ही रख दिया गया।


**कार्यालय आदर्श नगर पंचायत केमरी जनपद-रामपुर ( उ०प्र० )**

पत्रांक-218//न०पं०के०/2025 — दिनाक 16/10/25

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सर्व सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा राज्य वित्त आयोग की धनराशि से निर्माण कार्य कराये जाने है, जिसके लिये दिनांक 31/10/25 को अपरान्ह 3:00 बजे तक सील बंद निविदायें आमंत्रित की जाती है. जो दिनांक 1/11/25 सांय 4:00 बजे तक निविदादाताओं की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष नियमानुसार खोली जायेंगी।

**कार्यों का विवरण**

| क० सं० | कार्य का विवरण | अनुमानित/ प्रांकलन धनराशि | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा मूल्य: मूल्य | निविदा मूल्य: 18 प्रति० जीएसटी | निविदा मूल्य: कुल मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड नं० 2 में नबी हसन के मकान से अब्दुल रशीद (किशनपुरिया) के मकान तक इण्टर लॉकिंग रोड व नारी का निर्माण कार्य। | 2,02,300.00 | 4046.00 | 200 | 36 | 236 | 03 माह |
| 2 | वार्ड नं० 3 में तफसीर खान की दुकान से चौक तक इण्टर लॉकिंग रोड व नारी का निर्माण कार्य। | 4,02,600.00 | 8052.00 | 400 | 72 | 472 | 03 माह |
| 3 | वार्ड नं० 3 में गाजी बाबा की दरगाह के पास इण्टर लॉकिंग रोड का निर्माण कार्य। | 2,23,900.00 | 4478.00 | 200 | 36 | 236 | 03 माह |
| 4 | वार्ड नं० 5 में राजेश गुप्ता के प्लाट से देवीदास के मकान से होते हुये प्रीतम लाल के मकान तक इण्टर लॉकिंग रोड व नारी का निर्माण कार्य। | 9,97,400.00 | 19948.00 | 1000 | 180 | 1180 | 03 माह |
| 5 | वार्ड नं० 5 में नाजिल अंसारी के मकान से राईसुददीन इण्टर लॉकिंग रोड व नारी का निर्माण कार्य। | 7,10,900.00 | 14218.00 | 700 | 126 | 826 | 03 माह |
| 6 | वार्ड नं० 13 में नबी हसन के मकान से अतीक अत्तारी के मकान तक इण्टर लॉकिंग रोड व नारी का निर्माण कार्य। | 2,53,200.00 | 5064.00 | 250 | 45 | 295 | 03 माह |
| 7 | वार्ड नं० 14 में मोहसिन रजा के मकान से कल्लन के मकान तक इण्टर लॉकिंग रोड व नारी का निर्माण कार्य। | 3,35,500.00 | 6710.00 | 350 | 63 | 413 | 03 माह |
| 8 | वार्ड नं० 15 में वकील अहमद के मकान से अकबर अली के मकान तक सीसी रोड व नाली का निर्माण कार्य। | 5,04,000.00 | 10080.00 | 500 | 90 | 590 | 03 माह |
| 9 | मेन गेट से एमआरएफ सेंटर की ओर अवशेष इण्टरलॉकिग रोड का निर्माण कार्य। | 5,50,000.00 | 11000.00 | 550 | 99 | 649 | 03 माह |

**शर्ते**

निविदा फार्म की फीस भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या-39108284903 आई0एफ0एस0सी0 कोड- SBIN0011168 जमा कर रशीद संलग्न करने के उपरान्त ही निविदा फार्म 24-10-15 व दिनांक 25/10/25 को 2:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है, इसके बाद कोई भी निविदां फार्म नहीं बेचा जायेगा।

2. निविदादाताओं को 8 प्रतिशत धरोहर राशि निविदा स्वीकृती के उपराना एफ0डी0आर० के रूप में अधिशासी अधिकारी के नाम कार्यालय में जमा करनी होगी। जिसको नगर पंचायत कैमरी के नाम 1 वर्ष के लिए बंधक करना अनिवार्य होगा। तथा 2 प्रतिशत घरोहर राशि नगर पंचायत केमरी के भारतीय स्टेट बैंक खाता सं0-39108284903 आई0एफ0एस0सी0 कोड- SBIN0011168 जमा कर रशीद संलग्न करना अनिवार्य है।

3- शर्त सहित निविदा स्वीकृत नहीं की जाऐगी। निविदा स्वीकृति के पश्चात ठेकेदार/फर्म को अपने व्यय से अनुबंध कराना होगा निविदा के साथ रू० 100.00 के स्टाम्प पर नोटरी द्वारा सत्यापित स्वघोषण पत्र देय अनिवार्य होगा।

4- निविदादाता का आयकर व जी0एस०टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य है. तथा पेन ना0 जी0एस0टी0 नं0 संलग्न करना अनिवार्य है।

5. निविदादाता को वैध हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

6- कसी भी निविदा व समस्त निविदाओं को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्तक्षरी में निहित होगा। जिसे किसी भी दशा में चुनौती नहीं दी जा सकती है। वाद विवाद की स्थिति में मा0 न्यायालय रामपुर ही मान्य होगा।

7. निविदादाता को बीच में कार्य नहीं छोड़ना होगा। अगर ठेकेदार/फर्म के द्वारा बीच में कार्य छोड़ा जाता है तो उसे नगर पंचायत कैमरी द्वारा ब्लैकलिस्ट कर दिया जायेगा तथा उसकी जमानत राशि को जब्त कर ली जायेगी और नोटिस देने के उपरान्त उसके टेन्डर को निरस्त कर दिया आयेगा।

8. सम्बन्धित कार्य को निर्धारित समय एवं मानक के अनुरूप पूर्ण न करने पर ठेकेदार को शर्तों के अनुरूप 100 प्रतिदिन के हिसाब से अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा।

9- ठेकेदार/फर्म को समय-समय पर दिये गये शासन /प्रशासन के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

10. ठेकेदार को कार्य से पहले तथा कार्य के बाद के फोटो संलग्न करना अनिवार्य है।

11- उक्त धनराशि का भुगतान धनराशि उपलब्ध होने पर ही करा जायेगा।

12. ब्लैकलिस्टेड ठेकेदार के द्वारा निविदा में प्रतिभाग नहीं किया जायेगा।

13 अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत केमरी ( रामपुर )**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत केमरी ( रामपुर )**


# भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हुआ हामिद का अंतिम संस्कार

**सहारनपुर।** खेड़ा अफगान में शुक्रवार की देर शाम मामूली बहस के बाद हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए हामिद अली (42) की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई थी। मृतक की पत्नी यासमीन ने दो नामजद सहित चार लोगों पर मारपीट कर हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना नकुड़ क्षेत्र अंतर्गत खेड़ा अफगान निवासी हामिद अली पिकअप गाड़ी चलाने के कार्य करते थे। शुक्रवार की शाम को हामिद अली की पिकअप से एक कार से मामूली साइड लग गई थी। कार में सवार गांव चापरचिड़ी निवासी मोहित व मनीष ने पिकअप का पीछा कर रोक लिया और चापरचिड़ी बस स्टैंड पर कहा सुनी के बाद कार सवार उस समय अपने गांव की ओर चले गए और हामिद अपना पिकअप सहारनपुर की ओर निकल गया था। कुछ देर बाद मोहित व मनीष ने अपने दो ओर साथियों को गाड़ी में बैठाकर हामिद की गाड़ी को फन्दपुरी चौकी के पास रोककर मार पिटाई शुरू कर दी थी। बताया गया सभी ने हामिद को तब तक मारा जब तक वह अचेत होकर सड़क पर नहीं गिर गया। जिसके बाद हमलावर वहा से फरार हो लिए। पिकअप में हामिद के साथ सहारनपुर जा रहे अखिल, असजद, आसु ने परिजनों को सूचना देते हुए हामिद को जिला अस्पताल ले गए जहाँ पर चिकित्सकों ने हामिद को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आक्रोषित ग्रामीणों ने खेड़ा अफगान में सड़क पर जाम लगा था जिसे एसपी देहात सागर जैन के मोके पर पहुंचने पर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी व कड़ी सजा के मांग पूरी होने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया था।

# दिल्ली में भाजपा कार्यालय में दीपावली उत्सव का आयोजन, मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में शनिवार को दिल्ली के भाजपा प्रदेश कार्यालय में दीपावली उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर सभी दिल्लीवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह दीपोत्सव दिल्लीवासियों के जीवन में विश्वास, संतोष और दिव्यता का अमिट प्रकाश फैलाए। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज भाजपा के वरिष्ठजनों और कार्यकर्ता



साथियों के साथ दिल्ली भाजपा कार्यालय में दीपावली उत्सव में शामिल हुई। यह दीपावली दिल्ली के लिए विशेष है। पिछले सात माह में दिल्ली सरकार ने जनता के हित में जिस समर्पण और प्रतिबद्धता से कार्य किया है, उसका परिणाम आज हर क्षेत्र में दिखाई दे रहा है।

उन्होंने बताया कि इस बार दिल्ली में पहली बार कर्तव्य पथ पर भव्य और दिव्य दीपोत्सव का आयोजन हो रहा है, जिसमें एक लाख 51 हजार दीपों की श्रृंखला, ड्रोन शो, रामकथा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दिल्लीवासियों को दीपावली के रंग में सराबोर करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दीपावली पर दिल्ली को कई उपहार मिले हैं, जिनमें व्यापारियों के लिए 'इज ऑफ डोइंग बिजनेस' की सुगमता, जीएसटी रिफंड से राहत, ग्रीन पटाखों की अनुमति और दिल्ली को 'करेटिव कैपिटल' बनाने का संकल्प शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व हर पीढ़ी की खुशहाली, आत्मनिर्भरता और आत्मगौरव का उत्सव है, जो विशेष रूप से महिलाओं को समर्पित है, जिनके परिश्रम और संवेदना से समाज की नींव मजबूत होती है। इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह दीपावली दिल्ली के लिए नई आशा और विश्वास का प्रतीक है। भाजपा सरकार ने दिल्ली को विकास के पथ पर अग्रसर किया है। कर्तव्य पथ पर आयोजित दीपोत्सव न केवल दिल्ली की सांस्कृतिक धरोहर को दशार्ता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि पर्यावरण और परंपरा के बीच संतुलन बनाए रख सकते हैं। उन्होंने ग्रीन पटाखों की अनुमति और व्यापारियों के लिए किए गए सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि यह दिल्ली के लिए एक स्वर्णिम युग की शुरूआत है। उच्चतम न्यायालय के दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों की अनुमति दिए जाने पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दीपावली हमारी संस्कृति से जुड़ा एक अभिन्न अंग है और प्रभु श्री राम से जुड़ा ये त्योहार हम सभी के जीवन में खुशियां व उमंग लेकर आता है। दिल्ली की पिछली सरकारों ने सनातन से जुड़े त्योहारों को बाधित करने का काम किया है। अब दिल्ली में भाजपा की सरकार है और मुख्यमंत्री उन सभी पुरानी परंपराओं को जीवित कर उसे उल्लास के साथ मनाने का भी प्रयास कर रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आज दिव्य दीपोत्सव, एक लाख 11 हजार दीपों से जगमगाएगा कर्तव्य पथ : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली आज अपना पहला दिव्य दीपोत्सव कर्तव्य पथ पर मना रही है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को एक्स पोस्ट में कहा कि अयोध्या में जब प्रभु श्रीराम लौटे थे, दीपों से पूरी धरती जगमगा उठी थी और जब रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजे, भारत ने अपनी आत्मा को फिर से पहचान लिया। वही चेतना, वही प्रभु श्री राम का अयोध्या आगमन दिल्ली के कर्तव्य पथ पर अवतरित होने जा रही है। उन्होंने कहा कि आज कर्तव्य पथ पर 1 लाख 11 हजार दीपों की श्रृंखला, दिव्य राम कथा, भव्य ड्रोन शो और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के संग दिल्ली अपना पहला दिव्य दीपोत्सव मना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा यह उस सनातन संस्कृति का प्रतीक है, जो युगों से यह संदेश देती आई है कि ह्रराम थे, राम हैं, और राम रहेंगे ह्व उन्होंने सभी से इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज शाम 6 बजे से कर्तव्य पथ पर आप सभी का स्वागत है।

### वरिष्ठ नागरिकों को दिया जाएगा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने का प्रशिक्षण

नई दिल्ली। 'वरिष्ठ नागरिकों की डिजिटल सुरक्षाः सच के साथी' अभियान के तहत दिल्ली के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 19 अक्टूबर (रविवार) को एक वेबिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह वेबिनार गूगल अपने प्रतिष्ठित 'डिजीकवच' कार्यक्रम के अंतर्गत दैनिक जागरण और विश्वास न्यूज के सहयोग से कर रहा है। आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधी अधिकतर वरिष्ठ नागरिकों को निशाना बनाते हैं। लोगों को इस कार्यक्रम में इनसे बचने के तरीके बताए जाने के साथ ही स्कैम्स के प्रकार के बारे में भी बताया जाता है। वेबिनार में डिजिटल सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए विश्वास न्यूज के एक्सपर्ट लोगों को इस बारे में टिप्स देंगे। रविवार को होने वाले ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम में वेल बींग फाउंडेशन भी सहयोग कर रही है।

### डूसू संयुक्त सचिव के खिलाफ प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के बी. आर. अंबेडकर कॉलेज में एक शिक्षक पर हुए हमले के विरोध में शनिवार को भी विरोध-प्रदर्शन जारी रहा। समाजवादी छात्र सभा ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। संगठन के पदाधिकारी आदित्य यादव ने कहा कि किसी शिक्षक पर हाथ उठाना लोकतंत्र और शिक्षा के मूल्यों पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि एबीवीपी समर्थित डीयू छात्र संघ की संयुक्त सचिव दीपिका झा ने बिना गरिमा का ख्याल किए शिक्षक पर हमला किया जो निंदनीय है। इससे पहले डीयू प्रशासन ने इस घटना की जांच के लिए छह सदस्यीय समिति गठित की थी, जिसकी अध्यक्षता प्राणी विज्ञान विभाग की प्रोफेसर नीता सहगल कर रही हैं। समिति को दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

### टाटा नेक्सन ने बाइक और ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दो लोग घायल

नई दिल्ली। दिल्ली के बेगमपुर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार टाटा नेक्सन कार ने बाइक और ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुँचाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूचना मिलते ही जांच अधिकारी मौके पर पहुँचे और पाया कि दुर्घटना दहिया बादशाह मार्ग पर हुई थी। हादसे में शामिल वाहन—टाटा नेक्सन (संख्या डीएल11जीडी-7485), मोटरसाइकिल (संख्या डीएल8-एसएन-सी8008) और ई-रिक्शा (संख्या डीएल11एच0015टीसी)—को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नेक्सन कार के चालक ने बेगमपुर लाल बत्ती के पास अचानक बाइक को टक्कर मारी, जिससे मोटरसाइकिल आगे चल रहे ई-रिक्शा से जा टकराई। इस टक्कर में मोटरसाइकिल सवार मनोज (पुत्र पूरन दास) और ई-रिक्शा चालक राजू (पुत्र राम सेवक), दोनों निवासी दीप विहार, घायल हो गए। घटना के बाद कार चालक आदित्य (पुत्र कपिल सिंघल, उम्र 22 वर्ष) ने मानवता का परिचय देते हुए स्वयं घायलों को महाराजा अग्रसेन अस्पताल, सेक्टर-22, में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों घायलों की स्थिति स्थिर है और उनका उपचार जारी है।

# विजेंद्र गुप्ता ने 'ग्रीन दिवाली मेला 2025' का किया शुभारंभ

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने 'सम्पूर्णा ग्रीन दिवाली मेला 2025' में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए नागरिकों से 'हरी-भरी दिवाली ही खुशहाल दिवाली है' का संकल्प लेने का आह्वान किया।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस दीपावली पर प्लास्टिक का उपयोग कम करें और पर्यावरण के अनुकूल सजावट को अपनाएँ। यह कार्यक्रम दिल्ली स्थित गैर-सरकारी संगठन 'सम्पूर्णा' द्वारा महाराणा प्रताप कम्युनिटी सेंटर, सेक्टर-9, रोहिणी में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य सतत, रचनात्मक और समावेशी उत्सवों को बढ़ावा देना था।

त्योहारों का उद्देश्यः खुशी और जागरूकता

विजेंद्र गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर मेले का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने 'सम्पूर्णा' संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, 'त्योहारों का उद्देश्य खुशी फैलाना होना चाहिए, न कि पर्यावरण को नुकसान पहुँचाना।' उन्होंने जोर देकर कहा कि दिवाली, जो रोशनी का त्योहार है, वह जागरूकता का त्योहार भी बनना चाहिए, जो हमें स्वच्छ हवा, जिम्मेदार खपत और सभी के प्रति सहानुभूति की ओर मार्गदर्शन करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्यावरण की सुरक्षा एक साझा नागरिक दायित्व है, जो भारत की सतत विकास की बड़ी प्रतिबद्धता के अनुरूप है। उन्होंने नागरिकों से छोटे परंतु




प्रभावशाली कदम उठाने का आग्रह किया, जैसे कि प्लास्टिक कम करना और इको-फ्रेंडली सजावट अपनाना।

### रचनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का मिश्रण

मेले में रचनात्मकता, संस्कृति और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत मिश्रण देखने को मिला। विभिन्न आयु समूहों के प्रतिभागियों के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिन्होंने पर्यावरण के अनुकूल उत्सव के संदेश को प्रदर्शित किया:

### वरिष्ठ नागरिक कविता प्रतियोगिता (काव्य प्रतियोगिता)
### बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता

युवा और मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता

'हरी और जिम्मेदार दिवाली' थीम पर रंगोली प्रतियोगिता

इन प्रतियोगिताओं के अलावा, कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, खेलकूद और स्वयं सहायता समूहों द्वारा जागरूकता स्टॉल भी लगाए गए, जिन्होंने सततता, कचरा प्रबंधन और सामाजिक कल्याण के संदेश फैलाए। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर स्वच्छ और हरी-भरी दिवाली का संदेश और मजबूत किया गया।

### भविष्य के उत्सवों के लिए मॉडल

समारोह के समापन पर, श्री गुप्ता ने सभी आयु वर्ग के नागरिकों की जीवंत भागीदारी की सराहना की और संस्थापिका डॉ. शोभा विजेंद्र (संस्थापक और अध्यक्ष, सम्पूर्णा) की उपस्थिति को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ह्यसम्पूर्णा ग्रीन दिवाली मेलाह्ण भविष्य के उत्सवों के लिए एक मॉडल बनेगा, जो हर दिल्लीवासी को सतत प्रथाओं को अपनाने और हर त्योहार को खुशी, जिम्मेदारी और सामूहिक कल्याण के उत्सव के रूप में मनाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने सभी से बढ़-चढ़कर ग्रीन दिवाली को अपनाने और दूसरों को भी जागरूक करने का आग्रह किया।

# मेट्रो स्टेशनों पर लगीं कतारें, खचाखच भरे नजर आए कोच



नई दिल्ली। राजधानी की सभी प्रमुख सड़कों पर जाम से बचने के लिए शनिवार को लोगों ने मेट्रो का सहारा लिया लेकिन अधिकांश स्टेशनों पर यातत्रों की कतारें लगीं नजर आईं। धनतेरस के दिन लोगों में खरीदारी और त्योहार की तैयारियों का उत्साह सुबह से ही चरम पर रहा। दोपहर तक मॉल, बाजार और प्रमुख व्यावसायिक इलाकों में भारी भीड़ देखने को मिली।

दफ्तरों से जल्दी छुट्टी लेकर लोग घरों और दुकानों की ओर रवाना हुए जिससे मेट्रो में अचानक यात्रियों का दबाव कई गुना बढ़ गया। राजीव चौक, कश्मीरी गेट, केंद्रीय सचिवालय, नई दिल्ली, लक्ष्मीनगर, हौजखास और द्वारका मोड़ जैसे प्रमुख इंटरचेंज स्टेशन पर स्थिति बेहद गंभीर रही। प्लेटफार्मों पर यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं और ट्रेनों के आने पर चढ़ना मुश्किल हो गया। कई स्थानों पर यात्रियों के बीच धक्कामुक्की और अफरातफरी का माहौल बना रहा। मेट्रो की तरफ से स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया लेकिन बढ़ती भीड़ के सामने सभी इंतजाम नाकाफी साबित हुए। कई जगह ट्रेनों के प्लेटफार्म तक पहुंचने में ही लोगों को पसीना आ गया।

दीपावली पर आखिरी मेट्रो 10 बजे चलेगी : दीपावली के अवसर पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मेट्रो सेवाओं के समय में बदलाव किया है। डीएमआरसी के अनुसार, सोमवार को सभी लाइनों से अंतिम मेट्रो ट्रेन रात 10 बजे प्रस्थान करेगी जबकि सामान्य दिनों में यह सेवा रात 11 बजे तक उपलब्ध रहती है।

# सही मायने में दीवाली कैसे मनाएं : संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

नई दिल्ली। आज दीवाली का दिन है। इतिहास से हमें पता चलता है कि आज के दिन बड़े-बड़े संतों-महात्माओं के जीवन में अनेक घटनाएं हुई हैं। जैसे भगवान महावीर को निर्वाण पद की प्राप्ति आज ही के दिन हुई थी। दीवाली का दिन सिक्ख इतिहास में भी बड़ी महत्ता रखता है। छट्ठे गुरु हरगोबिन्द सिंह जी महाराज जो ग्वालियर के किले में कैद थे, आज ही के दिन वे 52 राजा-महाराजाओं के साथ रिहा हुए थे। स्वामी रामतीर्थ जी का जन्म भी दीवाली के दिन ही हुआ था। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द जी का निर्वाण भी दीवाली के दिन हुआ था और हम सब यह अच्छी तरह जानते हैं कि चौदह वर्ष के बनवास के बाद श्री रामचन्द्र जी महाराज जब अयोध्या वापिस पहुँचे तो आज ही के दिन लोगों ने दीये जलाए थे।

दीवाली खुशियों का त्यौहार है। दीवाली से कुछ दिन पहले हम अपने घरों की साफ-सफाई करते हैं और दीवाली के दिन घर की सजावट कर दीये जलाते हैं। इस मौके पर सभी लोग पटाखे जलाकर अपनी खुशी व्यक्त करते हैं। अपने घर की सफाई के दौरान हम उन चीजों को बाहर निकालते हैं जो हमारे लिए उपयोगी या लाभदायक नहीं होतीं। अगर हम अपने साथ बहुत सा अनावश्यक सामान ढोते फिर रहे हैं या उन चीजों की ओर ध्यान देने में अपना समय बर्बाद कर रहे हैं जो हमें कोई लाभ नहीं पहुँचातीं तो इसका मतलब यह है कि हम ऐसी ज़िंदगी जी रहे हैं जो हमें अपने जीवन के वास्तविक लक्ष्य जोकि अपने आपको जानना और पिता-परमेश्वर



को पाना है, को पाने में मददगार नहीं है। ऐसा जीवन जिसमें कि हमारा अपने जीवन लक्ष्य के प्रति कोई ध्यान न हो तो ऐसी अवस्था में हमारे अंदर हर वक्त एक संघर्ष चलता रहता है, जिसमें एक ओर हमारा मन इस बाहरी संसार में लिप्त रहना चाहता है तो दूसरी ओर हमारी आत्मा अंतर में परमात्मा को पाना चाहती है। हमारी आत्मा मन द्वारा उत्पन्न गंदगी को साफ करने की कोशिश करती रहती है लेकिन जैसे ही आत्मा हमारे विचारों, वचनों और कार्यों की गंदगी को साफ करती है, वैसे ही हमारा मन और अधिक गंदगी पैदा कर देता है। मन किस प्रकार की गंदगी उत्पन्न करता है? हमारा मन इन पाँच चोरों काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार की मदद से हमारे अंदर गंदगी पैदा करता है। यही पाँचों चोर हमारे विचारों, वचनों और कार्यों द्वारा हमें कर्मों के बंधन में फंसाते हैं। जब हम अंतर में ध्यान टिकाकर अपने मन को शांत करने की कोशिश करते हैं तो इन पाँच चोरों से संबंधित विचार हमारे ध्यान को एकाग्र नहीं होने देते। कई बार जब हम ध्यान-अभ्यास के दौरान अपने मन को स्थिर करने का प्रयास करते हैं तो क्रोध संबंधी विचार हमारे ध्यान को भटकाने लगते हैं। ये क्रोधपूर्ण विचार हमारे मन में घूमते रहते हैं और हम आंतरिक दिव्य प्रकाश पर ध्यान टिकाने के बजाय इन्हीं विचारों को सोचने में लग जाते हैं। बहुत सी बार ध्यान एकाग्र करने के बजाय हम यह सोचने लगते हैं कि हम भी वह सब कुछ कैसे पा सकते हैं जो दूसरों के पास हैं? क्योंकि हमारा मन हमें लोभ में फंसा देता है, जिससे कि हम अपने ध्यान को अंतर में एकाग्र नहीं कर पाते। जब हम ध्यान-अभ्यास में बैठते हैं तो कई बार ऐसा भी होता है कि हमें उन लोगों या चीजों का भी ख्याल आने लगता है जिनसे हम मोह करते हैं। ध्यान-अभ्यास के दौरान ऐसा भी होता है जब हम यह सोचने लगते हैं कि हम दूसरों से ज्यादा खूबसूरत, ज्यादा बुद्धिमान या ज्यादा ताकतवर हैं। ऐसे में हम ध्यान टिकाने की बजाय अपने आपके बारे में सोचने लग जाते हैं। आत्मा, हमारे मन के इन सभी विचारों से साफ होना चाहती है। वह अंतर में प्रभु की ज्योति पर ध्यान टिकाने की कोशिश करती है लेकिन हमारा मन बहुत ही ताकतवर है। जो हर वक्त हमारी आत्मा को मैला करता जा रहा है? ऐसी अवस्था में हमारी आत्मा को मदद की जरूरत है।

### 'सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा रेलवे'

नई दिल्ली। रेलवे ने सोशल मीडिया पर रेलवे से संबंधित भ्रामक वीडियो प्रसारित कर यात्रियों में भ्रम और असंतोष फैलाने की कोशिश करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा है कि ऐसे लोगों को खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेलवे की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि रेलवे प्रशासन ने रेलवे से जुड़े भ्रामक वीडियो साझा करने वाले सोशल मीडिया हैंडल्स के खिलाफ सख्त कदम उठाने जा रहा है। इस त्योहार के सीजन में कुछ सोशल मीडिया हैंडल्स पर पुरानी या भ्रामक वीडियो वायरल कर यात्रियों में भ्रम और असंतोष फैलाया जा रहा है। रेलवे प्रशासन ने कहा कि अब तक 20 से ज्यादा ऐसे सोशल मीडिया हैंडल्स की पहचान कर प्राथमिकी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। रेलवे द्वारा सोशल मीडिया पर 24 घंटे निगरानी कर ऐसे असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। रेलवे ने सभी सोशल मीडिया यूजर से अपील की है कि बिना तथ्यों की जांच किए स्टेशनों पर भीड़भाड़ तथा अन्य वीडियो को साझा करने से बचें। इसके साथ ही रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वह केवल आधिकारिक रेलवे नोटिफिकेशन और आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब @ रेलमिनइंडिया पर ही भरोसा करें।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने सीआरपीएफ कर्मी की बर्खास्तगी रद्द की

नई दिल्ली। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक कर्मी की बर्खास्तगी को बहाल करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि बर्खास्तगी से कर्मी का परिवार अस्त-व्यस्त हो जाता है ओर उसके आजीविका का स्रोत ठप हो जाता है। न्यायमूर्ति सी हरिशंकर और ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने कहा कि बर्खास्तगी कोई नियमित कदम नहीं है। एक सीआरपीएफ कर्मचारी की बर्खास्तगी को रद करते हुए पीठ ने उसे तत्काल बहाल करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि सेवा से बर्खास्तगी एक अतिवादी कदम है। सीआरपीएफ कर्मी को अधिकारियों ने तीन आरोपों के आधार पर सेवा से बर्खास्त कर दिया था। इसमें अपनी पहली शादी के रहते दूसरी महिला से शादी करना, नियोक्ता को पूर्व सूचना दिए बिना शादी करना और औपचारिक रूप से गोद लेने से पहले ही अपनी दूसरी पत्नी की बेटी की देखभाल के लिए चाइल्ड केयर भत्ता प्राप्त करना। हालांकि, पीठ ने कहा कि तथ्यों पर आधारित यह दावा बर्खास्तगी आदेश में दर्ज किया गया है और इसे गलत नहीं माना गया है। अनुशासनात्मक प्राधिकारी ने इस दावे की सत्यता या प्रमाण पर संदेह नहीं किया है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता का दूसरी पत्नी के साथ विवाह एक सद्भावनापूर्ण विवाह था क्योंकि पहली पत्नी के साथ उसका पिछला विवाह कम से कम याचिकाकर्ता की धारणा में ग्राम पंचायत की उपस्थिति में स्टाम्प पेपर के माध्यम से भंग हो गया था। ऐसी परिस्थितियों में याचिकाकर्ता को सेवा से बर्खास्त करना अदालत की राय में अनुचित होगा।

### पटना-दिल्ली के बीच चलेगी सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे की ओर से पटना और दिल्ली के बीच अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से सुपरफास्ट एसी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 02309/02310 राजेंद्र नगर टर्मिनल-आनंद विहार टर्मिनल-राजेंद्र नगर टर्मिनल सुपरफास्ट एसी फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस 20 अक्तूबर से 15 नवंबर तक चलेगी। रेलवे के अनुसार, राजेंद्र नगर टर्मिनल से चलने वाली ट्रेन संख्या 02309 कुल 12 फेरों में 20 अक्तूबर से 14 नवंबर तक चलेगी जबकि आनंद विहार टर्मिनल से वापसी करने वाली ट्रेन संख्या 02310 21 अक्टूबर से 15 नवंबर तक 12 फेरे पूरी करेगी। ट्रेन 02309 राजेंद्र नगर टर्मिनल से रात 11:05 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 8:40 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। इसका ठहराव पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज और गोविंदपुरी पर रहेगा। वहीं, ट्रेन 02310 आनंद विहार टर्मिनल से सुबह 10 बजे रवाना होकर अगले दिन शाम 4 बजे राजेंद्र नगर टर्मिनल पहुंचेगी। यह पूरी तरह एसी कोचों से सुसज्जित सुपरफास्ट ट्रेन होगी।

### उदयपुर सिटी-सराय रोहिल्ला के बीच विशेष ट्रेन सेवा

नई दिल्ली। उदयपुर सिटीझ्रदिल्ली सराय रोहिल्लाझ्रउदयपुर सिटी के बीच विशेष ट्रेन सेवा शुरू की गई है। यह ट्रेन सीमित तिथियों पर संचालित होगी ताकि दीपावली और छठ के दौरान यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा दी जा सके। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 09601/09602 फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस दो-दो फेरों में चलेगी। उदयपुर सिटी से सराय रोहिल्ला के लिए 26 अक्तूबर और सराय रोहिल्ला से उदयपुर सिटी के लिए 19 अक्तूबर व 27 अक्तूबर को ट्रेन का संचालन होगा। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी जिनमें अजमेर, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी, गुरुग्राम और दिल्ली कैंट जैसे स्टेशन शामिल हैं। इसमें एसी, स्लीपर और जनरल कोच की व्यवस्था की गई है ताकि सभी वर्गों के यात्रियों को यात्रा में सुविधा मिल सके।

### अरबिंदो कॉलेज ने मनाया दीपावली मंगल मिलन समारोह व मेल

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध श्री अरबिंदो कॉलेज ने बृहस्पतिवार को कॉलेज प्रांगण में दीपावली मंगल मिलन समारोह व दीपावली मेले का भव्य आयोजन किया जिसमें छात्र, शिक्षकों व कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कॉलेज की विभिन्न सोसायटियों के छात्रों ने मिलकर तरह-तरह की स्टालों के माध्यम से इस पर्व को अत्यंत हर्षोल्लास, सौहार्द और पारिवारिक वातावरण में तैयार कर सबका मन मोह लिया। एनएसएस, इनेक्ट्स, एस्थेटिका के अतिरिक्त कई सोसायटी के छात्र- छात्राओं ने मिलकर महिलाओं के पहनने के आभूषण, मेहंदी लगाने, ग्रीन ग्लो, हाथों से बनाए दीये, लिम्पन आट्र्स, ऑर्गेनिक कप प्लेट्स के अलावा मुख्य आकर्षण सभी राज्यों का दीपावली पर लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक व ग्रीन दीपावली मनाई। साथ ही गरीब बच्चों व उनके परिवार के लिए छात्र अपने घरों से कपड़े डोनेशन के लिए लेकर आएं थे जिसे जल्द ही झुग्गी बस्तियों में वितरित किया जाएगा। दीपावली मंगल मिलन समारोह व मेले का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण चौधरी ने किया। इस अवसर पर सोसाइटी के पदाधिकारी, कॉलेज छात्र संघ अध्यक्ष श्री मोहित यादव की टीम के अलावा मीडिया संयोजक डॉ. हंसराज सुमन, प्रो. राजीव अग्रवाल, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. संगीता कौल, प्रो. मीता माथुर, डॉ. विनय भारद्वाज, प्रो. अमित झा, डॉ. हेमा नागपाल, डॉ. आकृति सैनी, डॉ. प्रियंका बेदी, डॉ. वंदना मुंजाल, डॉ. कीर्ति यादव, डॉ. शौरभ कुमार, डॉ. सोनिया लोहिया, डॉ. मिन्नी नारंग, डॉ. पी.पी. सिंह आदि शिक्षक व छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। दीपावली मेले के उद्घाटन अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. अरुण चौधरी ने कहा कि दीपावली मेला हमें प्राचीन भारतीय संस्कृति व पर्वो की याद दिलाता है। दीपावली मेला जैसे आयोजनों से समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। दीपावली जैसे पर्व हमें सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। दीपों का यह त्यौहार हमारी प्राचीन भारतीय परंपरा से जुड़ा हुआ है, इस दिन मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम अयोध्या लौटे थे तो सभी ने मिलकर खुशियां मनाई। इसलिए यह पर्व हमें अपनी पीढ़ियों से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में पहली बार हमारे शिक्षकों व छात्र संघ ने दीपावली के पर्व को साथ मिलकर मनाने का संकल्प लिया है जिसे हर वर्ष मनाया जाएगा।

**पहल** केदारनाथ यात्रा में 'महाबदलाव का द्योतक बनेगा अदाणी समूह

# अदाणी समूह बनाएगा देश का पहला 3एस ट्राइ-केबल रोपवे

देहरादून/ नई दिल्ली। बाबा केदारनाथ यात्रा की यात्रा अब काफी आसान होने जा रही है। अदाणी समूह लगभग 9 किमी लंबा रोपवे बना रहा है। इसे लेकर चेयरमेन गौतम अदाणी ने एक वीडियो पोस्ट कर परियोजना की जानकारी दी है।

केदारनाथ यात्रा लाखों हिंदुओं की आस्था का केंद्र है, लेकिन कठिन रास्ता, अप्रत्याशित मौसम और लंबा समय बड़ी चुनौती है। अदाणी समूह आस्था को सुविधाओं से जोड़ने के लिए सोनप्रयाग-केदारनाथ के बीच रोपवे बना रहा है. यह रोपवे लगभग 9 किमी लंबा होगा। रोपवे से यात्रा अधिक सुरक्षित, तेज और आरामदायक बनेगी, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए.



परियोजना से पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। पर्वतीय पारिस्थितिकी संवेदनशील होने के बावजूद, समूह प्रकृति-संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है ताकि आस्था और प्रकृति में संतुलन बना रहे, और विरासत सशक्त हो।

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने इंस्टाग्राम पोस्ट में एक वीडियो शेयर करते हुए इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी है। साथ ही उन्होंने लिखा केदारनाथ धाम की कठिन चढ़ाई अब आसान होगी। अदाणी समूह श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल और सुरक्षित बनाने के लिए यह रोपवे बना रहा है। इस पुण्य कार्य का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है। महादेव सब पर अपनी कृपा बनाए रखें. जय बाबा केदारनाथ!

करीब एक महीने पहले अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड) को सोनप्रयाग से केदारनाथ तक रोपवे परियोजना के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन लिमिटेड (ठलछटछ) से लेटर ऑफ अवार्ड (छङ्गअ) प्राप्त हुआ है। यह परियोजना 12.9 किलोमीटर लंबी होगी और इसमें 36 मिनट का समय लगेगा, जबकि वर्तमान में इस यात्रा में 8-9 घंटे लगते हैं। कंपनी अब इस परियोजना के लिए ग्राउंड पर काम करने लगी है।

क्या लाभ होगा?

मौजूदा 8-9 घंटे की यात्रा समय घटकर लगभग 36 मिनट रह जाएगा।

हर घंटे प्रति दिशा में लगभग 1,800 यात्री यात्रा कर सकेंगे। केबिन में लगभग 35 सीटें होंगी, जिससे आरामदायक यात्रा संभव होगी। यह भारत का पहला 3एस ट्राइ-केबल रोपवे होगा, जो उन्नत वैश्विक तकनीक पर आधारित है।

### परियोजना की विशेषताएं

इस परियोजना की विशेषता है इसकी उच्च क्षमता, जो प्रति घंटे 1,800 यात्रियों को ले जाने में सक्षम होगी। इससे केदारनाथ में आने वाले लगभग 20 लाख तीर्थयात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी. परियोजना का निर्माण 6 वर्षों में पूरा होगा और अडाणी एंटरप्राइजेज द्वारा इसका संचालन 29 वर्षों तक किया जाएगा।

12.9 किलोमीटर लंबी रोपवे परियोजना परियोजना का निर्माण 6 वर्षों में पूरा होगा। संचालन 29 वर्षों तक अडाणी एंटरप्राइजेज द्वारा किया जाएगा पर्वतमाला परियोजना का हिस्सा

यह परियोजना राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम पर्वतमाला परियोजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य देश में रोपवे नेटवर्क को विकसित करना है। इस परियोजना से न केवल तीर्थयात्रियों को सुविधा होगी, बल्कि क्षेत्र में रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

केदारनाथ तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा आसान और सुरक्षित होगी।

परियोजना से क्षेत्र में रोजगार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम रोजगार बढ़ेगा।

अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा कि केदारनाथ रोपवे सिर्फ एक इंजीनियरिंग परियोजना नहीं है, बल्कि भक्ति और आधुनिक बुनियादी ढांचे के बीच एक सेतु है।

P-04:28 paga09_jhn.qxd 10/18/2025 7:57 PM Page 1



# जींद: धनतेरस पर बाजार में उमड़ी भीड़, जमकर हुई खरीददारी



**उत्तम भारत संवाददाता, जींद।** धनतेरस पर्व पर शनिवार को शहर में जमकर खरीददारी हुई। सुबह ही दुकानदारों ने पर्व को देखते हुए अपनी दुकानों को जल्दी खोल दिया और ग्राहक भी बाजार पहुंचना शुरू हो गए। शहर का मुख्य बाजार में पैर रखने तक की जगह नही थी। शहर में आए लोगों ने ज्वैलरी, वाहन और इलेक्ट्रोनिक उत्पादों की खरीद की। लोगों ने सेल के माध्यम से ब्रांडिड आइटमों की खरीददारी की। इसके साथ ही महिलाओं ने स्टील के बर्तनों, रसोई सामान, कपड़े तथा अन्य सजावटी सामान खरीदा। शहर में लगभग पांच दर्जन से अधिक बर्तनों की दुकानें हैं।

धनतेरस पर लोगों ने रसोई के सामान की जमकर खरीदारी की है। ज्वैलर्स प्रदीप भोला ने बताया कि दीपावली पर्व पर सोने तथा चांदी के सिक्कों की खरीद की जाती है। इस बार लोग सोने की बजाए चांदी के आइटमों को ज्यादा तवज्जो दी। चांदी के लक्ष्मी व गणेश की मूर्तियों की सेल ज्यादा रही है। वहीं बाजार में पांच ग्राम के सिक्के भी उपलब्ध रहे। उन्होंने बताया कि जींद के सरार्फा बाजार आसपास जिलों में अच्छी-खासी पहचान रखता है। यहां हरियाणा के अलावा पंजाब व हिमाचल प्रदेश से भी आकर लोग सोने के आभूषणों की खरीददारी करते हैं।

जींद सरार्फा बाजार में छोटी-बड़ी 225 दुकानें हैं। धनतेरस त्योहार पर लोगों ने चांदी के सिक्कों, चांदी के नोट, बिस्कुट, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों की खरीददारी की है। बाजार में हिसार, कैथल, गुहला चीका, खनौरी जैसे प्रदेश के अनेक क्षेत्रों के अलावा पंजाब व दिल्ली में भी जींद में तैयार होने वाले स्पेशल सोने के आभूषणों की अछी-खासी मांग रहती है।

खास बात यह है कि इस बार लोग हॉल मार्का को तवज्जो देते हुए बिल भी मांग रहे हैं। वहीं धनतेरस पर इलेक्ट्रोनिक्स दुकानों पर भी लोगों की भारी भीड़ रही। शहर में इलेक्ट्रोनिक्स की लगभग 100 मुख्य दुकानें हैं। मंगलवार को लोगों ने विभिन्न कंपनियों के टीवी, फ्रिज, एलईडी, वाशिंग मशीन, लेपटॉप आदि की खरीददारी में दिलचस्बी दिखाई। इसके अलावा दीपावली पर्व पर मिठाई की बजाए ड्राई फ्रूट्स की धूम रही। जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन खरीदी गई वस्तु ज्यादा दिनों तक टिकेगी। वस्तु घर में शुभ प्रतीक होगा। धनतेरस के दिन की खरीददारी घर में सुख, समृद्धि का प्रतीक मानी जाती है।

# सिरसा: धनतेरस पर बाजारों में उमड़ी ग्राहकों की भीड़

**सिरसा।** सिरसा जिले में धनतेरस पर ग्राहकों की भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी। त्यौहार का उल्लास लोगों के चेहरों पर दिखाई दिया। शनिवार को धनतेरस पर्व पर बर्तन व आभूषण खरीदने को लेकर लोगों की भारी भीड़ रही। महिलाओं ने घरों में इस्तेमाल किए जाने वाले बर्तनों की खरीददारी के अलावा पूजा में इस्तेमाल किए जाने वाले सामान की खरीददारी की।

धनाढ्य वर्ग के साथ-साथ मध्यम वर्गीय परिवारों ने भी ज्वैलर्स शॉप से अपने सामर्थ्य अनुसार सोने-चांदी के आभूषणों की खरीद की। जबकि अनेक ने चांदी के सिक्के खरीदने में दिलचस्पी दिखाई। दीपावली पर्व को लेकर सिरसा के बाजारों में मिष्ठान भंडार के अलावा अन्य ने भी विशेष काऊंटर लगाकर बिक्री की। चौक-चौराहों पर भी मिट्टी के दीए, गुब्बारे व खिलौने बेचने वाले मौजूद रहे। इलेक्ट्रोनिक शोरूम पर भी लोगों की भारी भीड़ रही। लोग विभिन्न प्रकार के उपकरणों की खरीद में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। वहीं दुपहिया वाहन तो जगह-जगह शोरूम से बाहर सजाए गए हैं। इलेक्ट्रिक स्कूटी को लेकर बच्चों में बेहद चाव देखा गया। मोबाइल शॉप ही नहीं बल्कि बिजली आधारित लड़ियां, बल्ब व सजावटी सामान की खरीददारी में भी लोगों ने खूब दिलचस्पी दिखाई। धनतेरस को लेकर बाजारों में जाम की स्थिति पैदा न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। विभिन्न चौकों पर ट्रेफिक पुलिस कर्मी तैनात रहे और उन्होंने यातायात को व्यवस्थित किया। भीड़ अवश्य रही लेकिन कहीं भी जाम जैसी स्थिति नहीं देखी गई। ट्रेफिक पुलिस की ओर से कई बाजारों में वन-वे ट्रेफिक किया हुआ था, जिससे राहत मिली।

# पानीपत में पुलिस ने हत्या के आरोप में तीन को पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत पुलिस टीम ने देशराज कॉलोनी निवासी सद्दाम उर्फ काला की सिर में बोतल व ईट मारकर हत्या करने के तीन आरोपियों को काबू किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप व उनकी टीम ने शुक्रवार की रात को दबिश देकर तीन आरोपियों दीनानाथ कॉलोनी निवासी बृजपाल, बिल्लू कॉलोनी निवासी कृष्ण व राजीव कॉलोनी निवासी सम्राट को बिचपड़ी रोड पर अयोध्या टावर के पास से काबू किया। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

आरोपी बृजपाल देशराज कॉलोनी में फैक्टरी में ठेकेदारी का काम करता है। आरोपी कृष्ण फैक्टरी में उसके पास काम करता है। आरोपी सम्राट अन्य फैक्टरी में काम करता है। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया वह तीनों 16 अक्तूबर की रात फैक्टरी के सामने बंद पड़ी फैक्टरी के गेट के पास बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे। इसी बीच देशराज कॉलोनी निवासी सद्दाम स्कूटी पर सवार होकर वहा आया और उन्हें गाली गलौच करने लगा। सद्दाम को वह तीनों पहले से जानते थे। पहले इसी फैक्टरी में काम करता था।

अब हनुमान कॉलोनी में फैक्टरी में काम कर रहा था। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया उन तीनों ने सद्दाम को गाली गलौच करने से मना किया और उसके साथ कहासुनी व हाथापाई हो गई। कहासुनी में कृष्ण ने सद्दाम के सिर पर बोतल मारी और उन्होंने सिर व मुंह पर ईट मारी। सद्दाम की हत्या के बाद वह चारों मौके से फरार हो गए थे। उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों को शनिवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद करने का प्रयास करेगी।

## समाचार

# पानीपत में चोरी का आरोपी गिरफ्तार, तीन लैपटॉप बरामद

**पानीपत।** पानीपत थाना चांदनी बाग पुलिस ने सनौली रोड घूप सिंह नगर में फैक्टरी से लैपटॉप चोरी करने वाले आरोपी को सेक्टर 25 में दशहरा ग्राउंड से काबू किया। आरोपी चोरी के लैपटॉप को बेचने की फिराक में घूम रहा था। आरोपी की पहचान विद्यानंद कॉलोनी निवासी रतन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के तीन लैपटॉप बरामद किए है। थाना चांदनी बाग प्रभारी सब इंस्पेक्टर गौरव ने बताया कि थाना चांदनी बाग पुलिस की टीम को शुक्रवार रात को गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि सेक्टर 25 स्थित दशहरा ग्राउंड में एक संदिग्ध किस्म का युवक लैपटॉप लेकर घूम रहा है। लैपटॉप चोरी के होने की संभावना है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर दबिश देकर युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान विद्यानंद कॉलोनी निवासी रतन के रूप में बताई। युवक के पास डेल व एचपी कंपनी के तीन लैपटॉप मिले। लैपटॉप बारे पूछताछ करने पर युवक बहाने बाजी करने लगा। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने लैपटॉप अगस्त माह में रात के समय सनौली रोड पर घूपसिंह नगर में एक फैक्टरी से चोरी करने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में सेक्टर 18 निवासी देवेंद्र खुराना पुत्र मोहिंद्र खुराना की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। प्रभारी सब इंस्पेक्टर गौरव ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। नशे की लत पूरी करने के लिए पैसों की जरूरत पड़ी तो उसने फैक्टरी से लैपटॉप चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया शनिवार को पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।

# मारपीट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** न्यू जनता कॉलोनी में अपहरण कर मारपीट करने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी हर्ष भड़ाना पाली का रहने वाला है। न्यू जनता कॉलोनी निवासी गौरव ने थाना सारन में दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 19 सितंबर की शाम को बाइक पर पांच लड़के आए और उसे जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर गुरुग्राम पहाड़ी पर हनुमान मंदिर से पहले जंगल में ले गए। आरोपियों ने वहां उसके साथ मारपीट की। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने कार्रवाई करते हुए हर्ष भड़ाना को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया है कि हर्ष भड़ाना मुख्य आरोपी हिमांशु का साथी है, जिसको हिमांशु मारपीट के लिए साथ लाया था। इन्होंने गुरुग्राम रोड पहाड़ पर जंगल में ले जाकर शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की थी। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। हिमांशु व अन्य को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

# नैन चौक के पास पुलिस ने पकड़ीं शराब की 222 पेटियां

**फरीदाबाद।** जवाहर कॉलोनी स्थित नैन चौक के पास से पुलिस ने शराब और बियर की 222 पेटियों को बरामद किया है। ठेके के सामने पेटियों को टाइल्स के गोदाम में छिपाकर रखा हुआ था। दिवाली के मद्देनजर पुलिस की टीमों ने जांच अभियान चलाया हुआ है। पुलिस को सूचना मिली थी कि नैन चौक के पास बने शराब के ठेके के सामने शराब की पेटियां छिपाई गई हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और टाइल्स के बीच में छिपाई गईं ब्रांडेड शराब की 222 पेटियां बरामद कीं। बरामद की गईं शराब में टीचर, ब्लैक डॉग, ऑफिसर ब्लू के साथ बियर की पेटियां शामिल हैं। पेटियां आदित्य सिंगल मार्बल टाइल्स नाम के गोदाम के बेसमेंट में टाइल्स के बीच में छिपाई गई थीं। यह कार्रवाई शुक्रवार रात की गई। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि इन शराब की पेटियों को दिवाली के बाद गुजरात भेजने की तैयारी थी। बताया जा रहा है कि शराब को यहां अस्थायी रूप से स्टॉक करके रखा गया था, ताकि त्योहारी सीजन के बाद तस्करी की जा सके। वहीं, पुलिस की ओर से गोदाम मालिक से पूछताछ की जा रही है।

# वाहन चालकों के मनमाने किराये ने लोगों की जेब ढीली की

**-धनतेरस के दिन ऑटो और टैंपो समेत कई निजी वाहन चालकों ने वसूला दो से तीन गुना किराया**

**फरीदाबाद।** धनतेरस के दिन शहर के ऑटो और टैंपो समेत कई निजी वाहन चालकों ने त्योहार का फायदा उठाते हुए लोगों से मनमाना किराया वसूला। इनमें शहर के प्रमुख चौराहों नीलम चौक, बीके चौक और कई अन्य चौराहों से लेकर जिले के दोनों रेलवे स्टेशन के पास यही आलम रहा। वाहन चालकों के मनमाने किराये ने लोगों की जेब ढीली कर दी। विशेषकर रेलवे स्टेशनों को पहुंच रहे और वहां से निकल रहे यात्रियों को यह समस्या अधिक झेलनी पड़ी। इनमें लोगों के साथ कुछ सामान होने के कारण पैदल चलना मुश्किल था। ऐसे में उन्हें मजबूरन आम किराये की जगह दो और तीन गुना किराया देना पड़ा। लोगों ने बताया कि आम दिनों में जहां 20-30 रुपये लिए जाते थे। वहीं, धनतेरस के दिन ऑटो और टैंपो चालक 50-60 रुपये वसूल रहे हैं। साथ में बैग होने के कारण जल्दबाजी में मजबूरन ज्यादा किराया देना पड़ रहा है।

# ओल्ड फरीदाबाद रेलवे रोड पर लगा जाम

**-स्टेशन से निकल रहे लोग और जलभराव बनी वजह**

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद रेलवे रोड पर शनिवार को धनतेरस के दिन भीषण जाम लगा रहा। दोपहर के समय सड़क पर सभी गाड़ियां रेंगती हुई नजर आईं। इसका प्रमुख कारण रेलवे स्टेशन से निकल रहे लोग और पूरी सड़क पर फैला हुआ पानी रहा। पानी की वजह से एक छोर से लोग दूसरे छोर पर जाने में समय लग रहा था। ऐसे में देखते ही देखते सड़क पर गाड़ियों की लाइन लग गई। इस जाम के चलते न सिर्फ वाहन चालकों बल्कि पैदल यात्रियों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क की हालत के बारे में सभी को पता है। साथ ही त्योहार भी है तो ऐसे में प्रशासन को पहले से कड़े कदम उठाने चाहिए थे।

# भीड़ व मॉब के अंतर को समझकर निपटें पुलिस कर्मचारी

● पुलिस महानिदेशक ने धरने-प्रदर्शनों से निपटने को जारी किए निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह ने प्रदेश के सभी पुलिस कर्मचारियों को भीड़ व मॉब के बीच का अंतर समझकर धरने-प्रदर्शनों से निपटने के निर्देश जारी किए हैं। पुलिस महानिदेशक ने राज्य के सभी पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा है कि अहिंसक धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रोष मार्च इत्यादि प्रजातंत्र की व्यवस्था हैं। लाठी-डंडा अंग्रेजों की भाषा थी। निरंकुश तंत्र था। शोषण में जुटे थे। लोगों के समूह को खतरनाक समझते थे। सबक सिखाने के लिए जलियांवाला बाग कांड तक कर गए। डीजीपी ने कहा कि उन्होंने पुलिस अकादमी निदेशक को कहा है कि वह कर्मचारियों के लिए प्रोटेस्ट क्राउड मैनेजमेंट पर एक शॉर्ट-टर्म कोर्स डिजाइन करें। इससे आप सीख पायेंगे कि 'क्राउड' और 'मॉब' में क्या फर्क.है, कैसे एक उत्तेजित भीड़ को शांत किया जा सकता है। वर्तमान परिवेश में पुलिस कर्मियों को क्राउड (भीड़) और मॉब (उपद्रवी भीड़) के बीच का अंतर समझना होगा। डीजीपी ने विधि-व्यवस्था के संचालन में लगे पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को लिखा है कि भारत में बहु-पार्टी लोकतांत्रिक शासन-व्यवस्था है। स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के माध्यम से चुने गए प्रतिनिधि सत्ता पक्ष और विपक्ष के रूप में जनता की जरूरतों और दिक्कतों को विभिन्न माध्यमों से प्रकट करते हैं। इन्हीं के आधार पर नीतियां बनती हैं और सरकारी कार्यक्रमों के माध्यम से जिले में तैनात अधिकारी इन नीतियों को लागू करते हैं। उन्होंने जोर दिया कि इन सभी कार्यों का उद्देश्य हमेशा जन-कल्याण होता है। युवा-बहुल्य भारत में बात-बात पर बल-प्रयोग कोई बुद्धि की बात नहीं है। ये हमारे नागरिक हैं। इन्हें नियम के अनुसार चलने के प्रेरित-प्रशिक्षित करना हमारा ही काम है। डीजीपी ने कहा है कि बेहतर होगा कि आप खेल-कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से नियमित क्राउड-होस्टिंग करें। इससे आप युवाओं से जुड़ेंगे, उन्हें सही रास्ते चलने के लिए प्रेरित कर पायेंगे। इससे आपको भीड़ के संरचना और स्वभाव के बारे में भी फर्स्ट-हैंड पता चलता रहेगा। समाज में सकारात्मक प्रभाव रखने वाले लोगों से गठजोड़ बनेगा। व्यवस्था सुचारू रखने में सहायता मिलेगी। आपराधिक प्रवृत्ति के मतलब-परस्त लोग अपनी स्वार्थ-पूर्ति के लिए अक्सर इन प्रजातांत्रिक व्यवस्थाओं का दुरुपयोग करते हैं। लोगों को बहकाकर तोड़ फोड़ और आगजड्डी पर उतर आते हैं। कभी-कभी इनके तार दुश्मन देशों से भी जुड़े होते हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों की पहचान करें। इनकी आपराधिक गतिविधियों को उजागर करें और इन्हें जेल से बाहर आने ही ना दें। डीजीपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि उनका काम विधि अनुसार व्यवस्था बनाये रखनी है ताकि गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा दूर करने और जन-कल्याण के अन्य कार्य में लगा तंत्र अपना काम निर्बाध करता रहे।

# जींद : पुलिस ने जरूरतमंदों के साथ मनाया दीपावली पर्व

**जींद।** सभी उप पुलिस अधीक्षकों सहित सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने इलाका क्षेत्रों में अनाथालयों, वृद्धाश्रमों व झुग्गी बस्तियों में पहुंच कर शनिवार को जरूरमंदों को दीपावली की सौगातें दी। दीपों का पर्व दीपावली केवल रोशनी का नही बल्कि प्रेम, करुणा और मानवीय संवेदना का प्रतीक है। इसी भावना को साकार करते हुए पुलिस परिवार ने पूरे जिले में खुशियों की दीपावली मनाई।

उप पुलिस अधीक्षक जींद संदीप कुमार, उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा, उप पुलिस अधीक्षक सफीदों गौरव शर्मा व उप पुलिस अधीक्षक उचाना संजय कुमार सहित सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में अनाथालयों, वृद्धाश्रमों और झुग्गी, झोपड़ियों का दौरा करके जरूरतमंद बच्चों, बुजुर्गों व परिवारों के साथ दीपावली की खुशियां सांझा की। मिठाइयां, कपड़े, दीपक और उपहार वितरित किए। साथ ही सभी को सुरक्षित, नशामुक्त और पर्यावरण संवेदनशील दीपावली मनाने का संदेश दिया।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि दीपावली का असली अर्थ तभी पूरा होता है, जब हमारी रोशनी किसी और के जीवन का अंधकार मिटाए।

जींद पुलिस का हर जवान समाज के प्रति संवेदनशील हैए और यह पहल उसी भावना का प्रतीक है। थाना स्तर पर आयोजित इन मानवीय गतिविधियों के दौरान सभी थाना प्रभारियों ने स्थानीय नागरिकों को भी प्रेरित किया कि वे पटाखों के स्थान पर जरूरतमंदों की मदद करें और अपने आसपास सफाई व पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।

# दिवाली पर बरतें सुरक्षा और सावधानी : स्वास्थ्य विभाग

● हार को हर्षोल्लास के साथ-साथ पूरी सुरक्षा और सावधानी से मनाने की अपील

**फरीदाबाद।** दिवाली को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट हो चुका है। इसी कड़ी में उपायुक्त ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य विभाग की ओर से दिवाली के अवसर पर सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे त्योहार को हर्षोल्लास के साथ-साथ पूरी सुरक्षा और सावधानी से मनाएं। पटाखों और दीयों के उपयोग के दौरान लापरवाही से दुर्घटनाएं हो सकती हैं, जिससे जन-धन की हानि संभव है।

**प्रशासन की तरफ जारी की गई एडवाइजरी**

सभी नागरिक केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही अच्छे गुणवत्ता वाले विशेष रूप से पर्यावरण-अनुकूल (ग्रीन) पटाखे खरीदें। पटाखे जलाने से पूर्व उनके दिशा-निदेर्शों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और केवल खुले स्थानों में इमारतों से दूर पटाखे फोड़ें। अग्निशमन यंत्र व पानी पास में रखें और पटाखे जलाते समय दस्ताने, जूते और सुरक्षात्मक चश्मा अवश्य पहनें। ढीले या सिंथेटिक कपड़ों से परहेज करें। पालतू जानवरों, छोटे बच्चों को पटाखों से दूर रखें और शोर-प्रदूषण संबंधी नियमों का पालन करें। प्रयोग किए गए पटाखों का उचित तरीके से निस्तारण करें। यदि किसी को चोट या जलन होती है, तो प्राथमिक उपचार के रूप में ठंडा पानी डालें, एंटीसेप्टिक लगाएं और आवश्यकता होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल से संपर्क करें। किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 112 पर कॉल करें।

# राज्यस्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप में जिले के नाम रहे नौ पदक

**फरीदाबाद।** गुरुग्राम में शुक्रवार को संपन्न हुई सीबीएसई राज्यस्तरीय नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में फरीदाबाद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल नौ पदक अपने नाम किए। इनमें दो स्वर्ण पदक, दो रजत और पांच कांस्य पदक शामिल रहे। यह सभी पदक स्केटिंग के विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों के नाम रहे। इनमें अंडर-17 के दक्ष भाटी ने लैप रेस में एक स्वर्ण और ट्रैक रेस में एक रजत पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में शहर के अंडर-9 से लेकर अंडर-17 तक के बालक और बालिका दोनों वर्गों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। वहीं, अन्य खिलाड़ियों में निवान ने अंडर-9 में टाइम ट्रायल रेस में रजत, अंडर-11 में 1 लैप रेस में सियोना ने स्वर्ण, शार्वी के नाम व इसी आयुवर्ग में टाइम ट्रायल रेस में गायू भारद्वाज ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं, प्रान्या के नाम ट्रैक रेस में कांस्य पदक रहा। अंडर-14 में अबीर और अवनी ने 500 मीटर ट्रैक रेस में कांस्य पदक जीता। जीत के बाद टीम के कोच ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

# जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या 45 और मलेरिया की 16 हुई

**फरीदाबाद।** शहर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू और मलेरिया के नए मामलों की पुष्टि की गई है। अब डेंगू पीड़ितों की संख्या 45 हो गई है। वहीं, मलेरिया के 16 मामले हैं। एक सप्ताह पहले तक डेंगू के लगभग 40 मामले थे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार एंटी लार्वा एक्टिविटी अभियान चलाकर लार्वा को समाप्त किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग अब तक लगभग 3500 लोगों को नोटिस जारी कर चुका है। अब तक दो लाख से अधिक लोगों की मलेरिया जांच के लिए ब्लड स्लाइड बनाया जा चुका है। उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामभगत ने बताया कि डेंगू के सभी नए मरीज घर पर ही उपचाराधीन हैं और उनकी हालत स्थिर है। जिले में डेंगू एवं मलेरिया दोनों ही नियंत्रण में है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि घरों में पानी जमा न होने दें और मच्छरों से बचाव के सभी उपाय अपनाएं।

# फरीदाबाद के सरकारी अस्पताल महिला वार्ड में युवक ने किया पेशाब, स्टाफ ने पकड़ा

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के सिविल अस्पताल में एक शर्मनाक मामला सामने आया, जहां एक युवक महिला वार्ड में घुस गया और खाली पड़े बेड के पास खड़े होकर पेशाब कर दिया। यह घटना शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है। युवक की हरकत देखकर वहां मौजूद महिला और मरीज शर्मसार हो गए। उन्होंने तुरंत शोर मचाकर अस्पताल के स्टाफ को बुलाया। अस्पताल के सिक्योरिटी इंचार्ज मनीष ने बताया कि पहली मंजिल पर महिला वार्ड है, जहां ऑपरेशन के बाद महिलाओं को रखा जाता है, उस महिला वार्ड में एक युवक को पकड़ा गया है, जो बेड के पास अनुचित हरकत कर रहा था। जब वह मौके पर पहुंचे तो कुछ लोगों ने उस युवक को पकड़ रखा था। युवक के शरीर पर कोई शर्ट नहीं थी, उसने केवल पैंट पहनी हुई थी और वह नशे की हालत में प्रतीत हो रहा था। पूछताछ में युवक ने अपना नाम करण बताया और कहा कि वह दिल्ली के पास मदनपुर खादर इलाके का रहने वाला है। उसने बताया कि वह ह्यप्रणाम विकास समितिह्न में काम करता है, लेकिन वह सिविल अस्पताल में किस उद्देश्य से आया था, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस को शक है कि युवक नशे में था। महिला वार्ड में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों ने बताया कि युवक अचानक अंदर आया और कोने में जाकर पेशाब करने लगा। जब महिलाओं ने उसे रोका, तो उसने उनकी बात नहीं मानी। इसके बाद उन्होंने स्टाफ को बुलाकर उसे पकड़वाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को हिरासत में ले लिया।

# हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने 11 माह में निपटाए 4638 केस

● आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों ने सीएम को सौंपी वार्षिक रिपोर्ट
● आयोग में 904 केसों पर चल रही है सुनवाई

**चंडीगढ़।** हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने नवंबर 2024 में पुनर्गठन के बाद से लेकर अब तक साढे चार हजार से अधिक केसों का निपटारा किया है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा तथा सदस्य कुलदीप जैन और दीप भाटिया ने शनिवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करके वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट भेंट की। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष ने गत दिवस वार्षिक रिपोर्ट का लोकार्पण किया था। बैठक में आयोग के अध्यक्ष ललित बत्रा ने मुख्यमंत्री को बताया कि नवंबर 2024 तक 2,991 मामले लंबित थे, जबकि 15 अक्तूबर 2025 तक 2,551 नए मामले प्राप्त हुए। इस प्रकार आयोग ने कुल 5,542 मामलों की सुनवाई कर 4,638 प्रकरणों का निपटारा किया है। हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने नवंबर 2024 में 32, दिसंबर 2025 में 148 और फिर 2025 के जनवरी में 551, फरवरी में 360, मार्च में 691, अप्रैल में 478, मई में 826,जुलाई में 569, अगस्त में 433 और सितम्बर में 460 तथा 15 अक्टूबर 2025 तक 90 केस में अपना निर्णय दिया। इस तरह 15 अक्टूबर 2025 तक अब केवल 904 केस ही लंबित हैं,जिन पर भी सुनवाई जारी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सवाल के जवाब पर सदस्य कुलदीप जैन बताया कि हर महीने एक जेल का निरीक्षण तथा बच्चों व बुजुर्गों के लिए काम करने वाली सामाजिक संस्थाओं का दौरा किया जाता है। आयोग के सदस्य दीप भाटिया ने बताया कि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के स्थापना दिवस समारोह में भी हरियाणा मानव अधिकार आयोग की सिफारिशों पर हुए महत्वपूर्ण सुधारों की चर्चा की गई है। इस अवसर पर आयोग के रजिस्ट्रार रवि कुमार सोंधी तथा प्रोटोकॉल, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. पुनीत अरोड़ा भी मौजूद थे।

# शिक्षा विभाग ने एचकेआरएन से लगे गैर शिक्षक कर्मियों का मांगा ब्योरा

● जिला शिक्षा अधिकारियों को रिपोर्ट भेजने के दिए गए निर्देश

**चंडीगढ़।** शिक्षा विभाग ने स्कूलों में शिक्षकों के साथ गैर-शिक्षक कर्मियों की कमी को दूर करने की कार्य योजना तैयार की है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के जरिये जल्द ही नई भर्तियां की जा सकती है। शिक्षा विभाग की ओर से एचकेआरएन के तहत स्कूलों में कार्यरत गैर शिक्षक कर्मचारियों का ब्योरा मांगा है। सेकेंडरी शिक्षा निदेशक की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर स्पष्ट हिदायत दी है कि उनके जिले में कार्यरत एचकेआरएन कर्मियों का ब्योरा मुहैया निर्धारित प्रोफार्मा के अनुरूप मुहैया करवाया जाए। सेकेंडरी शिक्षा निदेशक की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रोफार्मा जारी किया गया है, जिसमें उन्हें अपने-अपने जिले में तैनात एचकेआरएन कर्मियों की जानकारी देनी हैं, जिसमें कर्मचारी का नाम, पदनाम, तैनाती कार्यालय/विद्यालय, नियुक्ति तिथि, स्वीकृत पद तथा वर्तमान कार्यस्थल शामिल है। हालांकि, विभाग की ओर से कई बार जिला स्तर पर यह सूचना मांग जा चुकी है, मगर निर्धारित समयावधि पर उपलब्ध नहीं करवाई गई है। अधिकारियों की लापरवाही पर सेकेंडरी शिक्षा निदेशक ने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समयावधि के भीतर रिपोर्ट भेजना अनिवार्य है। निदेशों में कहा गया है कि यदि किसी जिले से यह सूचना समय पर नहीं आती है तो संबंधित जिला अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखे पत्र में शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि एचकेआरएन के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों की स्थिति जानना आवश्यक है ताकि सरकार को यह पता चल सके कि कितने कर्मचारी किस स्तर पर और किन संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सेकेंडरी शिक्षा निदेशक की ओर से जारी पत्र में निर्देश दिए गए हैं कि जिला स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों का डाटा एकीकृत रूप में उपलब्ध कराया जाए, ताकि विभाग द्वारा आगामी भर्तियों की कार्य योजना तैयार की जा सके।

# काउंसलरों ने समझौता कराया तो पति पत्नी के चेहरे पर आयी खुशी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** जनपद संभल मे पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग सेल प्रभारी डा0 रुकम पाल सिंह की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया जहां कुल 99 पत्रावली सुनकर 31 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 16 परिवारों को मिलाया गया तथा 4पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही करने तथा 11 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई।

इस अवसर पर विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, बबीता शर्मा, कांस्टेबल शहजाद मलिक, रश्मि गहलोत, ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं एक मामला सास बहु का आया जहां सास ने बहू के खिलाफ एक प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई को दिया और शिकायत की कि उनके बेटे की पत्नी हमेशा झगड़ा करती हैं जहां दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता वार्ता कर समझाया गया तो दोनों सास बहु एक दूसरे के गले मिल पुरानी बातों को भूलकर एक हुई तो वहां मौजूद सभी लोगों ने उनके मिलन को लेकर खुशी जाहिर की।

# विकसित उत्तर प्रदेश 2047 सुझाव फीडबैक मे सम्भल प्रथम स्थान आने पर वीडियों कॉन्फ्रेंसी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में लखनऊ से उत्तर प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्तएवं समस्त जिलाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें विभिन्न विभागों महिला कल्याण एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार के साथ एजेण्डा बिन्दु आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण, नियोजन विभाग के अन्तर्गत एजेण्डा बिन्दु जीरो पावर्टी उत्तर प्रदेश तथा कृषि विभाग के साथ फार्मर्स रजिस्ट्री तथा भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के साथ राजस्व की प्राप्ति एवं जिलाधिकारी सम्भल डॉ राजेन्द्र पैंसिया के द्वारा एजेण्डा बिन्दु विकसित उत्तर प्रदेश/2047 पर जनपद के द्वारा सुझाव फीडबैक प्राप्त करने में उत्तर प्रदेश में जनपद का प्रथम स्थान होने पर प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्त एवं समस्त जिलाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया गया।

प्रस्तुति करण के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा विजन डॉक्यूमेंट 2047 के लिए चिन्हित 12 सेक्टर में जनपद में दिये गये सुझाव फीडबैक के विषय में बताया कि 18 सितम्बर 2025 को सुझाव फीडबैक में जनपद का 777 सुझावों के साथ उत्तर प्रदेश में 61 वां स्थान था जबकि अब प्रथम स्थान पर है।जनपद में इसको लेकर विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों को शपथ भी दिलायी गयी तथा एक रणनीति भी बनायी गयी जिसमें सभी सरकारी विभाग विभिन्न संस्थाएं /एनजीओ, ग्राम कुल -ग्राम सचिवालय तथा ग्राम चौपालों में तथा जनसुनवाई के अन्तर्गत भी जनसामान्य से सुझाव प्राप्त किये गये। विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश सुझाव हेतु उद्यमी, व्यवसाय,महिला संगठन, श्रमिक संगठनों के साथ कृषकों एफ़पीओ के सदस्य एवं कृषि वैज्ञानिकों, छात्रों, अध्यापकों शिक्षाविदों से संवाद तथा मीडिया बंधु ,आम जनमानस, ग्राम प्रधान पंचायत सहायक, रोजगार सेवक अधिशासी अधिकारी नगर निकाय मेंबर, एनजीओ,राशन डीलर आंगनबाड़ी स्वयं सहायता समूह एएनएम, सीएचओ, आशा वर्कर, कृषक तथा नीमा, आईएमए, रोटरी क्लब के साथ बैठकें की गयीं। समस्त नगर निकायों में वार्ड वार सुझाव फीडबैक को लेकर बैठकें आयोजित कराकर पार्षदों के सहयोग से वार्ड वार सुझाव प्राप्त किये गये। जनपद मुख्यालय पर क्यूआर कोड युक्त फ्लैक्स लगाये गये तथा एक कार्मिक की तैनाती भी की गयी और मुख्यालय आने वाले सभी आगंतुकों से क्यूआर कोड के माध्यम से सुझाव दिलवाये गये। 6 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलने वाले सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव 2025 में 5 - 5 सदस्यों की 6 टीमें बनाकर तथा उनके साथ एक- एक पुलिस कर्मी महोत्सव स्थल के आगमन द्वारों पर लगाकर आने वाले सभी दर्शकों से सुझाव आमंत्रित किये गये। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा मौजूद रहे।

# सम्भल जनपद के डॉ. सैय्यद अकरम को राज्यपाल और डिप्टी सीएम ने सौंपी डिग्री



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** जनपद संभल के तहसील चन्दौस क्षेत्र के जनेटा गांव स्थित साम्प्रदायिक सद्भाव और आपसी भाईचारे का प्रतीक दरगाह जनेटा शरीफ के डॉ सैय्यद मौहम्मद अकरम ने अपनी मेहनत, लगन, अनुशासन और काबिलियत से चिकित्सा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करके पूरे इलाके का नाम रोशन कर दिया है। उन्होंने डॉ राम मनोहर लोहिया संस्थान, लखनऊ से डी.एम कार्डियोलोजी की परीक्षा इसी वर्ष उत्तीर्ण की थी। हाल ही में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उन्हें सम्मानित किया। इससे पूर्व उन्होंने एम.डी. (जनरल मेडिसिन) की उपाधि भी अर्जित की थी। इसके बाद दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से डिग्री ग्रहण करते डा0 सैयद मोहम्मद अकरम ने आभार जताया। उन्होंने अपने क्षेत्र में बढ़ती दिल की बीमारियो के चलते, कार्डियोलॉजी में सुपर स्पेशिश्लाईजेशन करने की ठान ली और अपनी मेहनत, लगन और माता-पिता के आशीर्वाद से वर्ष 2021 बैच में नीट-2021 परीक्षा के द्वारा खुद को डॉ राम मनोहर लोहिया मेडिकल कॉलेज लखनऊ में चयनित कराया। वर्तमान में वह डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल, लखनऊ के कार्डियोलॉजी विभाग में कार्यरत हैं और मरीजो की सेवा में पूर्ण समर्पण से जुटे हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि से इलाके में खुशी की लहर दौड़ आई है। इस मौके पर परिजनों ने मिठाइयाँ बाँटकर जश्न मनाया। उनके छोटे भाई अजमल कादरी ने भी अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण पीजी की तैयारी में। लोगो का कहना है कि डॉ सैय्यद मौहम्मद अकरम की ये उपलब्धि ना केवल उनके परिवार और संस्थान के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अपनी निष्ठा, परिश्रम और लगन से चिकित्सा जगत में उत्कृष्ट पहचान बनाई है। खानकाह मुज जमियाँ नौशाहिया परिवार की ओर से उन्हें इस पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हार्दिक शुभकामनाएँ दी जाती हैं और ये दुआ है कि अल्लाह उन्हें और उचाइयाँ बख्शे तथा समाज और इंसानियत की अधिक से अधिक सेवा करें।

# पंच पावनपर्व प्रकाशोत्सव का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया





**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, में दीपावली का कार्यक्रम मनाया गया द्य सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार व प्राइमरी विंग की कोऑर्डिनेटर पूजा शर्मा द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती व मां लक्ष्मी के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन किया गया। वन्दना के उपरान्त विद्यालय के उपप्रधानाचार्य रवेंद्र कुमार ने दीपावली के इस पर्व पर पांच त्यौहारों के विषय में विस्तार से बताया और सभी भैया बहनों को दीपावली के इस अवसर पर सावधानी से पटाखे जलाएं व प्रेम पूर्वक त्यौहार को मनाने के लिए बहुत बहुत शुभकामनाएं दीं। विद्यालय में दीपावली के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता, मोमबत्ती सजावट व दीप सज्जा का आयोजन किया गया द्य विद्यालय के भैया- बहनों पूर्ण मनोयोग से प्रतियोगिता में भाग लिया द्य प्राइमरी विंग में दीप सज्जा प्रतियोगिता में बहन दिया व भैया शौर्य प्रथम स्थान पर, चाहत व ओम तथा लव कुमार द्वितीय स्थान , रुद्रा व यश कुमार तृतीय स्थान पर रहे द्य प्राइमरी विंग में रंगोली प्रतियोगिता प्रताप हाऊस प्रथम स्थान पर, स्वामी विवेकानंद हाउस द्वितीय स्थान पर सुभाष हाउस तृतीय स्थान पर रहा द्य कक्षा 6 से 12 तक में रंगोली प्रतियोगिता हेतु प्रथम स्थान पर शिवाजी हाउस द्वितीय स्थान पर विवेकानंद हाउस ,तृतीय स्थान पर सुभाष हाउस रहे। प्रधानाचार्य जी ने सभी भैया बहनों को रंगोली प्रतियोगिता में व दीप सज्जा प्रतिभाग में करने के लिए अपना आशीर्वाद दिया और सभी के लिए इस पवन पर्व पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं थी एवं दीपावली के इस अवसर पर पांच त्यौहारों की श्रृंखला का महत्व व पवित्रता पर प्रकाश डालते हुए सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। अवकाश के उपरांत विद्यालय के उपप्रबंधक पंकज चौहान व प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने सभी आचार्य बंधुओं व आचार्या बहनों को दीपावली के अवसर पर मिठाई व उपहार देकर सभी को शुभकामनाएं दी।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतों का निस्तारण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** शासनादेश अनुसार माह के पहले व तीसरे शनिवार को तहसील स्तर पर लगने वाले संपूर्ण समाधान दिवस उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया की अध्यक्षता में शुरू किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस पर नगर व तहसील क्षेत्र के फरियादियों द्वारा लाई गई शिकायतों को उच्च अधिकारियों द्वारा सुनने के बाद जो शिकायत जिस विभाग की होती उसे विभाग के अधिकारी को बुलाकर उसकी जांच कर उसका निस्तारण करने के आदेश दिए जाते हैं। संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील स्तर के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहते हैं।

जिसे फरियादियों की शिकायतों का पूर्ण रूप से जांच कर निस्तारण किया जाता है। संपूर्ण समाधान दिवस पर राजस्व विभाग पुलिस विभाग शिक्षा विभाग खाद्य विभाग नगर पालिका विभाग समाज कल्याण विभाग वन विभाग लोक निर्माण विभाग बाल कल्याण विभाग विद्युत विभाग व समस्त विभाग के अधिकारी उपस्थित रहते हैं।

समाधान दिवस पर आई कुल शिकायतें 32 और निस्तारण दो शिकायत होगा किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया तहसीलदार आलोक कटियार नायब तहसीलदार ओंकार सिंह व समस्त राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहते हैं।

# मिशन शक्ति द्वारा महिलाओं को किया गया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत महिला आरक्षी 87 प्रीति तोमर,आरक्षी 895 रंजीत मालिक व 1116 अवनीश द्वारा मोहल्ला मुफ्ती सराय थाना चांदपुर जनपद बिजनौर में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया मिशन शक्ति लघु फिल्मों को बालिकाओं व महिलाओं को दिखाया गया तथा

1. महिला हेल्प लाइन नंबर 181*
*2. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090*
*3. आपातकालीन नंबर 112*
*4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102*
*5. एंबुलेंस नंबर 108*
*6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098* 7. *साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना*

के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने , सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने , अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया , महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं महिलाओं को जागरूक किया गया

# मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में अभिभावकों संग शिक्षा को लेकर किया गया संवाद



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में छमाही परीक्षा के उपरांत एक भव्य पैरेंट-टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों, शिक्षकों और प्रधानाचार्या के बीच विद्यार्थियों की प्रगति, व्यवहारिक विकास और उज्ज्वल भविष्य को लेकर गहन चर्चा की गई। जुनैद इब्राहिम मीडिया कोऑर्डिनेटर ने बताया कि विद्यालय के प्रबंधक जनाब मुशीर खान तरीन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पंजाब में हुए हालिया हादसे के पीड़ितों की सहायता हेतु एक टीम के साथ मिलकर एक करोड़ रुपये का दान प्रदान किया। इस मानवीय पहल के लिए विद्यालय परिवार ने उन्हें हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या विल्सन राजन ने कहा कि मिशन इंटरनेशनल एकेडमी का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी विकसित करना है। प्रबंधक मुशीर खान तरीन का यह कदम समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस मौके पर डायरेक्टर शबाना कौसर, परवीन ताज, फैजान अली, रब्बे नवाज, मोहम्मद आमिर, समेत सभी सभी शिक्षएं एवं शिक्षकों तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का पूर्ण योगदान रहा।

# धनतरेस त्योहार पर भी 9 घंटे बंद रही बिजली सप्लाई



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नांगल सोती।** 33/11 केवी उपकेंद्र सोफ़तपुर बिजली घर से जुड़े उपभोक्ता धनतरेस त्योहार के मौके पर पानी की एक एक बूंद लिए तरसते नजर आएद्य वैसे तो उत्तर प्रदेश सरकार दीपावली त्यौहार के मौके पर पूरे उत्तर प्रदेश में 24 घंटे बिजली देने का वादा करती हैद्य परंतु सौफतपुर बिजली घर पर त्योहार के मौके पर सुबह 5ः00 से 2ः00 बजे तक लाइन में फॉल्ट होने के कारण क्षेत्र के सभी टाउन फीडर बंद रहेद्य

आपको बता दे की सौफतपुर बिजली घर से जुड़े गांव सोफतपुर,मानपुर, चमरोला ढोलपुरी, हरचंदपुर, महमसापुर, नांगल आदि गांव को विद्युत सप्लाई की जाती है द्य दीपावली का त्यौहार आने से पहले घरों की साफ सफाई में लगे उपभोक्ता कल पानी की एक एक बूंद को तरसते नजर आएद्य बिजली घर से जुड़े लाईनमैन फाल्ट को समय से ठीक ना कर पाने कारण उपभोक्ताओं को समस्याओं से दो-चार होना पड़ाद्य जब सप्लाई चालू नहीं हुई तब क्षेत्र से काफी उपभोक्ता जानकारी लेने के लिए बिजली घर पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों से बात कर बिजली सप्लाई ठीक कराने का अनुरोध किया द्य तब कहीं जाकर 2 बजे सप्लाई सुचारु हो सकी द्य बिजली घर है जुड़े उपभोक्ता डॉ अरुण कुमार, जयप्रकाश, पीतम, गुड्डू,मुनेश,अर्जुन, ओमप्रकाश, मोहित, नकुल, विनीत, रोबिन , कृष्णा,अनुज आदि उपभोक्ता मौजूद रहे।

# द हेज़लमून स्कूल में दीपावली के अवसर पर क्लास डेकोरेशन






*** इंटर हाउस रंगोली तथा रामायण नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपोत्सव**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** द हेज़लमून स्कूल में दीपावली का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें क्लास डेकोरेशन और इंटर हाउस रंगोली तथा रामायण नाट्य प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहीं। सभी हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपनी सृजनशीलता का सुंदर प्रदर्शन किया।

क्लासरूम डेकोरेशन में क्लास 3-5 की श्रेणी में 5 ने प्रथम 4क्र5ष्ट ने द्वितीय तथा 3ष्ट,4ष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्लास 6-8 की श्रेणी में 6 ने प्रथम,7 ने द्वितीय तथा 8 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

क्लास 9-12 की श्रेणी में 12 ने प्रथम,10 ने द्वितीय तथा 9 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इंटर हाउस रंगोली प्रतियोगिता में सफायर हाउस से आदित्य चौधरी ,अनुष्का तोमर ,दीपाली वान्या,जानवी जिंदल, तन्मय ,दिव्या सैनी और कुमकुम चौधरी ने सिट्रिन हाउस से तनीषा राजपूत ,एंजेल चौधरी ,आरोही, चार्ली सिंह, मनस्वी मित्तल, पीहू यादव ने

कार्नेलियन हाउस से अनिष्का शर्मा, दिशा भाटिया, सिद्धि अग्रवाल, अमृत कौर,मोना सिंह ,पीयूष राजपूत ,यशस्वी वर्मा, माही नूर ,निदा आबदीन,विसमा ने

तथा एमेरल्ड हाउस से नैना लांबा ,तान्या पाल,अनन्या अग्रवाल, नमरा आफताब ,रिया पाल और आराध्या सिंह और गुलरुख ने आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इंटर हाउस रंगोली प्रतियोगिता में कार्नेलियन हाउस प्रथम, एमेरल्ड हाउस द्वितीय तथा सिट्रिन हाउस तृतीय स्थान पर रहा।विद्यालय में इंटर हाउस रामायण नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने रामायण के पावन प्रसंगों का मंचन कर सभी को भावविभोर कर दिया।

इंटर हाउस रामायण नाट्य प्रतियोगिता में सफायर हाउस के सीता हरण नाट्य द्वारा फिजा ज़ेहरा, श्रेयांश मित्तल, दिव्य भाटिया, भार्गवी तोमर और भव्या अग्रवाल परी यादव दक्ष अग्रवाल,अवि अग्रवाल, देवेशी सिंह ने

सिट्रिन हाउस के राम केवट संवाद द्वारा पुष्कल गोयल, फायज़ा इस्माइल, हर्षित कुमार, तेजस चौधरी, काव्या जिंदल, जिया लांबा ,सौम्या चौधरी अद्विक बंसल, भानु, गीतांश सिसोदिया ने

कार्नेलियन हाउस के दशरथ कैकई संवाद द्वारा आराध्या देशवाल ,परी, ध्रुव यादव,कान्हा तायल,ओम गोयल ,अदीब अहमद, रोयना जुनेजा, वैष्णवी तोमर ने एमेरल्ड हाउस के लव कुश कांड द्वारा रूहानी मलिक, जागृति प्रताप सिंह, सिमर कौर ,वैष्णव तोमर ,निविका, प्रक्षाल जैन ,दृष्टि शर्मा ,सृष्टि पाल ,जसमीत सिंह, कुबेर , ख्याति चौधरी,लक्षिता चौहान ,और निष्ठा नेअपने उत्कृष्ट अभिनय और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

रामायण नाटक प्रतियोगिता में सिट्रिन हाउस ने प्रथम स्थान , कार्नेलियन हाउस ने द्वितीय स्थान तथा एमेरल्ड हाउस में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के चेयरमैन अनिरुद्ध मित्तल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए अपने संदेश में कहा कि दीपों का यह पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है , अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर, और नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर बढ़ने की। आइए, हम सब मिलकर अपने जीवन में प्रेम, सद्भाव और करुणा के दीप जलाएँ और एक उज्ज्वल समाज की रचना करें।

विद्यालय की निर्देशिका शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दीपों का यह त्योहार हमें सिखाता है कि छोटी-सी रोशनी भी अंधकार को मिटा सकती है। हर छात्र अपने ज्ञान, कर्म और संस्कारों से समाज को आलोकित करे , यही सच्ची दीपावली होगी। विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने अपने संदेश में कहा कि ÷दीपोत्सव हमें एकता, प्रेम और सकारात्मकता का संदेश देता है। विद्यार्थियों में इसी भावना का विकास करना ही इस उत्सव का उद्देश्य है। पूरे विद्यालय परिसर में दीपों की ज्योति और उल्लास का अद्भुत वातावरण छाया रहा।

# महिला की मौते पर फ़र्ज़ी डॉक्टर पर एक्शन पुलिस ने किया गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मरीज़ को इंजेक्शन लगा तो हालत बिगड़ गई इंफेक्शन फैलने से उसकी मौत हो गई। पति ने मुकदमा दर्ज कराया और पुलिस ने आरोपी फ़र्ज़ी डॉक्टर को धर दबोचा।

थाना बहजोई पर दर्ज मुकदमे के वांछित फ़र्ज़ी डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसका नाम डा0 रुस्तम पुत्र अफ़सर नि0 ग्राम कानऊ धामपुर थाना बहजोई जनपद सम्भल को थाना बहजोई जनपद बताया जाता है। जानकारी अनुसार सम्भल को पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कानऊ धामपुर से चौपाशोभापुर मार्ग गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर आरोपी डा0 रुस्तम उपरोक्त के क्लीनिक स्थापित कानऊ धामपुर से डाक्टर की प्रैक्टिस में आने वाले 02 इजंक्शन यूज शुदा बिना यूज भरा हुआ व दो सिरिन्ज मय निडिल जिनमें एक यूज शुदा 01 बिना यूज जो प्लास्टिक की पन्नी मे बंद है जिस पर अंग्रेजी मे लिखा है व एक अन्नन्या पैथेलोजी रिपोर्ट व कुछ रूई व पट्टी जिस पर पस व खून आदि के धब्बे लगे है व एक चीनी की ओखली व एक चीनी की मूसली दबाई घोटने की और एक ब्लड प्रेशर नापने का यंत्र बरामद किये गये। कल्लू पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी कानऊ धामपुर थाना बहजोई जनपद सम्भल द्वारा गिरफ्तार डा0 रुस्तम पर कुछ दिन पूर्व पत्नी रामवती के अचानक पेट मे दर्द होने के कारण लाया था। इन्जेक्शन आदि लगाये जिससे इन्फेक्शन शुरू हो गया तब डाक्टर द्वारा पुनः एक इन्जेक्शन और लगा दिया जिससे वादी की पत्नी की हालत बिगड़ते देख डाक्टर द्वारा मुरादाबाद वेदांता हास्पिटल मे रेफर कर दिया गया, वहाँ जाकर वादी ने अपनी पत्नी को भर्ती कराया और जाँच आदि करायी। डाक्टरों द्वारा वादी को बताया कि तुम्हारी पत्नी के गलत इन्जेक्शन लगने के कारण शरीर गुर्दा, किडनी, खून में इन्फेक्शन फैल चुका है। इलाज के दौरान 18 अक्टूबर को रामवती की मृत्यु हो गई है। पुलिस ने सामग्री आदि बरामद की है।

# शहजादपुर और अभिपूरा टीम ने जीते अपने अपने लीग मैच

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नांगल सोती-** क्षेत्र के समीपवर्ती ग्राम सोफतपुर में स्पोर्ट्स अकादमी के मैदान में बीती रात्रि दो लीग मैच खेले गएद्य पहला मुकाबला अभीपूरा और महमसापुर सी टीमों के बीच खेला गयाद्य जबकि दूसरा मुकाबला शहजादपुर ओर सौफतपुर डी टीम के बीच खेला गयाद्य जिसमें अभीपूरा और शहजादपुर टीम ने आसानी से अपने मैच में जीत दर्ज की द्य

महमसापुर सी टीम के कप्तान ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लियाद्य

बल्लेबाजी करने उतरी अभीपूरा की टीम निर्धारित 8 ओवर में चार विकेट पर 57 रन बनाएद्य जिसमें खिलाड़ी शादव ने 28 रनों का योगदान दियाद्य लक्ष्य का पीछा करने उतरी महंमसापुर सी की टीम 8 विकेट पर 37 रन ही बना पाई अभीपुरा ने 20 रनों से मैच जीत लियाद्य आयोजकों की ओर से शादाब को मैन ऑफ द मैच प्लेयर घोषित किया गयाद्य

दूसरे मैच में सौफतपुर डी टीम का मुकाबला शहजादपुर टीम से हुआद्य शहजादपुर टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में पांच विकेट पर 78 रन बनाएद्य जिसमें खिलाड़ी आशीष ने महत्वपूर्ण 45 रनों का योगदान दियाद्य लक्ष्य का पीछा करने उतरी सोफ़तपुर डी टीम निर्धारित 8 ओवर में 7 विकेट पर 56 रन ही बना सकीद्य शहजादपुर टीम ने 22 रनों से मैच में जीत दर्ज कीद्य आयोजको की ओर से आशीष कुमार को मैन ऑफ द मैच प्लेयर घोषित किया गयाद्य

दोनो मैच अंपायर असयंत ओर दीपू की देख रख में कराए गए द्य

टूर्नामेंट के सहयोगी में मुख्य रूप से कमेटी अध्यक्ष कपिल राणा,संजीव पहलवान, नीरज चौधरी, अमित राणा,हनी जटराणा,डॉ अरुण कुमार,टीकम सिंह,भोले,मिथुन,भीम,हर्ष, रोबिन,शालू आदि का योगदान रहा

# सम्पूर्ण समाधान दिवस मे डीएम एसपी ने तुरन्त किया शिकायतों का निस्तारण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील गुन्नौर में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायत का निस्तारण शीघ्र एवं निचले स्तर पर कर दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर आलोक सिद्धू तहसीलदार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/18/2025 6:51 PM Page 1



# सम्पादकीय

## ट्रंप के झूठे दावे

आखिर अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप लगातार झूठ बोलने के आदी क्यों हैं? ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी वह पचासियों बार झूठे दावे करते रहे हैं कि उन्होंने अमुक देशों के बीच युद्धविराम करा दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने उन देशों में भी युद्धविराम के झूठ बोले, जिनके बीच या तो युद्ध ही नहीं हुआ अथवा ट्रंप की कोई भूमिका ही नहीं थी। नोबेल पुरस्कार पाने की ऐसी छटपटाहट है कि राष्ट्रपति के पद पर होने के बावजूद ट्रंप झूठ बोलने के आदी हो गए हैं। बहरहाल ऐसे देश उनके झूठ का खुद जवाब देंगे, वह हमारा सरोकार नहीं है, लेकिन जब संदर्भ प्रधानमंत्री मोदी और भारत के राष्ट्रीय हितों का है, तो हम निरपेक्ष और खामोश नहीं रह सकते। यह अनिवार्य नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी ऐसे अनाप-शनाप बयानों का जवाब दें। वह अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल और परस्पर सम्मान की विदेश नीति से बंधे हैं, लेकिन विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच फोन कॉल से अनभिज्ञता जाहिर की है, तो तय है कि दोनों नेताओं के बीच बीते बुधवार को कोई संवाद नहीं हुआ। यदि संवाद नहीं हुआ, तो भारत रूसी तेल और ऊर्जा उत्पाद खरीदना बंद कर देगा, यह निष्कर्ष कैसे संभव है? कमाल है कि राष्ट्रपति ट्रंप व्हाइट हाउस में पत्रकारों से रू-ब-रू बात कर रहे थे। उसी दौरान उन्होंने खुलासा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज (बुधवार) आश्वासन दिया है कि भारत रूस से तेल खरीद बंद कर देगा। यह तुरंत नहीं हो सकता, थोड़ा समय लगेगा। जल्द ही यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे रूस पर यूक्रेन युद्ध रोकने का दबाव बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम बताया। गुरुवार को भारत ने यह झूठा दावा खारिज कर दिया और स्पष्ट किया कि दोनों नेताओं के बीच फोन पर कोई बातचीत नहीं हुई। ऐसे ही करीब 50 झूठे दावे ट्रंप ने भारत-पाक संघर्षविराम के मद्देनजर किए थे, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में एक विशेष चर्चा के दौरान, परोक्ष रूप से, खारिज कर दिया था। भारतीय प्रधानमंत्री इस भाषा का इस्तेमाल नहीं कर सकते कि ट्रंप ने झूठ बोला है या ट्रंप झूठा है। भारत के प्रधानमंत्री और मंत्रियों के कुछ निश्चित कूटनीतिक संस्कार हैं। विपक्ष चाहे तो खुशफहमी में रह सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से डरे हुए हैं। बहरहाल विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रूसी तेल को भारत के 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा-जरूरतों के मद्देनजर राष्ट्रीय हित की बात कही और उसे सर्वोच्च प्राथमिकता और प्रतिबद्धता करार दिया। ध्यान रहे कि अमरीकी राष्ट्रपति ने भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ, जुमार्ने के तौर पर, थोपा था, क्योंकि हम रूस से तेल खरीदते हैं। अमरीकी राष्ट्रपति ने यहां तक आरोपित किया था कि तेल खरीद कर भारत रूस की युद्ध लडड्ढे की ताकत को, परोक्ष रूप से, बढ़ा रहा है। बहरहाल एक यूरोपीय थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की एक रपट के मुताबिक, भारत ने सितंबर में रूस से 2.5 अरब यूरो, यानी 2.91 अरब डॉलर, का कच्चा तेल खरीदा था। दरअसल भारत ने रूसी जीवाश्म ईंधन की कुल 3.6 अरब यूरो की खरीद की थी। उसमें कच्चा तेल, कोयला और अन्य तेल उत्पाद आदि शामिल थे। भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात करीब 1.6 मिलियन बैरल प्रतिदिन रहा है, जो बीते महीनों की तुलना में 9 फीसदी कम था, लेकिन इसके मायने ये नहीं हैं कि भारत रूस से तेल की खरीद कम करते हुए बिलकुल ही बंद कर देगा। रूस भारत का भरोसेमंद दोस्त रहा है। अमरीकी राष्ट्रपति प्रधानमंत्री मोदी को महान इंसान, महान प्रधानमंत्री, माई डियर फ्रेंड संबोधित करते हुए नहीं अघाते, लेकिन भारत की पीठ में छुरा घोंपने से भी बाज नहीं आते। रूस ने कभी ऐसा दोगला व्यवहार नहीं किया। बेशक भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता देश है, लिहाजा आयातक भी है। रूसी तेल का चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा खरीददार भारत ही है। भारत-रूस की आपसी साझेदारी जारी रहेगी, यह विश्वास भारत ने एक बार फिर दिलाया है।

# विशेष

## विकास बनाम असमानता : बिहार के मतदाता किस ओर ?

-वरिष्ठ पत्रकार के.के. झा-

नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले राज्य में विकास का मुद्दा एक बार फिर राजनीतिक विमर्श के केंद्र में है। आंकड़े बताते हैं कि बिहार ने गरीबी घटाने में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है-फिर भी समग्र विकास के पैमाने पर वह देश में सबसे नीचे है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्टों-एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24, मल्टी-डायमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स (एमपीआई) 2023, और मैक्रो-राजकोषीय परिदृश्य (मार्च 2025) से बिहार की विकास यात्रा का विरोधाभास झलकता है: तेज सुधार की रफ्तार, लेकिन निचले पायदान की स्थिति।

**गरीबी में ऐतिहासिक कमी, लेकिन असमानता बरकरार**

एमपीआई के अनुसार, 2015 से 2021 के बीच बिहार में गरीबी दर 18.13 प्रतिशत अंक घटी, जिससे करीब 3.77 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से मुक्त हुए। फिर भी, राज्य की गरीबी दर (2022-23 में अनुमानित 26.59%) देश में सबसे अधिक है, जो राष्ट्रीय औसत 11.28% से ढाई गुना ज्यादा है। ग्रामीण सुधार और कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन ने असर दिखाया, पर असमानता (एसडीजी 10) और भूखमरी (एसडीजी 2) अब भी बड़ी बाधाएं हैं-कुपोषण की दर 42.9% है, जबकि देश में यह 35.5% है।

**शिक्षा और स्वास्थ्य में स्थिर प्रगति**

शिक्षा (एसडीजी 4) में बिहार परफॉर्मर श्रेणी में है। प्राथमिक नामांकन दरें बढ़ी हैं, लेकिन साक्षरता अभी भी 61.8% है, जबकि राष्ट्रीय औसत 73% है। स्वास्थ्य (एसडीजी 3) में राज्य ने उल्लेखनीय सुधार किया है-शिशु मृत्यु दर 27 प्रति 1000 है, जो अब राष्ट्रीय स्तर के बराबर है।

**आर्थिक मोर्चे पर संभावनाएं**

आर्थिक विकास (एसडीजी 8) में बिहार की वृद्धि दर 10% रही है-यह राष्ट्रीय औसत से अधिक है। रोचक रूप से, राज्य में विनिर्माण क्षेत्र का हिस्सा 17.4% तक पहुंच गया है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 5.5% है। फिर भी, रोजगार सृजन, निवेश आकर्षण और शहरी आधारभूत ढांचे की कमजोरियां विकास को सीमित कर रही हैं।

**एसडीजी स्कोर में सुधार, पर अंतिम पायदान पर**

बिहार का कुल एसडीजी स्कोर 57 है-जो देश में सबसे कम है, भले ही इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 5 अंकों का सुधार हुआ हो। भारत का औसत स्कोर 71 है। राज्य ने शून्य गरीबी और स्वास्थ्य में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन भुखमरी, असमानता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे लक्ष्यों में अब भी पिछड़ा है।

**चुनावी परिप्रेक्ष्य : आंकड़ों बनाम अनुभव की जंग**

इन संकेतकों के बीच चुनावी मौसम में दो समानांतर कथाएँ चल रही हैं -
सरकार का दावा : गरीबी घटाने और विकास परियोजनाओं की तेज रफ्तार।
विपक्ष का सवाल : शिक्षा, रोजगार और असमानता के मोर्चे पर सुस्त प्रगति।
बिहार आज एक ऐसे मोड़ पर है जहां विकास की दिशा और विकास की गहराई दोनों पर बहस जरूरी है। चुनावी घोषणाओं में यह स्पष्ट होगा कि क्या राज्य अपने तेज सुधारों को स्थायी समावेशी विकास में बदलने में सक्षम हो पाएगा।

# गजा में शांति की एक और योजना की सफलता संदिग्ध

-डॉ. मलय मिश्रा-

शांति बेहद नाजुक है, ट्रम्प इम्प्रिमेटर के तहत चतुराई से तैयार की गई योजना को अरब देशों द्वारा आसानी से समर्थन दिया गया जिसके पीछे उनकी अपनी कोई योजना नजर आती है। पिछले दो वर्षों में फिलिस्तिनियों पर किए गए अत्याचारों के बाद भी फिलिस्तीनी प्रतिरोध के खत्म होने का कोई संकेत नहीं दिखा रहा है।

युद्ध के दो साल गुजरने के साथ आधुनिक युग के रक्तरंजित इतिहास में उत्तरी सीमा के दोनों किनारों पर जश्न मनाया गया क्योंकि अमेरिकी नेतृत्व वाली अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था द्वारा फिलिस्तीन पर 'ऐतिहासिक' गजा शांति योजना 'थोपी' गई थी। इस योजना के पिछली योजना की तरह मिट्टी में मिलने की संभावना है। इसमें जनवरी समझौता भी शामिल है जिसका इजरायल ने केवल दो महीने बाद उल्लंघन किया था। सत्ता में बने रहने के लिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समझौते को (जिसके केवल पहले चरण के लिए अंतिम रूप दिया गया) नष्ट करने की कोशिश करेंगे क्योंकि इजरायली सुप्रीम कोर्ट उन्हें पद से हटाने के लिए इंतजार कर रहा है। वास्तव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले चरण की योजना पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि, वे इस बात की गारंटी नहीं दे सकते कि इजरायल हमास पर फिर से हमला नहीं करेगा। इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने इजरायल डिफेन्स फोर्स (आईडीएफ) को शांति योजना का मामला हल होने के बाद हमास के आतंकवादियों का शिकार करने का आदेश दिया है।

शांति योजना का पहला चरण पूरा हो चुका है तथा हमास की कैद से जीवित 20 बंधकों को रिहा कर दिया गया है जबकि इजरायल ने लगभग दो हजार फिलिस्तीनी आतंकवादियों और नागरिकों को मुक्त करने के अपने समझौते को पूरा किया है। 13 अक्टूबर को मिस्र एवं अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से मिस्र के रिसॉर्ट शहर शर्म अल-शेख में आयोजित समारोह में पश्चिमी दुनिया के साथ-साथ इस क्षेत्र के लगभग बीस विश्व नेता अमेरिकी राष्ट्रपति की सराहना करने के लिए एकत्र हुए। इस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्कार वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को दिया गया जिन्होंने 'शांति के लिए अथक प्रयासों' के लिए ट्रम्प को यह पुरस्कार समर्पित किया। नोबेल शांति पुरस्कार के लिए मचाडो के नाम पर उंगलिया उठ रही हैं क्योंकि मचाडो ने न केवल गजा में नेतन्याहू के नरसंहार कार्यों का समर्थन किया बल्कि वेनेजुएला में लोकतंत्र वापस लाने की आड़ में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से लड़ने के लिए समर्थन भी मांगा है।

यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि गजा पर प्रशासन करने के लिए अधिकृत संयुक्त राष्ट्र और कथित तौर पर वेस्ट बैंक पर शासन कर रहे फिलिस्तीन प्राधिकरण से शांति योजना पर किसी भी तरह से परामर्श नहीं किया गया। उदाहरण के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष नवी पिल्ले ने दावा किया कि फिलिस्तीन इस योजना का एक पक्ष नहीं था। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग वह निकाय है जिसने इजरायल को नरसंहार के लिए जिम्मेदार पाया था। बाद में दक्षिण अफ्रीका इस मामले को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ले गया था।

हमास के निरस्त्रीकरण और गजा के भविष्य के शासन से निपटने वाली योजना का दूसरा चरण अधर में लटका हुआ है क्योंकि हमास योजना के बाद के चरणों के लिए सहमत नहीं हुआ है। हमास का यह कदम नेतन्याहू के नेतृत्व वाली धुर दक्षिणपंथी लिकुड पार्टी के लिए उपयुक्त है क्योंकि वह आगामी सभी समस्याओं के लिए हमास की हठधर्मिता की ओर अंगुली दिखाएगा। यह आश्चर्य की बात नहीं है कि गुरिल्लाओं ने सभी बाधाओं का सामना किया है और अरब ब्लॉक के भीतर अपनी छवि के अलावा बड़े पैमाने पर लोगों व हथियारों को खो दिया है। जिन लोगों के पास रहने के लिए जगह नहीं है, जिनके पास रहने के लिए घर नहीं थे, जहां 67 हजार से अधिक निर्दोष लोगों की जान चली गई, महिलाओं और बच्चों की हत्याएं कर दी गईं, कई अपंग हो गए, बलात्कार किया गया और उन्हें भूखा मार डाला गया। अस्पतालों, स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों पर बमबारी की गई, भोजन व चिकित्सा आपूर्ति को हथियारों से उड़ा दिया गया, आखिरकार उनके पास क्या विकल्प हो सकते थे?

उपनिवेशवाद से मुक्ति के प्रणेता 'द रेच ऑफ द अर्थ' के लेखक फ्रांज फैन्नन कहते हैं- 'उपनिवेशवाद से मुक्ति वास्तव में नवनिर्माण है लेकिन इस रचना की वैधता का श्रेय किसी भी अलौकिक शक्ति को नहीं है; जिस चीज को उपनिवेश बनाया गया है, वह उसी प्रक्रिया के दौरान मजबूत हो जाता है जिसके द्वारा वह खुद को मुक्त करता है।' हमास ने फिलिस्तीनी लोगों के अपने लिए, अपने आत्मनिर्णय और संप्रभुता के लिए बोलने के अधिकार का आत्मसमर्पण करना उचित नहीं समझा है। गजा पर शासन करने की हमास की वैधता 2006 के चुनावों में मिले जनादेश से प्राप्त होती है इसलिए इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि अब फिलिस्तीन राज्य को मान्यता देने की मांग करने वाली पश्चिमी शक्तियां इसे एक आतंकवादी समूह के रूप में मानती हैं या नहीं।

पीएम मोदी ने 9 अक्टूबर को पीएम नेतन्याहू और राष्ट्रपति ट्रम्प दोनों को कई बार बधाइयां दीं लेकिन दिल्ली की राजनीतिक सोच में स्पष्ट रूप से गजा या हमास अनुपस्थित रहा है। यह ध्यान देने की आवश्यकता है कि भारत ने अब तक हमास को आतंकवादी समूह घोषित नहीं किया है। फिर, सार्वजनिक स्थान पर गजा का उल्लेख या नागरिक समाज की बातचीत में खतरे की घंटी क्यों बजती है? यह ध्यान देने वाली बात है कि 1974 में पीएलओ को मान्यता देने वाले पहले गैर-अरब देशों में से भारत एक था। उसने 1998 में फिलिस्तीन को एक सम्प्रभु देश के रूप में मान्यता दी थी और 1946 में संयुक्त राष्ट्र में आत्मनिर्णय और रंग-भेद के उन्मूलन के मुद्दे को उठाने के लिए गुटनिरपेक्ष समूह कानेता रहा था। नवंबर, 1938 में 'हरिजन' में गांधीजी ने लिखा था, 'यहुदियों के प्रति मेरी सहानुभूति मुझे न्याय की आवश्यकताओं के प्रति अंधा नहीं करती है। यहूदियों को अरबों पर थोपना गलत और अमानवीय है।' भारत ने 1947 की संयुक्त राष्ट्र विभाजन योजना के आधार पर तैयार संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव 181 का विरोध किया था। इजरायल के नरसंहार कार्यों की आलोचना करने और गजा में तत्काल युद्धविराम के प्रस्ताव को वीटो करने वाले कई प्रस्तावों के संदर्भ में 153 सदस्य देशों के साथ संयुक्त राष्ट्र के पटल पर 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत' के समर्थन में इसकी तुलना भारत के मतदान के वर्तमान पैटर्न से करें तो यह दिल्ली के लिए एक असुविधाजनक प्रस्ताव रहा है। जब 'फिलिस्तीन' सार्वजनिक चर्चा में निषिद्ध हो गया है तो यह स्थिति इतिहास और फिलिस्तीनी मुद्दे के लिए भारत के समर्थन की लंबी परंपरा को नकारने के समान है। ट्रम्प शांति योजना, हमास के लिए आत्मसमर्पण का एक चतुराई से हेर-फेर की गई योजना है जो फिलिस्तीनी स्वायत्तता के लिए अभी या भविष्य में किसी भी प्रकार की और न ही संघर्ष के बाद के पुनर्निर्माण में इसकी भागीदारी के लिए कोई गुंजाइश छोड़ता है। योजना की अस्पष्टता के लिए इसकी आलोचना की गई है और यह वैश्विक नियम-आधारित गिरोह द्वारा वैश्विक पूंजीवाद की मिलीभगत के साथ दूर-दराज ईवैन्जलिज्म और जायोनी समर्थन (जायोनीवाद एक राष्ट्रवादी आंदोलन है जो यहूदियों के लिए उनकी ऐतिहासिक मातृभूमि, इजरायल में एक यहूदी राज्य की स्थापना और उसके अस्तित्व का समर्थन करता है) के वैचारिक पोषण के साथ ऊपर से नीचे थोपना है। इस प्रकार शांति शिखर सम्मेलन और गजा की निकटवर्ती परिधि से आईडीएफ की वापसी के तुरंत बाद इजरायली जेल से रिहा किए गए आतंकवादियों ने सार्वजनिक रूप से कई तथाकथित काफिरों का कत्लेआम कर दिया है। इन घटनाओं के बाद खाद्य सहायता रोक दिए जाने के कारण गजा इलाके में फिर से अराजकता का माहौल है। शांति बेहद नाजुक है, ट्रम्प इम्प्रिमेटर के तहत चतुराई से तैयार की गई योजना को अरब देशों द्वारा आसानी से समर्थन दिया गया जिसके पीछे उनकी अपनी कोई योजना नजर आती है।

# बिहार विधानसभा चुनाव में बेमेल गठजोड़ पर बवंडर

-कांतिलाल मांडोत-

अगर आप मानते है कि चुनाव ऐसी सरकार चुनने के लिए होते है जो अच्छा प्रशासन दे औड्ड उसका लक्ष्य राज्य के गरीब तब्बके के लोगो का जीवन स्तर सुधारने में अहम भूमिका अदा करती रहे। राजनैतिक और सामाजिक गठबंधन बनाए है लेकिन उनके मेलमिलाप नही होने से बात बनती नही दिख रही है। बिहार विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही सभी पक्ष जोड़तोड़ में लग गए है। दीपावली के बाद राजनीतिक दलों की सक्रियता बढ़ेगी। लेकिन सीट बंटवारे को लेकर राजद और कांग्रेस के बीच फर्क नजर आ रहा है। कांग्रेस और तेजस्वी की दिल्ली में सीट बंटवारे को लेकर हुई बैठक में भी कोई निष्कर्ष नही निकला है। बिहार में कांग्रेस तीस साल से पराजित होती आ रही है। कांग्रेस ने अपना जनाधार साम्प्रदायिक - जातीय गुटों के साथ गंवाने के बाद अब बिहार में राजद से गठबंधन कर तुरुप का पता निकाला है। क्योंकि बिहार में कांग्रेस की पतली स्थिति में राजद के गठबन्धन से आशावादी अभिगम अपना रही है। विरासत में गांधी नेहरू वाला कार्ड राहुल के नाम से बिहार चुनाव में भुनाने के लिए भेजा गया है। बिहार के धूल घुसरित क्षेत्रो के गांवो में तूफानी दौरा कर अपने, पिता, दादी और परनामा के योगदान की दुहाई देकर चुनाव आयोग पर हमले कर सतारूढ़ भाजपा पर राहुल ने वोट चोरी का आरोप लगाया। इस उम्मीद से की शायद कांग्रेस की खोई हुई जमीन वापस मिल जाएगी। लेकिन यहां जूठे आरोपो का सहारा लेकर कांग्रेस और राहुल दोनो गलत साबित हो रहे है। सबूत और एटम बम की जूठी शान के खिलाफ मतदाताओ को कांग्रेस से दूर करने का काम राहुल बिहार में कर रहे है। उनके पास कोई ठोस मुद्दे नही है। जुठ भी बोलते है, लेकिन राहुल उसमे सफल नही होते है। उसका मजबूत कारण यह है कि राहुल की मनगढंत बाते अधिक होती है। पिछले 30 साल से बिहार में कांग्रेस के पांव बिलकुल उखड़ चुके है। मंडल और मंदिर का ऐसा श्राप लगा की कांग्रेस का जनाधार खिसकता जा रहा है। इसमें शक नही कि राहुल जहा भी गए भीड़ गांधी खानदान के चिराग को निहारने जरूर जाती है। लेकिन इसमें यह निष्कर्ष नही निकाला जाता है कि उस भीड़ से कांग्रेस का जनाधार बढ़ाने के लिए सहायक होंगे।

कांग्रेस कभी मजबूत मध्यम वर्गीय पार्टी हुआ करती थी लेकिन अब उनका जनाधार नही रह गया है। राहुल के अथक प्रयास भी इतने कारगर साबित नही हो सकते है कि देश मे सबसे पुरानी पार्टी पिछले तीस सालों से बिहार मे खिसक गई है और अब लग नही रहा है कि कांग्रेस बिहार में बेहतर प्रदर्शन कर सके। राजद और कांग्रेस का गठबंधन के जरिये मतदाताओ को खींचने की कोशिश कर रहे है। राजद सुप्रीमो लालू, तेजस्वी और राबड़ी पर जमीन के बदले नौकरी देने के कथित भ्रष्टाचार में नाम उछलने के बाद बिहार में राजद की स्थिति नाजुक बन गई है। कांग्रेस और राजद दोनो दागदार पार्टिया रही है। उधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की साफ सुथरी छवि और बिहार में विकास की झड़ी की वजह से दोनो पार्टियो पर एनडीए गठबंधन का पलड़ा भारी है। बिहार में लालू के कथित भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते बिहार में राजद की राह आसान नही है। बिहार में सामाजिक वर्चस्व रखने वाले सवर्णों को कभी मान सम्मान नही दिया। यादव और मुस्लिम समाज को लेकर चलने वाली तेजस्वी की पार्टी ने समाज के उत्थान के कोई कार्य किए है, ऐसा नही लगता है। लालू के जंगलराज में बिहार में चारो तरफ अराजकता फैली हुई थी। भाजपा विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है औड्ड नीतीश कुमार कोई कसर नही छोड़ना चाहते है। तेजस्वी यादव दलितों, मुस्लिमो और यादवों के वोटो की गिनती को लेकर आगे बढ़ रहे है। जैसे मायावती और मुलायम सिंह यूपी में चले थे। लेकिन उनके उत्थान की बात नागवार गुजरी है। जातीय समीकरण को देखते हुए जिस तरह से कांग्रेस ने मुस्लिम समाज को गुमराह किया है, वैसे ही दलित और पिछड़ों को लालू ने गुमराह किया है। वोटबैंक की राजनीति में बिहार में विकास तो नही हुआ लेकिन लोगो की दिनप्रतिदिन बेरोजगारी बढ़ती गई। बीस साल से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री है तो जनता सोच समझ कर ही वोट करती आ रही है। कथनी और करनी की समानता होनी ही चाहिए। जो नेता मतदाताओ के साथ दुर्व्यवहार करते है। उन्हें गुमराह करने की कोशिश करते है। उनका भरोसा जनता कभी नही करती है। इसलिए राजनीति मंच पर जो भी कहा जाए, वह सत्य और सच्चाई के साथ कहा जाए। कांग्रेस की हालत दोगलीनीति के कारण ही रही है। हिंदुत्ववादी को कांग्रेस गालिया देती है और तुष्टिकरण की राजनीति करके भी उस समाज के विकास के लिए कांग्रेस आजादी के बाद भी कुछ नही कर पाती है तो यह तो सरासर विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह है। गौरतलब है कि बिहार में महागठबंधन में सीटो के बंटवारे को लेकर नाटक चल रहा है। सीट शेयरिंग पर राजद और कांग्रेस की बात बनती नही दिख रही है। बिहार में उठापटक चालू है। राहुल गांधी के परनाना भले ही द डिस्कवरी ऑफ इंडिया नामक विख्यात पुस्तक के लेखक रहे हो, लेकिन राहुल अपना ही अध्याय लिखने को तत्पर है। बिहार की खोई हुई विरासत पुनः पाने के मिशन पर निकल पड़े है। उनके किसी भी हालत में सता हासिल करनी है। बीस वर्षों के विकास कर रहे नीतीश कुमार और गठबंधन सरकार के खिलाफ विदेश में जाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर निशाना साधने वाले राहुल के पास भाजपा को शिकस्त देने के लिए क्या यही मुद्दे बचे है? यात्रा में लोगो से हाथ मिलाना और जातिविहीन समाज सरीखे मुद्दे उठाना यही क्रम है। लेकिन उनको पता लग पाता इससे पहले ही वे कुछ कुछ ऐसा बोल देते है, जो मुद्दा बन जाता है। राहुल और प्रियंका नाम का ब्रांड बिहार की धूल घुसरित गलियों में अब उतारा जाएगा। गांधी परिवार के भाई बहन होने के बावजूद कांग्रेस को उम्मीदे बेहिसाब है। खानदान राहुल का बेहतरीन कार्ड है। गांधी परिवार के राहुल और बहन प्रियंका के पास बिहार को देने के लिए यही सब कुछ है। अब कांग्रेस कोई ताकत नही रही है। इनके पुरखो ने आजादी के बाद देश पर सबसे ज्यादा शासन किया है। यह एक ऐसी विरासत रही है, जिसका लोकतंत्र के इतिहास में कोई सानी नही था। लेकिन कांग्रेस अपनी ही करनी की शिकार हुई है। राजीव गांधी ने 1989 में चुनाव अभियान की शुरूआत अयोध्या से की थी। 1980 में संजय गांधी को उत्तरप्रदेश का मुख्यमंत्री चुने गए थे तो उन्होंने यह पद ठुकरा दिया था। बिहार चुनाव तक राहुल बिहार को कर्मभूमि बनाने के लिए सोच रहे है। लेकिन अभी भी अपने भाषण के पुरखो को याद करते है। गणतंत्र को आधुनिक रूप देने वाले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू आदर्शवादी नेता रहे थे। उसकी पुत्री प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी सिंडिकेट के घाघ बूढो को मात देकर वे उनके साये से निकल आई और उन्होंने देश मे महान नेत्री के पथ का मंच तैयार किया, लेकिन सोनिया और राहुल ऐसा कुछ नही कर सके, जिसको लोग लम्बे समय तक याद रखे। वे अपने पुरखों की याद ताजी करके जीते जागते इंसानों में उम्मीद जगा रहे है। वैसा ही प्रियंका वाड्रा अपनी दादी को याद कर उनके जीवन को देश के सामने साझा कर वोट मांगने की प्रक्रिया हर चुनाव में हम देख रहे है। बिहार में कांग्रेस और राजद के बीच सीट शेयरिंग को लेकर मन एक नही हुआ है। तेजस्वी अपनी पार्टी के रुख पर अड़े है तो राहुल ने कांग्रेस कार्यकताओं को मोलभाव करने के निर्देश दिए है। अब गठबंधन की चुनावी तैयारियों की बाधा बनता दिखाई दे रहा है। बिहार में राजद और कांग्रेस के लिए सीट बंटवारे को अंतिम रूप नही दिया गया है। चुनाव आयोग ने अधिसूचना जारी कर नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। राजद ने कांग्रेस को 61 सीटे देने का प्रस्ताव दिया। बिहार चुनाव में सीट शेयरिंग के लिए जेडीयू में भी बगावत देखने को मिली है।

# दीपावली: परंपरा से बाजारवाद तक का सफर

-सिकंदर बंसल-

भारत में दीपावली केवल एक पर्व नही, बल्कि आस्था, संस्कृति और उत्सव का ऐसा संगम है जो सदियों से लोगों को एक सूत्र में पिरोता आया है। इस पर्व की मूल भावना में प्रकाश से अंधकार का अंत, अच्छाई की बुराई पर विजय और नए उत्साह के साथ जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत निहित है। लेकिन समय के साथ इस पारंपरिक उत्सव के मायने भी बदलने लगे हैं। आज दीपावली सिर्फ पूजा, दीप और परिवार का त्योहार नहीं रही, बल्कि बड़े पैमाने पर उपभोक्तावादी बाजार का प्रतीक बन गई है। बदलते दौर में दीपावली एक फेस्टिव सीजन के रूप में देखी जाने लगी है, जहां धार्मिक भावनाओं से ज्यादा चर्चा खरीददारी, सजावट और विदेशी ब्रांड्स की होती है। दीपावली का शुभारंभ धनतेरस से होता है, जिसे समृद्धि और स्वास्थ्य का प्रतीक माना जाता है। भारतीय परंपरा में इस दिन भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्त्व है। पुराणों में उल्लेख मिलता है कि समुद्र मंथन के समय धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसलिए इस दिन कलश, बरतन, सोना-चांदी या कोई नई वस्तु खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसा विश्वास है कि इस दिन की गई खरीददारी से घर में लक्ष्मी का आगमन होता है और सुख-समृद्धि बनी रहती है। पुराने समय में लोग अपनी क्षमता के अनुसार मिट्टी के दीये, पीतल के बरतन या छोटी-छोटी उपयोगी वस्तुएं खरीदकर पारिवारिक परंपरा निभाते थे। धनतेरस का अर्थ केवल वस्तुएं खरीदना नहीं, बल्कि नए आरंभ का प्रतीक था, जीवन में नई ऊर्जा, समृद्धि और आशा के स्वागत का दिन। लेकिन अब यह पारंपरिक स्वरूप भी बाजारवाद की चकाचौंध में ढल गया है। धनतेरस पर आज सोने-चांदी से लेकर महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, गाडिड्डों और प्रॉपर्टी तक की खरीददारी की जाती है। शॉपिंग मॉल्स, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और बड़ी-बड़ी कंपनियां इस मौके को गोल्डन सेल में बदल देती हैं।

2024 के आंकड़ों के अनुसार, केवल धनतेरस के दिन भारत में 30,000 करोड़ रुपए से अधिक की खरीददारी हुई। यह परंपरा के आधुनिक और व्यावसायिक रूप का स्पष्ट संकेत है। पिछले कुछ दशकों में दीपावली के स्वरूप में जो परिवर्तन आया है, वह हमारे समाज की बदलती जीवनशैली को भी दशार्ता है। एक समय था जब दीपावली की तैयारी हफ्तों पहले शुरू होती थी, घर की सफाई, दीयों को तैयार करना, रंगोली बनाना, अपने हाथों से मिठाइयां बनाना और पड़ोसियों से बांटना इस उत्सव का स्वाभाविक हिस्सा हुआ करता था। गांवों और कस्बों में सामूहिक उत्सव का माहौल होता था। आज वही दीपावली बड़े शहरों में ब्रांडेड सजावट, चमकदार लाइटों और मिठाइयों के रेडीमेड पैकेटों में सिमटती जा रही है। लोग पहले जहां अपने हाथों से घर सजाते थे, अब डेकोरेशन एजेंसियों को बुलाकर काम करवाते हैं। दीयों की जगह रंग-बिरंगी चाइनीज लाइटों ने ले ली है। देशी मिट्टी के दीयों की जगह सस्ते विदेशी लाइटिंग प्रोडक्ट्स बाजार में छा गए हैं। इससे न केवल पारंपरिक कारीगरों की आजीविका पर असर पड़ा है, बल्कि सांस्कृतिक पहचान भी धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही है। एक अनुमान के अनुसार, दीपावली के दौरान भारत में 6, 000 करोड़ रुपए से अधिक का चीनी सजावटी सामान बिकता है। इसी तरह मिठाइयों के स्थान पर ब्रांडेड चॉकलेट और गिफ्ट बॉक्स का चलन तेजी से बढ़ा है। बाजार में दीपावली अब ह्यकंज्यूमर फेस्टिवलह्ण की तरह प्रस्तुत की जाती है। जहां एक ओर इस त्योहार की आर्थिक ताकत से व्यापार और उद्योग को गति मिलती है, वहीं दूसरी ओर पारंपरिक मूल्यों पर इसका असर भी नजर आता है। पहले दीपावली का अर्थ रिश्तों में मिठास और सामाजिक जुड़ाव होता था।

> **लोग एक-दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएं देते थे, मिठाइयां और प्रेम बांटते थे। अब वही शुभकामनाएं मोबाइल संदेशों और सोशल मीडिया पोस्टों में सिमट गई हैं। रिश्तों में वह आत्मीयता और व्यक्तिगत स्पर्श धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। धनतेरस और दीपावली अब छोटे व्यापारियों के लिए चुनौती भी बनते जा रहे हैं। विदेशी और बड़े ब्रांडों के दबदबे में स्थानीय मिट्टी के दीये बेचने वाले कुम्हार और घरेलू उत्पाद तैयार करने वाले कारीगर बाजार में पिछड़ जाते हैं।**

लोग एक-दूसरे के घर जाकर शुभकामनाएं देते थे, मिठाइयां और प्रेम बांटते थे। अब वही शुभकामनाएं मोबाइल संदेशों और सोशल मीडिया पोस्टों में सिमट गई हैं। रिश्तों में वह आत्मीयता और व्यक्तिगत स्पर्श धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। धनतेरस और दीपावली अब छोटे व्यापारियों के लिए चुनौती भी बनते जा रहे हैं। विदेशी और बड़े ब्रांडों के दबदबे में स्थानीय मिट्टी के दीये बेचने वाले कुम्हार और घरेलू उत्पाद तैयार करने वाले कारीगर बाजार में पिछड़ जाते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स की छूट और चमकदार पैकेजिंग पारंपरिक बाजार को पीछे छोड़ देती है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नुकसान पहुंचता है, जबकि विदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलता है। यह भी सच है कि समय के साथ परिवर्तन स्वाभाविक होता है। आधुनिक तकनीक और बदलती जीवनशैली ने दीपावली को अधिक भव्य बना दिया है। बिजली की रंगीन लाइटों ने घरों को और अधिक जगमग कर दिया है, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ने खरीददारी को आसान बना दिया है और दूर दराज बैठे रिश्तेदारों से वर्चुअल जुड़ाव ने भौगोलिक दूरी को घटाया है। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या इस बदलाव में हम अपनी जड़ों से दूर होते जा रहे हैं। दीपावली की रोशनी तभी पूर्ण होगी जब उसमें परंपरा और आधुनिकता का संतुलन हो।

विदेशी सजावटी सामानों के बजाय देशी दीयों और उत्पादों को प्राथमिकता दी जाए तो यह न केवल संस्कृति को संजोए रखने का कार्य होगा, बल्कि लाखों कारीगरों की आजीविका को भी सहारा मिलेगा। धनतेरस पर महंगी वस्तुएं खरीदने की होड़ लगाने के बजाय परंपरा का सम्मान करते हुए सादगी से उत्सव मनाया जा सकता है। अंततः दीपावली केवल बाजार नहीं, एक भावना है। यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि अंधकार चाहे कितना भी गहरा हो, एक छोटा सा दीपक भी उसे मिटा सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम आधुनिकता को अपनाते हुए भी अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखें। इस पर्व को केवल खरीददारी और दिखावे का उत्सव न बनने दें, बल्कि इसे रिश्तों, परंपरा और मानवीय संवेदनाओं से जोड़ें। तभी दीपावली वास्तव में अपने उद्देश्य को पूरा कर पाएगी, अंधकार पर प्रकाश की विजय।

स्वामी: गायत्री मीडिया, मुद्रक: रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादक: शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# गौ माता की सेवा हमारे संस्कारों का हिस्सा : दीपक गोयल



**मंडी धनौरा।** शनिवार को गौ सेवा आयोग सदस्य दीपक गोयल ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में हरा चारा, पशुओं के लिए पीने के लिए स्वच्छ पानी, सफाई व्यवस्था आदि का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान गौशाला में सफाई व्यवस्था और सभी पशुओं को दी जा रही सभी सुविधाएं सही पाई गई। इस दौरान गणमान्य लोगों ने गौ सेवा को बढ़ावा देने और गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस दौरान दीपक गोयल ने कहा कि गौ माता की सेवा हमारे संस्कारों का हिस्सा है

और सरकार इस दिशा में हरसंभव कदम उठा रही है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा, डॉ दीपाक्षी सिंह, डॉ नेपाल सिंह, विशाल शर्मा, निशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र के विकास को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले विधायक राजीव तरारा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर दीपावली एवं आगामी पर्वो की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस दौरान विधायक राजीव तरारा ने धनौरा विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों, सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति, जनसुविधाओं, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सिंचाई से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को क्षेत्र की जनता की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं से अवगत कराया तथा विभिन्न परियोजनाओं की शीघ्र पूर्णता का अनुरोध किया विधायक राजीव तरारा ने विशेष रूप से आगामी गंगा स्नान



महापर्व के अवसर पर धनौरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गंगा धाम तिगरी में लगने वाले वृहद मेले के संदर्भ में भी चर्चा की। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा इस मेले को भव्यता और सुव्यवस्था के साथ आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया एवं आयोजन की तैयारियों से संबंधित विषय उनके समक्ष रखे।इस पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में ऐसे सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन पूर्ण भव्यता, श्रद्धा और व्यवस्था के साथ होते रहेंगे। जिससे उत्तर प्रदेश की आस्था, संस्कृति और विरासत को नई ऊर्जा और पहचान मिलती रहे। मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं जनकल्याण के कार्यों को निरंतर गति देती रहेगी। विधायक राजीव तरारा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन एवं सहयोग से क्षेत्र के विकास कार्यों को और अधिक गति दी जाएगी। जिससे जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप हर क्षेत्र में प्रगति सुनिश्चित हो सके।

# पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने पालिका कर्मियों बांटी मिठाई



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने पालिका सभागार में पालिका के सभी कर्मचारियों को दीपों के त्यौहार दीपावली की बधाई दी और सभी को मिठाई का वितरण किया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल द्वारा दीपावली के पावन पर्व पर नगर को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सभी कर्मचारियों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गए। इस अवसर पर पालिका के समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# भाकियू किसान यूनियन किसान एकता की बैठक का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शुक्रवार को नगर के एक बैंकट हॉल में भारतीय किसान यूनियन किसान एकता के प्रदेश अध्यक्ष हेतराम सैनी के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष हेतराम सैनी ने कहा कि हमारे देश में भारतीय किसान यूनियन के काफी संगठन हैं। जिसमें कुछ संगठनों में कुछ व्यक्ति संगठन को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने पहाड़पुर इनायत में हुए मारपीट के प्रकरण को लेकर कहा कि वहां एक व्यक्ति के साथ धारदार हथियार से मारपीट की गई थी। जिस मामले में



पुलिस ने दो युवकों को पकड़ा था। लेकिन गुरमीत उर्फ चंचू व सौवीर सिंह ने पुलिस प्रशासन पर अनैतिक दबाव बनाकर उन युवकों को छुड़वा लिया था। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हेतराम सैनी ने सभी संगठनों से अपील करते हुए कहा कि जो व्यक्ति भारतीय किसान यूनियन को बदनाम करने का काम कर रहे हैं ऐसे व्यक्तियों को संगठन से बाहर कर देना चाहिए। और प्रशासन को निष्पक्ष जांच कर ईमानदारी से अपना काम करना चाहिए।

# फारूक़-ए-आज़म रज़ियल्लाहु अन्हु की शान में मुनक़बती मुशायरा आयोजित

*** शायरों ने पेश किए असरदार कलाम, हज़ारों शायराना रंग में डूबे**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नौगांवा।** बज़्म-ए-खुलफ़ा-ए-राशिदीन के ज़ेरे-एहतमाम 17 अक्तूबर 2025, जुमे की नमाज़ के बाद मदरसा अंसारुल उलूम नई बस्ती, नौगांवा में हज़रत उमर फ़ारूक़ रज़ियल्लाहु अन्हु की शान-ए-अक़दस में एक रूहपरवर मुनक़बती मुशायरा का शानदार आयोजन किया गया।इस मुशायरे का मकसद हज़रत फ़ारूक़-ए-आज़म रज़ियल्लाहु अन्हु की अदालत, शुजाअत, खिलाफ़त और खिदमात-ए-इस्लाम को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश करना था।मुशायरे की सदारत हज़रत मुफ्ती अब्दुर्रहमान क़ासमी दामत बरकातुहुमुल आलिया ने फ़रमाई, जबकि निज़ामत के फ़राइज़ मशहूर नाज़िम-ए-मुशायरा मुजाहिद हसनैन हबीबी ने अपने खुशनुमा अंदाज़ में




अंजाम दिए। प्रोग्राम की शुरुआत तिलावत-ए-क़ुरआन और नात-ए-रसूल से हुई। उसके बाद शायरों ने बारगाह-ए-फ़ारूकी में अपने दिलनशीन अशआर पेश किए, जिन पर हाज़िरीन बार-बार दाद देते नज़र आए। चुनिंदा अशआर ने महफ़िल का रंग और भी निखार दिया, जैसेः- ÷पढ़ लिया उमर ने जब ला इलाहा इल्लल्लाह, बन गए उमर से फिर हज़रत उमर फ़ारूक़÷- क़ैसर रज़ा नौगांवी, ÷दीन की हिमायत में आप जब निकल आए, आया क़स्र-ए-बातिल में ज़लज़ला उमर फ़ारूक़÷- अब्दुल सत्तार राही, ÷कोई भूखा तो नहीं मेरी खिलाफ़त में कहीं, ढूँढ़ते फिरते थे रातों को ये घर-घर फ़ारूक़÷- मौलाना सअद अमरोही, ÷लहूँ में डूबा फ़लस्तीं जाकर देखा, क़सम खुदा की बहुत याद आ रही है उमर÷- जिगर नौगांवी। हज़ारों की तादाद में लोगों ने इस मुशायरे में शिरकत कर सहाबा से अपनी मुहब्बत का इज़हार किया।मेहमान-ए-खुसूसी के तौर पर मुफ्ती फ़ुरक़ान साहब, मुफ्ती रिज़वान साहब, मुफ्ती अंसार साहब, मुफ्ती मुशाहिदुस्सलाम साहब, क़ारी अब्दुल हफ़ीज़ साहब, जनाब जुबैर भाई (चेयरमैन जोया), हाजी नसीम साहब, फ़ुज़ैल लोजी, मुफ्ती इरफ़ान साहब और हाजी रईस साहब समेत कई मुहतरम हस्तियों ने शिरकत कर प्रोग्राम की रौनक बढ़ाई। कार्यक्रम मुफ्ती मोइनुद्दीन साहब, हाफ़िज़ मुहम्मद फरमान साहब और मुफ्ती अखलाक साहब की निगरानी में सम्पन्न हुआ और समापन हज़रत मुफ्ती अब्दुर्रहमान साहब की पुरअसर दुआ पर हुआ।

# आचार्य प्रमोद पर लगाया कांग्रेस नेता अमित उठवाल ने भूमि कब्ज़ाने का आरोप

*** प्रेस कान्फ्रेंस कर किया खुलासा, गाटा संख्याओं को लेकर किए सवाल खड़े**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी आरटीआई. विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी पश्चिमी उ0 प्र0 एवं वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ अमित कुमार उठवाल ने प्रेस वार्ता कर बताया कि संभल के राजस्व ग्राम एंचौड़ा कम्बोह के गाटा संख्या 283 जो कि राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक पार्क के रूप में दर्ज है उक्त भूमि के अंशिक भाग लगभग 252 वर्ग मीटर पर मस्जिद बनी थी जोकि स्थानीय प्रशासन द्वारा ध्वस्त करा दिया था। उक्त भूमि पर अबैध कब्जे के सम्बन्ध 6/8/2025 को मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारीयों को पत्र प्रेषित भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराने की मांग की गई थी जोकि जनशिकायत के रूप में दर्ज हुई उक्त के निस्तारण में लेखपाल, कानूनगो, तहसीलदार की आख्या के उपरांत उपजिलाधिकारी संभल ने जिलाधिकारी संभल को पत्र प्रेषित कर कहा कि गाटा संख्या 283 आदि पर किसी का कोई कब्जा नहीं है भूमि खाली पड़ी है उक्त के उपरांत जिलाधिकारी संभल द्वारा 3/10/2025 को राजस्व परिषद को पत्र प्रेषित कर कहा कि भूमि पर किसी का कब्ज़ा नहीं है भूमि मौके. पर खाली पड़ी है उक्त के तत्काल बाद उक्त भूमि पर बनी मस्जिद को ध्वस्त करवा दिया प्रश्न बनता है कि जिलाधिकारी संभल ने द्वारा राजस्व परिषद



को भ्रमित किस कारण से प्रेषित किया गया है। उक्त गाटा संख्या 283 के खतौनी पर सन 1988 में प्रमोद त्यागी ने फर्जी प्रवष्टि. कराकर भूमि इंदिरा गाँधी मेमोरियल स्कूल के नाम दर्ज करा दी जिसे न्यायालय उपजिलाधिकारी संभल द्वारा आदेश 3/4/2008,11/08/2008 एवं 3/09/2015 द्वारा फर्जी प्रवष्टि से दर्ज किये गए इंदिरा गाँधी मेमोरियल स्कूल का नाम निरस्त कर पूर्व की भांति खलियान के रूप में दर्ज कर दिया उसके उपरांत प्रमोद त्यागी अर्थात आचार्य प्रमोद कृष्णन्म ने सन 2015 में तत्कालीन समाजवादी. सरकार के एक कद्दावर नेता के सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार से गजट कराकर गाटा संख्या 283 को खलियान से निरस्त कराकर सार्वजनिक पार्क के रूप में दर्ज करा लिया आचार्य प्रमोद कृष्णन्म विगत 4 दशक से इस सरकारी भूमि पर अबैध कब्ज़ा करने का प्रयास करते रहे है। प्रमोद कृष्णन्म की निजी संपत्ति का गाटा संख्या 282 है

जिसमें कल्कि मंदिर का निर्माण करा रहे है उन्होंने सरकारी भूमि गाटा संख्या 283 के तरफस्वीकृति भूचित्र के विरुद्ध गेट लगा लिया है तथा गाटा संख्या 283 जोकि सार्वजनिक पार्क की भूमि है पर खुदाई करा रहे हैं उसी भूमि पर शिला पट रखे है उक्त के साथ ही सरकारी भूमि गाटा संख्या 452,451,450,284,285 पर भी अबैध कब्ज़ा करने का प्रयास कर रहे है। जब सरकारी भूमि गाटा संख्या 283 के करीब 252 वर्ग मीटर भाग ओर अवैध कब्ज़ा करके बनाई गई मस्जिद को ध्वस्त कराया गया है तो बाकि भूमि को भी कब्ज़ा मुक्त कराया जाए तथा स्वीकृत भूचित्र के विरुद्ध सरकारी भूमि गाटा संख्या 283 के तरफ लगाए गए गेट को बंद कराकर सरकारी भूमियों को कब्ज़ा मुक्त कराकर सरकारी कब्जे में लिया जाये तथा सम्बंधित भूमाफ्यिा के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही की जाए। केवल मस्जिद को ध्वस्त करना और अन्य भूमाफ्यिा का संरक्षण करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। अल्पसंख्यक वर्ग पर एकतरफा कार्यवाही कर रही है। जनपद संभल के अधिकारी भाजपा के कार्यकर्त्ता के रूप में काम कर रहे है सरकार एवं प्रशासनिक अधिकारीयों को चाहिए की बह बिना भेदभाव के कार्यवाही करें। सरकार इसका संज्ञान लेते हुए सभी सरकारी संपत्तियों से अवैध कब्जे हटवाकर भूमियों को सरकारी कब्जे में ले तथा भूमाफ्यिा आचार्य प्रमोद कृष्णन्म के खिलाफप्रभावी कार्यबाही करें ताकि जनता को एक सन्देश जाए कि सरकार बिना भेदभाव के कानून.सम्मत कार्यवाही करती है। अगर सरकारी संपत्ति पर अबैध रूप से बनी मस्जिद ध्वस्त हुई है तो बाकी संपत्ति से भी अबैध कब्ज़ा हटा है ताकि जनता का विश्वास सरकार पर बना रहे।

# सदर विधायक महबूब अली ने की मजार पर चादरपोशी, मांगी अमन-शांति की दुआ

*** दरगाह परिसर में प्याऊ व हाईमास्ट लाइट का किया उद्घाटन, इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने की घोषणा**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** शनिवार को नगर के मोहल्ला लकड़ा दरबार मियाँ मौज़ रह0 स्थित हज़रत मौलाना शाह अजुददीन रह0 की दरगाह पर विधायक अमरोहा एवं पूर्व केबिनेट मंत्री श्री महबूब अली ने चादरपोशी कर शहर, प्रदेश व देश में अमन-चैन की दुआ मांगी। इस अवसर पर उन्होंने अपनी विधायक निधि से दरगाह परिसर में स्थापित शीतल जल प्याऊ और हाईमास्ट लाइट का उद्घाटन भी किया। श्री अली ने घोषणा की कि जल्द ही दरगाह परिसर में इंटरलॉकिंग



टाइल्स बिछाने का कार्य कराया जाएगा, जिससे ज़ायरीन को बेहतर सुविधा मिल सके। विधायक ने कहा कि दरगाह मियाँ मौज़ रह0 का इतिहास बहुत पुराना है और यहाँ देश-विदेश से आने वाले ज़ायरीन अपनी मुरादें लेकर आते हैं और उन्हें बरकत हासिल होती है। इस मौके पर दरगाह के सज्जादानशीन अब्दुल हादी, सुब्हान तुर्क (मालिक फौजी बीड़ी), मुमताज़ खां, कौसर अली अब्बासी, मुख्तार नक़वी, बब्बू खां, मोहम्मद हारून, असलम सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. दीपिका शर्मा सम्मानित

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत ब्लू बर्ड इंटरनेशनल स्कूल, मंडी धनौरा में आयोजित महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और जेंडर मुद्दों पर क्षेत्रीय कॉन्फ्रेंस एवं कार्यशाला में हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अमरोहा की शिक्षिका डॉ. दीपिका शर्मा को समाज में महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती स्मृति गुप्ता वत्स एवं मुख्य संयोजक पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द रहे। इस अवसर पर डॉ. शर्मा को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉ. शर्मा ने महिला सुरक्षा के सामाजिक पहलुओं पर अपने विचार रखते हुए छात्राओं में आत्मविश्वास और जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। उनके विचारों की



अधिकारियों एवं शिक्षाविदों ने सराहना की। कार्यक्रम से लौटने पर कॉलेज में डॉ. शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कॉलेज प्रबंधन, शिक्षकों और छात्राओं ने उनके सम्मान में उत्सव जैसा माहौल बना दिया। कॉलेज के प्रबंधक डॉ. सिराजुद्दीन हाशमी एडवोकेट ने उन्हें कॉलेज के प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा ÷डॉ. दीपिका शर्मा जैसी शिक्षिकाएँ हमारे संस्थान का गौरव हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल हाशमी कॉलेज के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह हमारी छात्राओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।÷ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रिजवाना ने भी बधाई देते हुए कहा कि डॉ. शर्मा के प्रयासों से छात्राओं में आत्मविश्वास और जागरूकता की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षकगण, छात्राएँ एवं प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। पूरे कॉलेज परिसर में गर्व और उल्लास का वातावरण व्याप्त रहा।

# कुश्ती दंगल के भव्य आयोजन मे खिलाड़ियों का बढ़ाया अतिथियों ने हौंसला

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल एवं कन्या गुरुकुल ग्राम कल्याणपुर के प्रांगण में स्वर्गीय शवचरन त्यागी की 28 वीं एवं कुंवर प्रांकुल त्यागी की तीसरी स्मृति में एक भव्य कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसका उद्घघाटन मुख्य अतिथि प्रेमराज सिंह त्यागी, सुधीर त्यागी, एवं विजयवीर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी ने संयुक्त रूप से पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। दंगल में मुख्य रूप से छत्रपाल, आरएसएस के जिला प्रचारक संजीव, गगन, ओमप्रकाश, दीपक चौधरी, राहुल त्यागी, धर्मदेव सिंह भाटी, स्वामी आत्मानंद मुनी डॉ आनंद राघव, संजीव चौधरी, मास्टर रवि त्यागी, सौरव त्यागी, चौधरी प्रवेंद्र, हर्ष शर्मा, सुमित त्यागी, पियूष त्यागी, चंद्रकांत शर्मा, फिरोज खा आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। दर्शकों ने उत्साहपूर्वक पहलवानों का हौसला बढ़ाया और पूरे आयोजन



में खेल भावना का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। दंगल प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में 25 केजी भार वर्ग में सुनीति सम्भल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, श्रद्धा सम्भल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 30केजी भार वर्ग में सुनीति सम्भल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दिव्य मुरादाबाद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 40केजी भार वर्ग में शबाना अमरोहा प्रथम स्थान प्राप्त किया, पायल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 50 किलो भार वर्ग में, तनु अमरोहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, राधा अमरोहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में 35 केजी में ताल्हा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अर्पित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, हैप्पी यादव ओर सूफ़ियान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 45 केजी मे अयान मुरादाबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, हमजा अलीगढ़ ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 50 केजी में अश्नैन सम्भल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अनु त्यागी सम्भल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 57 केजी मे अर्श खान मुरादाबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किय। पिकी सम्भल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 61 केजी में हरघून सम्भल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रॉबिन शर्मा सम्भल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल के संचालक भोले त्यागी जी ने सभी अतिथियों एवं पहलवानों का आभार व्यक्त किया।

# छात्राओं ने दीपावली के उपलक्ष मे विद्यालय मे बनाई रंग बिरंगी रंगोली

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** प्राथमिक विद्यालय आलम सराय देहात में दिवाली के पावन अवसर पर बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए रंग-बिरंगी रंगोलियाँ बनाई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, सौंदर्य और मित्रता का प्रेम आज़माना रहा।स्कूल में दिवाली का त्योहार पूरे उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विशेष बात यह रही कि इसमें विद्यालय की छात्राएँ मोनी, मानवी सागर, आकृति, उपासना, राशिराज, दिया सागर, दिवंशी, रानी, वैष्णवी, दृष्टि, सोनी और वैशाली आदि ने मनमोहक और पारंपरिक रंगोलियाँ बनाई, जो देखने में बहुत सुंदर और आकर्षक थीं।प्रधानाध्यापक वसीम अख्तर ने बच्चों के प्रयास और रचनात्मकता की प्रसंसा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में आपसी सहयोग और भारतीय परंपराओं का संस्कार मजबूत होता है। सहायक अध्यापिकाएँ निशा, अज़रा, बागेश्वरी, सपना और द्रोपा ने भी मेहनत से छात्राओं का मार्गदर्शन किया, जिससे



पूरा विद्यालय परिसर रंगीन होता दिखा।दिवाली की अनूठी खुशियों में रंगोली सजाने का ये अनुभव बच्चों के लिए सीख और मनोरंजन का स्रोत रहा। पूरा विद्यालय परिसर दीपकों की रोशनी और बच्चों की मुस्कुराहटों से जगमग था। विद्यालय के इस उत्सव का मकसद केवल त्योहार मनाना ही नहीं बल्कि बच्चों में सकारात्मक सोच और सहयोग की भावना का विकास भी है।यह कार्यक्रम बच्चों के स्वाभाविक प्रतिभा और सौंदर्य की अनुभूति का प्रतीक बन गया। पूरे दिन विद्यालय में खुशी और उमंग का माहौल रहा, जो दीवाली की खुशियों का संदेश पूरे इलाके में फैलाने में मददगार साबित हुआ।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस- डीएम ने दिए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

**जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं- डीएम**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान जनसुनवाई में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 11 शिकायतें राजस्व विभाग, 6 पुलिस विभाग, 2 विद्युत विभाग, 2 विकास विभाग, 1 चकबंदी विभाग और 1 डूडा से संबंधित थीं। इनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों में पुलिस व राजस्व विभाग



की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागज़ी नहीं बल्कि ऐसा हो कि लाभार्थी संतुष्ट महसूस करे। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि पुलिस संबंधी शिकायतों का शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि जनता का विश्वास पुलिस व्यवस्था पर कायम रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पीडी डीआरडीए अम्बरीष कुमार, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, उप जिलाधिकारी शैलेश कुमार दुबे सहित अन्य जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# दीवाली पर देश की मिट्टी से बने दीये जलाने के लिए लगाया सपा नेता ने ठेला

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** देश की मिट्टी से बने दीये घरो मे रौशन करने और विदेशी चाईनीज़ वस्तुओं का वहिष्कार करने के लिए सपा जिला सचिव ने पहल करते हुए मिट्टी के दीयों का वितरण किया।

शनिवार को सपा जिला सचिव एवं समाजसेवी सईद अख्तर इसराईली ने नगर के हातिम सराय मौहल्ले मे मिट्टी के बर्तनों का दीपावली के मौके पर ठेला लगाकर चाईनीज़ वस्तुओं का वहिष्कार करते हुए देश की मिट्टी से बने बर्तनों का इस्तेमाल करने की सभी से अपील की और हिन्दु मुस्लिम भाईचारे का पैग़ाम देते हुए एकता बनाये रखने पर बल दिया। सईद अख्तर ने कहा कि हमारे गरीब लोग कितनी मेहनत करके दीपावली और दूसरे त्यौहारों के लिए मिट्टी के बर्तन व दीये बनाते हैं हमे अपने देश की मिट्टी से बने दीयो और बर्तनों का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इस दौरान हाथों मे लिखे स्लॉन लेकर विदेशी वस्तुओं का वहिष्कार करते हुए विरोध जताया।



P-08:28 paga09_jhn.qxd 10/18/2025 6:30 PM Page 1



## धमकी देने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर/केमरी।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान ने शुक्रवार को बताया कि थाने के उप निरीक्षक रोहित कुमार की टीम ने प्रेमपाल पुत्र मेवाराम निवासी भंवरकी को मुझियाना तिराहे से गिरफ्तार किया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया पकड़े गए वांछित अभियुक्त सहित दो व्यक्तियों के विरुद्ध बीती दस अक्टूबर को वादी ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और धमकी देने का आरोप लगाकर मुकदमा पंजीकृत कराया था।

## सोहनलाल पटेल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार (रामपुर)** अपना दल एस पार्टी के संस्थापक यशकाई डाक्टर सोनेलाल पटेल जी की पुन्य तिथि पर जनपद जौनपुर की विधानसभा मड़ियाहूं के रामलीला मैदान में आयोजित अपना दल एस कार्यकर्ता सम्मेलन में स्वार जनपद रामपुर से माननीय विधायक शफीक अहमद अंसारी जी ने अन्य पार्टी विधायकों व राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों एवं हजारों कार्यकर्ताओं के साथ सम्मेलन में शामिल होकर पार्टी संस्थापक यशकाई डाक्टर सोने लाल पटेल जी को श्रद्धांजलि दी।

## आरोपी को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के ग्राम छितौनी निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी इंतज़ार पुत्र इदरीस को गिरफ्तार किया है। वादी के अनुसार, इंतज़ार उनके घर में घुसकर उनकी पुत्री के साथ दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था। तभी वादी का पुत्र घर आ गया और शोर मचाने पर मोहल्ले वालों ने इंतज़ार को मौके पर ही पकड़ लिया। लोगों ने पकड़े गए अभियुक्त को पुलिस के हवाले कर दिया। थाना सैफनी पुलिस ने तत्काल विधिक कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

## शहर विधायक ने स्वदेशी मेले में किया प्रतिभाग



* **स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल का किया अवलोकन।**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** यूपी ट्रेड शो के अंतर्गत लगे स्वदेशी मेले के नवें दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मा. शहर विधायक श्री आकाश सक्सेना ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने सभी रामपुर वासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और मेले में लगाये गये स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वदेशी मेला-2025 न केवल स्थानीय उत्पादों और उद्यमियों को प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि यह आयोजन प्रदेश में आत्मनिर्भरता, स्वदेशी भावना और उद्यमिता के प्रसार की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल सिद्ध हो रहा है। इस दौरान मा. शहर विधायक ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किया और विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को टूल किट बांटे।

## रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** कार्यक्रम का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया । इसके उपरांत आरटीसी महिला प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को उत्साह और उमंग से भर दिया । प्रशिक्षुओं ने दीपावली के पावन संदेश – ÷अंधकार से प्रकाश की ओर÷ – को अपने मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से सजीव रूप में प्रदर्शित किया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी के जीवन से प्रेरित कविताओं के संग्रह पर आधारित 'तेजस्विनी' मासिक पत्रिका का विमोचन किया गया । इस पत्रिका का उद्देश्य समाज में महिलाओं की सशक्त भूमिका, आत्मविश्वास और संघर्षशीलता के संदेश को व्यापक स्तर पर पहुँचाना है ।

## दीपावली की शुभकामनाएं दी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** दीपावली पर्व के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री विद्यासागर मिश्र के निर्देशानुसार जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारीगण द्वारा शहीद पुलिस कर्मियों, सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों तथा ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों से आत्मीय भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी जा रही हैं । दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देने के क्रम में थाना प्रभारी खजुरिया द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत निवास कर रहे सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों से ससम्मान भेंट की गई । इस अवसर पर थाना प्रभारी ने सभी को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें सॉल औढ़ाकर सम्मानित किया और मिष्ठान वितरण कर आत्मीय संवाद स्थापित किया।

## आत्मीय भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** दीपावली पर्व के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक, रामपुर श्री विद्यासागर मिश्र के निर्देशानुसार जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारीगण द्वारा शहीद पुलिस कर्मियों, सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों तथा ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों से आत्मीय भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी जा रही हैं । दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं देने के क्रम में श्री अतुल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा आज दिनांक 17.10.2025 को ग्राम धनौरा, थाना स्वार स्थित पुलिस परिवार के सेवानिवृत्त साथी श्री मदन जी (उम्र 70 वर्ष) से उनके निवास स्थान पर जाकर आत्मीय मुलाकात की गई । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ने उनका कुशलक्षेम जाना , उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा मिष्ठान भेंट कर उनके प्रति सम्मान एवं स्नेह व्यक्त किया ।

## प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया



**रामपुर।** शहर स्थित रोशन बाग पार्क में लगे यू.पी. ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 के अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही मेले का समापन किया गया। जिसमें सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गयी और उन्हे, प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इसके साथ ही मेले में स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य द्वारा लगाये गये सभी स्टॉल धारकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्टॉल धारकों ने मेले का अनुभव साझा किया और जिला उद्योग केंद्र का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने दिवाली के त्योहार से पहले उद्यमियों को इतना अच्छा मंच प्रदान किया, जिसमें उन्हें निःशुल्क स्टॉल मिली और साथ ही रामपुर वासियों ने बढ़-चढ़कर खरीदी की। सहायक आयुक्त उद्योग श्रीमती निहारिका जैन ने बताया कि जनपद रामपुर के रोशन बाग पार्क में 09 से 18 अक्टूबर,2025 तक लगे स्वदेशी मेले में सभी जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया और मेले की खूब प्रशंसा भी की। मेले में जिले में बने उत्पादों को प्राथमिकता दी गई , जिसमें सभी रामपुर के स्थानीय उत्पाद जैसे जरी, पैचवर्क, चाकू, एल्युमिनियम से बने यूनिक वॉल पीस और आयुर्वेदिक दवा के साथ-साथ डॉक्टर द्वारा बीपी शुगर नापने की सुविधा भी मौजूद रही।

## नगलागनेश चौराहे पर बाइक सवार की मौत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** खौद थूनापुर रोड पर नगलागनेश चौराहे के पास ट्राली पिकप की चपेट में आने से नगलिया आकिल निवासी बाइक सवार शरीफ अहमद (55 वर्षीय) की मौके पर मौत हो गई और अनीस अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रामपुर भेजा गया। जिला चिकित्सालय स्थित पोस्टमार्टम हाउस पहुंच कर रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने मृतक के परिजनों का हाल जाना और डॉक्टरों से बात करके मृतक का पोस्टमार्टम करवाया। शनिवार की सुबह 7 बजे मृतक शरीफ अहमद अपने साथ अनीस अहमद को लेकर रूद्रपुर मजदूरी करने जा रहा था, कि रास्ते में नगलागणेश चौराहे के पास ईट भट्टे पर थूनापुर की ओर से तीव्र गति से आ रहे पिकप और ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से शरीफ अहमद घायल हो गए, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई।

## पटाखा बाजार का किया गया निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक,रामपुर द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन के पर्याप्त प्रबंध, दुकानों की वैधता, अग्निरोधक यंत्रों की उपलब्धता, विद्युत कनेक्शन की स्थिति, यातायात व्यवस्था आदि मानकों की गहन समीक्षा की गई । साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को यह निर्देश दिए गए कि बाजार में आने वाले नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु पर्याप्त तैयारी रखी जाए। पुलिस अधीक्षक,रामपुर द्वारा पटाखा विक्रेताओं से सुरक्षा नियमों का पूर्ण पालन करने, निर्धारित समय में ही बिक्री करने, तथा लाइसेंस प्राप्त स्थानों पर ही व्यापार करने हेतु भी जागरूक किया गया । तथा नागरिकों से अपील की कि वे सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाएँ तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल आपातकालीन नंबर 112 पर सूचना दें ।

## सदर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 15 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को अग्रसारित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने विगत सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतों पर की गई कार्यवाही का फीडबैक रजिस्टर का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों से प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

## आउटडोर परीक्षा का आयोजन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक,रामपुर द्वारा पुलिस लाइन रामपुर में संचालित यातायात प्रशिक्षण कोर्स के अंतर्गत आरक्षी एवं मुख्य आरक्षीगण की आउटडोर परीक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक,रामपुर द्वारा परीक्षा की व्यवस्था, प्रशिक्षण पद्धति एवं अनुशासन का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय भी उपस्थित रहे । पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिसकर्मियों को यातायात नियमों की जानकारी, सड़क सुरक्षा, जनता के प्रति व्यवहारिक सुधार एवं पेशेवर दक्षता बढ़ाने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । साथ ही यह भी कहा गया कि ÷यातायात व्यवस्था आमजन की सुरक्षा से सीधा जुड़ा विषय है, इसलिए प्रत्येक पुलिसकर्मी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सजगता के साथ करना चाहिए ।

## सामूहिक विवाह योजना का आनलाइन पोर्टल



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी हेतु सामूहिक विवाह के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आनलाइन पोर्टल https://cmsvy.upsdc.gov.in प्रारम्भ किया गया है, जिस पर वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन की प्रक्रिया संचालित है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री सूरज कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह हेतु आवेदन की प्रक्रिया के तहत योजना के अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट/पोर्टल cmsvy.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। अन्य किसी माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

## जागरूकता चौपाल का आयोजन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग द्वारा थीम जागरूकता चौपाल का आयोजन ग्राम पंचायत अहमदनगर जागीर ब्लॉक चमरौआ में किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा साइबर क्राइम जैसे अपराध के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया। साइबर अपराध जो एक महत्वपूर्ण विषय है जो हमारे डिजिटल युग में एक बड़े खतरे के रूप में उभरा है। जो हमारे व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को प्रभावित करता है। साइबर क्राइम एक प्रकार का अपराध है जो कंप्यूटर इंटरनेट और अन्य डिजिटल उपकरणों का उपयोग करके किया जाता है। यह अपराध कई रूपों में हो सकता है। जैसे हैकिंग, फिशिंग, साइबर, बुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर आतंकवाद, साइबर क्राइम के प्रभाव बहुत ही गंभीर होते हैं।

## अपराध की रोकथाम हेतु जागरुक किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर ठगी से बचाव एवं रोकथाम हेतु चलाये चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत केशव इंटर कॉलेज ग्राम के खारदिया थाना स्वार, पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को साइबर अपराध की रोकथाम हेतु जागरुक किया गया ।अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन, बरेली के निर्देशानुसार आमजन में डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर ठगी से बचाव एवं रोकथाम हेतु साइबर अपराध जागरूकता संबंधी विशेष अभियान चलाया जा रहा है ।

## गाइड कैम्प का हुआ समापन समारोह



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मिलक।** रामपुर शनिवार 18 अक्टूबर 2025 को दरशन अकादमी, रठौंडा में तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड कैम्प का समापन समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे बलराम सिंह, मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट एंड गाइड, रामपुर तथा प्रधानाचार्य, जमुनादास इंटर कॉलेज, माठखेड़ा । विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## इंटर कॉलेज में दीपावली का त्यौहार मनाया



**भारत टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/ रामपुर** शनिवार 18 अक्टूबर 2025 को मिलक नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक में दीपावली का कार्यक्रम बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर राजकुमार माहेश्वरी, उपाध्यक्ष तुलाराम गंगवार, प्रबंधक सुरेश चंद्र गंगवार, उप प्रबंधक हरिओम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कपिल देव अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य बाबूराम गंगवार, सर्वेश अग्रवाल, योगेश कुमार बंसल एडवोकेट, विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह जी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती व भगवान श्री राम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर किया।

## खूब विके बर्तन और झाड़ू



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** धनतेरस के त्योहार पर बाजारों में पूरे नगर में अच्छी खासी रौनक दिखाई दी रंग बिरंगा घरों का सामान लाइट खीले बताशे खिलौना एवं झालर तथा खास तौर पर बर्तन तथा झाड़ू कि लोगों ने जमकर खरीदारी की कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धन्वतरि त्रयोदशी मनायी जाती है, जिसे %धनतेरस% कहा जाता है। यह मूलतः धन्वन्तरि जयंती का पर्व है और आयुर्वेद के जनक धन्वन्तरि के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। धनतेरस के दिन नये बर्तन या सोना-चांदी खरीदने की परम्परा है। धनतेरस पर बर्तन खरीदने की शुरुआत कब और कैसे हुई,धनतेरस धन, वैभव एवं सुख समृद्धि का प्रतीक है। दीपावली और धनतेरस को लेकर पटाखों, मिठाई, बर्तन और सर्राफा बाजार में रौनक बढ़ गयी है। खरीददार त्योहार की खरीददारी करने लगे हैं।

## बैंक खातों में भेजी गयी प्रथम किश्त



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जनपद रामपुर ने एक और उपलब्धि हासिल की है, जिसके अंतर्गत पंचायती राज विभाग द्वारा व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु चयनित लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि का त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया गया है। जनपद रामपुर में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण को गति देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पंचायती राज विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले 4,336 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में शौचालय निर्माण प्रोत्साहन राशि की पहली किश्त 2.60 करोड़ रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक अंतरित की गई है।

## किसान दिवस का आयोजन किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** गत माह में आयोजित किसान दिवस में कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्याओं/ शिकायतों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा किए गए निस्तारण को पढ़कर सुनाया गया। किसान दिवस में प्रदेश महा सचिव, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) श्री हसीब अहमद द्वारा अवगत कराया गया कि पटवाई माइनर, अजीतपुर माइनर, हाजीपुर माइनर पर अबैध कब्जा है जिसे कब्जा मुक्त कराया जाये।

## दीपावली पर रोशनी से नहायेगा रामपुर



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** दीपावली के मौके पर रामपुर शहर को जगमग करने की तैयारी जोरों पर है। पालिका प्रशासन ने सड़कों को लाइटों से सजाने का काम शुरू कर दिया है, जिससे शहर का माहौल रोशन और आकर्षक हो जाएगा। इसके अलावा, सफाई व्यवस्था भी चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शहर स्वच्छ और सुंदर दिखे,नगर पालिका चेयरपर्सन सना मामून ने सभी सम्बंधित विभागों की बैठक लेकर दीपावली के मौके पर नगर की सफाई व्यवस्था और पथ प्रकाश व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली पर नगर रोशनी से जगमग रहेगा।

## धूमधाम से मनाई गई दीपावली



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** श्री डालचन्द इंटर कॉलेज, धुरियाई में शनिवार को दीयों का पर्व दीपावली बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को रंगोली और दीपों से सजाया गया, जिससे वातावरण उत्साह और उमंग से भर गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार शर्मा ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार से प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को संदेश देते हुए कहा, ÷पटाखों की आवाज से गूंज रहा संसार, दीपक की रोशनी छात्रों का प्यार, मुबारक हो आपको दीपावली का त्योहार।÷ इस कार्यक्रम में कक्षा 12 की छात्राओं अर्शी, जूवी, फिजा, शाइन, फरहा, सीमा, फैजीन, सानिया, आलिया, स्वाति, ज्योति, नेहा और डॉली ने सुंदर रंगोली बनाकर सबका मन मोह लिया।

## एसडीएम की अध्यक्षता में हुआ तहसील समाधान दिवस

**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहाबाद।** शनिवार को हुए तहसील समाधान दिवस में कुल आठ शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से दो का मोके निस्तारण कर दिया गया।

शेष बची हुई शिकायतों को संबंधित विभाग को भेज दिया गया

शाहबाद उपजिलाधिकारी आशुतोष कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों को निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना करें तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करें लापरवाही करने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी धनतेरस के त्यौहार के कारण फरियादियों की संख्या कम देखी गई।

## दीवाली मेले का हुआ आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर में स्थित मनोरगा इंग्लिश मीडियम स्कूल में दीवाली मेले का आयोजन किया गया। जिसमे सभी कक्षाओं के बच्चों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। किसी ने फास्ट फूड का स्ट्रॉल लगाया तो किसी ने पानी पूरी का । किसी ने भेल पूरी, मूंगफली, समोसे आदि का स्टॉल लगामा । मेले का उद्‌ घाटन स्कूल अध्यक्ष बीना गुप्ता ने फीता काटकर किया। इसमे स्कूल के प्रबन्धक रवि गुप्ता , प्रधानाध्यापक नेहा गुप्ता व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## मुझको खुदारा गलत ना समझना-ताहिर फराज



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** एस के ज्वैलर्स की ओर से लगाए कस्तूरबा गांधी पक्षी विहार झील15 दिवसीय दिवाली महोत्सव मे शानदार इंडिया मुशायरा अयोजन उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर मे

आज एस के ज्वैलर्स की ओर से लगाए कस्तूरबा गांधी पक्षी विहार झील 15 दिवसीय दिवाली महोत्सव इसके अलावा रामपुर के मशहूर डांस विदमि इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर जुहैब खान भी अपनी पूरी टीम के साथ दीपावली महोत्सव के लिए मैदान में उतरे हुए हैं

एक शानदार आल इंडिया मुशायरा पहली बार अयोजन किया गया

# संक्षिप्त समाचार

## पोषण माह पोषण अभियान का हुआ समापन

**शाहबाद ।** खंड विकास शाहबाद के सभागार में शनिवार को एक माह तक चले पोषण माह पोषण अभियान का समापन राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य सुनीता सिंह सैनी के करकमलों द्वारा कराया गया,जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई, वहीं दूसरी ओर 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया गया। इस अवसर पर महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य सुनीता सिंह रानी सीडीपीओ दीपक कुमार पूर्व एमएलए कांशीराम दिवाकर,खंड शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ मुख्य सेविका, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, लाभार्थी गर्भवती महिलाएं आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया धनतेरस पर्व



**सैफनी।** कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जाने वाला धन और आरोग्य का पर्व %धनतेरस% सैफनी नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर लोगों ने माँ लक्ष्मी, भगवान गणेश और माता सरस्वती की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व के उपलक्ष्य में लोगों ने जमकर खरीदारी की, जिसके चलते सुबह से लेकर देर शाम तक बाजारों में भारी भीड़ और रौनक देखने को मिली। लोगों का मानना है कि धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना अत्यंत शुभ होता है, जिससे घर में सुख-समृद्धि आती है। बाजारों में सोना-चांदी के आभूषणों, बर्तन और वाहनों की दुकानों पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। ज्वैलरी की दुकानों पर सोने-चांदी के सिक्कों, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाओं और आभूषणों की बिक्री ज़ोरों पर रही। इसके अलावा, लोगों ने स्टील और पीतल के बर्तनों की भी खूब खरीदारी की। कई लोगों ने इस शुभ दिन पर नई मोटरसाइकिलें, स्कूटर और अन्य वाहन खरीदकर घर लाए। पर्व की विशेष खरीदारी के तहत लोगों ने धन की देवी माँ लक्ष्मी, गणेश जी और माँ सरस्वती की आकर्षक मूर्तियाँ भी खरीदीं। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए अपनी दुकानों को विशेष रूप से सजाया था। धनतेरस के इस पावन पर्व पर हुई रिकॉर्ड तोड़ खरीदारी से क्षेत्र के व्यापारियों के चेहरे खिले रहे और बाजार में एक सकारात्मक और उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

## संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया



**रामपुर।** जिलाधिकारी, रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा जिला कारागार, रामपुर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत महिला बंदियों से भेंट कर उनसे संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं समाज की मुख्यधारा में पुनः जुड़ने के विषय में प्रेरित किया गया । महिला बंदियों द्वारा आत्मविकास हेतु किए जा रहे चित्रकारी, हस्तकला, कविता लेखन एवं अन्य रचनात्मक कार्यों की अधिकारियों द्वारा सराहना की गई ।

## पार्टी का सक्रिय सदस्य वनाया



**रामपुर।** आज अपना दल एस जनपद रामपुर की विधानसभा विलासपुर में नगर अध्यक्ष विलासपुर नसीम मियां के आवास पर जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू जी ने सदस्यता अभियान चलाकर जिला अध्यक्ष पंचायत मंच देवेंद्र गंगवार व नगर अध्यक्ष नसीम मियां व शरीफ भाई को पार्टी का सक्रिय सदस्य वनाया और पार्टी पदाधिकारियों से वूथ स्तर पर सदस्यता अभियान कार्यक्रम चलाकर वडी संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाने का आवाहन किया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रामपाल गंगवार,जिला अध्यक्ष छात्र मंच राजेश गंगवार, जोन अध्यक्ष विलासपुर सुरेंद्र कश्यप सभासद भूरा अंसारी,शराफत भाई ,अजीम मियां आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र निकाय चुनावों से पहले 'डुप्लीकेट' मतदाताओं के नामों को चिह्नित करेंगे अधिकारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के चुनाव अधिकारियों ने कई मतदाताओं के विभिन्न सीट पर नाम दर्ज होने के कुछ दलों के दावों के बीच ऐसे नामों को अस्थायी रूप से चिह्नित करने और संबंधित व्यक्तियों से उस निर्वाचन क्षेत्र के बारे में स्पष्टीकरण मांगने का फैसला किया है, जहां वे अगली बार अपना वोट डालने का इरादा रखते हैं।

चुनाव अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि इसके बाद अद्यतन मतदाता सूची को बूथ स्तर के अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साझा किया जाएगा।

शिवसेना (उबाठा), कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) समेत कई विपक्षी दलों की शिकायतों के बाद यह कदम उठाया गया है। इन दलों ने मतदाता सूची में अलग-अलग पतों और विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं के नामों के दोहराव का आरोप लगाया है।

उन्होंने ग्रामीण और शहरी निकाय चुनावों से पहले मतदाता सूची में 'सुधार' और 'विसंगतियों' को दूर करने का आह्वान किया है। निकाय चुनाव 31 जनवरी, 2026 तक पूरे किए जाने हैं।

मामले से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'हमने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची में कई बार दिखाई देने वाले नामों की सूची साझा करने को कहा है। कुछ मामलों में एक मतदाता का नाम एक ही शहर में एक से अधिक स्थानों पर दिखाई दे सकता है, जबकि अन्य मामलों में यह शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सूचीबद्ध हो सकता है।'

उन्होंने कहा, 'हमारे क्षेत्रीय अधिकारी ऐसे पतों पर जाएंगे, संबंधित मतदाताओं से संपर्क करेंगे और उनके विवरणों की पुष्टि करेंगे। इसके बाद प्रत्येक मतदाता को एक निर्वाचन क्षेत्र चुनने के लिए कहा जाएगा जहां वे (अगले चुनाव में) अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहते हैं।'

## दो दशक बाद छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में लोग आतिशबाजी के साथ मना सकेंगे दीपावली

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ इलाके में अब दो दशक बाद आतिशबाजी के साथ दीपावली मनाई जाएगी। यहां अबूझमाड़ इलाके में नक्सलियों ने अभी तक आतिशबाजी पर प्रतिबंध लगा रखा था। यहां पटाखों का इस्तेमाल नक्सली एक-दूसरे को सूचना पहुंचाने के लिए करते आए थे।

शुक्रवार को जगदलपुर में माड़ डिविजन के सभी नक्सलियों के आत्मसमर्पण कर देने के बाद ग्राम गोड़सा, निराम, पालेवाया, कौशलनार, पीडियाकोट, पहुरनार, मंगनार जैसे गांवों में पटाखों पर लगा प्रतिबंध अब बेमायने हो गया है। इलाके से नक्सलवाद का पूरी तरह खात्मा होने के बाद ग्रामीण 2 दशक में पहली बार पटाखे फोड़कर दीपावली मनाने की तैयारी कर रहे हैं। नक्सलियों के पीछे हटने पर ग्रामीणों का कहना था कि अब उनके गांवों में बिजली-सड़क और अन्य सुविधाएं पहुंच सकेंगी। नक्सलियों को पहले हर बात पर चंदा देना पड़ता था, वह भी अब बंद हो जाएगा। 20-20 किमी दूर से पीडीएस का राशन लाना पड़ता था, उसमें भी नक्सलियों को हिस्सा देना पड़ता था। तेंदूपत्ता और मनरेगा मजदूरी तक में उनकी हिस्सेदारी तय थी। बाइक-ट्रैक्टर का सालाना शुल्क तक वसूला जाता था। ये सब अब बंद हो जाएगा।

गौरतलब है कि सलवा जुडुम के दौरान अबूझमाड़ से लगभग 200 परिवारों को कसोली राहत शिविरों में विस्थापित किया गया था। विगत 2 दशकों से यहां रह रहे परिवार नक्सलवाद के खात्मे की बाट जोह रहे थे। अब इस बड़े आत्मसमर्पण के बाद राहत शिविरों में रह रहे लोगों को अपनी मिट्टी में वापस लौटने की खुशी है। पिछले साल भी सुकमा जिले के जगरगुंडा के राहत शिविरों में तार बाड़ी के घेरे में रह रहे परिवार वापस अपने गांव लौटे थे। ऐसे में कसोली राहत शिविर में रह रहे लोगों में भी वापसी की उम्मीद बढ़ गई है। राहत शिविरों में रह रहे लोगों में है। कई परिवार तो यहां 2005 से रहे रहे हैं।

P-09:28 paga09_jhn.qxd 10/18/2025 9:04 PM Page 1



# क्या बिहार में टूटेगा महागठबंधन, 10 सीटों पर आमने-सामने



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए पहले फेज का नामांकन खत्म हो चुका है, लेकिन अब तक महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर सहमति नहीं बन पाई। सीटों के बंटवारे को लेकर राजद, कांग्रेस, वामदल और वीआईपी में ऐसी खींचतान मची कि सवाल उठने लगा है कि, क्या महागठबंधन वाकई टूट गया है? बिना सीट शेयरिंग की घोषणा के ही फर्स्ट फेज में 121 सीटों पर महागठबंधन के 125 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। 121 में राजद ने 72, कांग्रेस ने 24, लेफ्ट ने 21, वीआईपी ने 6 और आईआईपी ने 2 सीटों पर नामांकन भर दिया है। फर्स्ट फेज के नामांकन में चार सीटें ऐसी हैं जहां गठबंधन के प्रत्याशी ही आमने-सामने हैं। दोनों फेज की बात करें तो 10 सीटों पर महागठबंधन की पार्टियां एक दूसरे के आमने-समाने लड़ रही हैं। राजद ने तो कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम की सीट पर ही कैंडिडेट उतारने का फैसला कर लिया है।कांग्रेस की हॉट सीट कुटुंबा से प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम कैंडिडेट हैं। इसी सीट पर राजद ने अपने नेता सुरेश पासवान को मैदान में उतारने का फैसला किया। 'औरंगाबाद में 5-6 सीटों पर फ्रेंडली फाइट की तैयारी है। कुटुंबा सीट पर भी राजद-कांग्रेस के बीच फ्रेंडली फाइट तय है। अभी न तो राजेश राम ने नामांकन भरा है और न ही मैंने।' सीट शेयरिंग पर हालात इतने बिगड़े कि राजद को स्थिति संभालने के लिए आगे आना पड़ा। गौरा बौराम सीट के लिए राजद ने दरभंगा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी के नाम पत्र भेजकर साफ किया कि यह सीट विकासशील इंसान पार्टी को दी गई है। राजद मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह ने यह पत्र भेजा। जानकारी है कि राजद ने इस सीट से अफजल अली को आश्वासन दे दिया था, लेकिन बाद में समझौते के तहत वीआईपी को यह सीट देनी पड़ी।

मुकेश सहनी 15 सीटों पर राजी

विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी ने बड़ी मांग कर महागठबंधन को हिला दिया। शुरू में उन्होंने 60 सीटों की मांग की, फिर 40, फिर 20 और आखिरकार 15 सीटों पर राजी हुए। राजद सिर्फ 12 सीटें देने को तैयार थी, लेकिन सहनी अड़े रहे। चुनाव जीतने पर खुद को डिप्टी सीएम बनाए जाने की घोषणा करने की मांग की।

आखिरकार राहुल गांधी और सीपीआई (एमएल) नेतृत्व की पहल से मुकेश सहनी को 15 सीटें, 1 राज्यसभा और 2 MLC सीटों का ऑफर दिया गया। राहुल गांधी ने दखल देकर संभाली स्थिति गुरुवार देर रात राहुल गांधी के हस्तक्षेप के बाद स्थिति संभली। मुकेश सहनी ने राहुल गांधी को पत्र लिखा था कि उन्हें 35 सीटों के वादे के बजाय सिर्फ 18 सीटें दी जा रही हैं। राहुल गांधी की दखल के बाद राजद ने 15 सीटें देने पर सहमति जताई। सीपीआई (एमएल) नेता दिपांकर भट्टाचार्य ने भी बातचीत में अहम भूमिका निभाई। एक्सपर्ट क्या कहते हैं: रणनीतिक असमंज और नेतृत्व विफलता महागठबंधन की मौजूदा स्थिति पर वरिष्ठ पत्रकार प्रियदर्शी रंजन ने कहा, महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर जो गतिरोध बना, उसे मैं तेजस्वी यादव का 'रणनीतिक असमंजस' कहूंगा। आरजेडी के प्रमुख चेहरे के तौर पर यह उनकी जिम्मेदारी थी कि गठबंधन के भीतर सीटों का तालमेल सुचारू रूप से कराएं, लेकिन यहां एक पेंच था। तेजस्वी एक तरफ तो गठबंधन के वातार्कार थे दूसरी तरफ वह खुद को महागठबंधन का 'सिंगल फेस' भी बनाना चाहते थे। कांग्रेस इसके लिए तैयार नहीं थी।ंप्रियदर्शी रंजन ने कहा, ;'माले (सीपीआई-एमएल) जैसे दल ने अपनी राजनीतिक हैसियत से ज्यादा सीटें मांगकर आरजेडी को असहज किया। आरजेडी कुछ हद तक झुकने को तैयार दिख भी रही थी, लेकिन उसे डर था कि अगर मन-मुताबिक सीटें बांट दी गईं, तो उसका अपना 'बेस वोट' और परंपरागत सीटें खतरे में पड़ सकती हैं। कुल मिलाकर, महागठबंधन के भीतर अपनी डफली, अपना राग वाली स्थिति बन गई।' उन्होंने चेताया कि, इसका तात्कालिक असर तो है ही, लेकिन लंबे समय तक पड़ने वाला असर ज्यादा गंभीर होगा। महागठबंधन की छवि अवसरवादी और बिखरे हुए समूह के रूप में पेश हुई है। तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। बिहार में गठबंधन चलाने की जो जिम्मेदारी उनपर थी, उसपर वे विफल होते दिखे हैं। यह सवाल बना रहेगा कि क्या तेजस्वी यादव एक मजबूत गठबंधन का नेतृत्व करने की क्षमता रखते हैं? राजनीतिक विश्लेषक प्रवीण बागी ने कहा कि, 'महागठबंधन में सीट बंटवारे में देर इसलिए हुई कि कांग्रेस, मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी और आरजेडी तीनों अपने-अपने रुख पर अड़े रहे। सबसे बड़ी बाधा कांग्रेस का रुख था। कांग्रेस ने वोटर अधिकार यात्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली। इसका असर यह हुआ कि कांग्रेस में नया जोश आया कि बिहार में अपने बूते चुनाव लड़ सकते हैं। यह भाव कार्यकताओं के मन में आ गया। राहुल गांधी को भी यही फीडबैक दिया गया कि कांग्रेस अपने बलबूते बेहतर परिणाम ला सकती है।अल्लावरू ने आते ही आरजेडी से बनाई दूरी राजनीतिक विश्लेषक प्रवीण बागी ने कहा, भक्त चरण दास को प्रदेश प्रभारी बनाकर उन्होंने देख लिया था कि बिहार में कांग्रेस किस तरह से चल रही है। लालू प्रसाद ने तब ऐसा माहौल बना दिया कि कांग्रेस ने उन्हें हटा दिया। इसके लिए अल्लावरू को लाया गया। वे राहुल गांधी के टच में रहते हैं और अच्छे संगठन कर्ता हैं। लो प्रोफाइल रहते हैं। वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश अश्क ने कहा, महागठबंधन में टिकट बंटवारा नौटंकी बन कर रह गया। लेफ्ट ने तो पहले ही सूची जारी कर दी। कांग्रेस की भी लिस्ट आ गई। आरजेडी ने काफी देर की। आखिरी दिन सूची जारी करना कोरम पूरा करना ही कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि, महागठबंधन की जमीन पुख्ता होती दिख रही थी, लेकिन अब वह कमजोर होती नजर आ रही है। इसके लिए आपसी कलह और तालमेल की कमी जिम्मेदार है।

## मंत्री महेश्वर हजारी से अमीर हैं उनकी पत्नी संध्या



**समस्तीपुर।** सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी की पत्नी संध्या हजारी उनसे अमीर हैं। संध्या हजारी रिटायर्ड टीचर हैं। मंत्री की इनकम का सोर्स पेट्रोल पंप के अलावा खेती और किराया है। गुरुवार को कल्याणपुर विधानसभा सीट से महेश्वर हजारी ने अपना नामांकन दाखिल किया है। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने दाखिल किए गए एफिडेविट में इसकी जानकारी दी है। 63 साल के महेश्वर हजारी पिछली तीन बार से कल्याणपुर के विधायक हैं। उन्होंने शपथ पत्र में खुद को ग्रेजुएट बताया है। मंत्री ने बताया है कि उनके पास कैश अमाउंट के रूप में 85 हजार 600 रुपए, जबकि पत्नी संध्या के पास 71 हजार 800 रुपए कैश है। महेश्वर हजारी के शपथ पत्र के मुताबिक, उनके बैंक अकाउंट्स में 25 लाख से ज्यादा, जबकि पत्नी के अकाउंट्स में करीब 25 लाख रुपए हैं। मंत्री के पास 50 लाख की एलआईसी पॉलिसी भी है।मंत्री महेश्वर हजारी के नाम पर 11 लाख का होम लोन महेश्वर हजारी ने अपने एफिडेविट में बताया कि है कि उनके पास समस्तीपुर में 8976 वर्गफीट, पटना में 5444 वर्गफीट जमीन है। समस्तीपुर की जमीन साल 2007 में जबकि पटना की जमीन 2017 में खरीदी गई थी, जिसकी वर्तमान में अनुमानित बाजार मूल्य 47 लाख 52 हजार 449 रुपए है।पत्नी संध्या के पास समस्तीपुर में 7348 वर्गफुट और पटना में 3062 वर्ग फुट जमीन है, जिसका अनुमानित मूल्य 34 लाख 93 हजार 845 रुपए है। महेश्वर हजारी के नाम से दिल्ली के इंद्रपुरी में भी 3572 वर्ग फुट जमीन है, जिसकी कीमत 2करोड़ 42 लाख 42 हजार 409 है, जबकि दिल्ली में ही पत्नी संध्या के पास 11222 वर्ग फुट जमीन है, जिसका बाजार मूल्य 6 करोड़ 10 लाख 45 हजार 253 रुपए है। मंत्री ने 11 लाख का होमलोन भी ले रखा है।2015 मॉडल की फॉरच्यूनर कार के भी हैं मालिक मंत्री महेश्वर हजारी के पास 2015 मॉडल की एक फॉरच्यूनर कार भी है, जिसकी कीमत 15 लाख रुपए है।समस्तीपुर से निर्दलीय चुनाव लड़ने वाली चेतना झांब के पास बीएमडब्ल्यू कारामस्तीपुर की निर्दलीय प्रत्याशी चेतना झांब एक करोड़ की बीएमडब्लू से चलती हैं। दरअसल, हाल ही में चेतना झांब जन सुराज में शामिल हुई थीं। वे समस्तीपुर विधानसभा सीट से टिकट की प्रबल दावेदार थीं, लेकिन जब उन्हें टिकट नहीं मिला तो उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गुरुवार को नामांकन किया।ी चेतना अभी अविवाहित हैं। चेतना ने अपने शपथपत्र में बताया है कि उनके पास कैश एक लाख रुपए है, जबकि उनके एचडीएफसी बैंक अकाउंट में 5 लाख रुपए जमा है। उनके पास एक करोड़ की बीएमडब्ल्यू कार है, जबकि 3 करोड़, 6 लाख रुपए की ज्वेलरी भी है। उन्होंने बताया है कि विरासत में उन्हें कोई संपत्ति नहीं मिली है। शंभूपट्टी में चार लाख की जमीन खरीदी है। चेतना ने खुद को बीए पास बताया है। जानकारी दी है कि उनके पास कुल चल संपत्ति 3 करोड़ 6 लाख रुपए है। पेशे से उन्होंने खुद को फिल्म प्रोड्यूसर बताया है।

## कांग्रेस के नाराज नेता बोले-गठबंधन टूटने वाला है



**पटना।** महागठबंधन में पहले ही सीट शेयरिंग को लेकर तनाव है। अब कांग्रेस की कलह भी खुलकर सामने आ गई है। टिकट कटने से नाराज गुट ने पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, महागठबंधन टूटने वाला है।नाराज नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और प्रभारी कृष्णा अल्लावरू पर टिकट बेचने का आरोप लगाया है। इसमें खगड़िया से वर्तमान विधायक छत्रपति यादव, बरबीघा से गजानंद शाही, यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र पासवान, बांका के जिलाध्यक्ष कंचना कुमारी सिंह सहित अन्य नेता मौजूद रहे।कांग्रेस नेता बंटी चौधरी ने कहा कि महागठबंधन टूटने के कगार पर है, यह प्रभारी की वजह से हुआ है। उन्होंने सीएम फेस का ऐलान नहीं किया। इन लोगों ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़' का नारा दिया था। हमलोग 'टिकट चोर, पद छोड़' की बात कह रहे हैं। प्रदेश प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी वजह से सीट शेयरिंग नहीं हो पाई। पार्टी में योग्य कैंडिडेट को टिकट नहीं दिया जा रहा। इस बार के चुनाव में पार्टी 10 सीट भी नहीं जीत पाएगी। पूरे मामले को लेकर कांग्रेस नेता आनंद माधव ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लेटर लिखा है। बाहुबली की पत्नी को राजद से टिकट फेज के नॉमिनेशन खत्म होने के बाद भी सीट शेयरिंग की घोषणा नहीं हुई। 10 सीटों पर महागठबंधन की पार्टियों आमने-सामने हैं।राजद ने बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी को टिकट दिया है। शुक्रवार रात तेजस्वी ने अनीता देवी को पार्टी सिंबल दिया। वो नवादा के वारिसलिगंज से चुनाव लड़ेंगी। कांग्रेस ने इस सीट पर पहले से मंटन सिंह को उतारा है।वहीं कसबा से टिकट नहीं मिलने पर शुक्रवार को फूट-फूटकर रोए मो. इरफान आलम को कांग्रेस ने मौका दिया है। यहां से 4 बार के सिटिंग एमएलए आफाक आलम का टिकट काटकर सांसद पप्पू यादव के करीबी मो. इरफान को टिकट मिला है।हालांकि कांग्रेस की तरफ से इसकी आधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है। मगर सांसद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर फोटो साझा करते हुए, इसकी घोषणा कर दी है।इधर, महागठबंधन में सीट शेयरिंग की खींचतान के बीच मधेपुरा की आलमनगर विधानसभा से नबीन कुमार को महागठबंधन से वीआईपी और राजद दोनों ने अपना सिंबल दिया है। इन्होंने दोनों सिंबल से अपना नॉमिनेशन भरा है। हालांकि एक टीवी न्यूज चैनल से बात करते हुए उन्होंने कहा कि एक पार्टी से नामांकन वापस लेंगे।फर्स्ट फेज के 121 सीटों पर महागठबंधन के 125 प्रत्याशी फर्स्ट फेज के 121 सीटों पर महागठबंधन के 125 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। 121 में राजद ने 72, कांग्रेस ने 24, लेफ्ट ने 21, वीआईपी ने 6 और आईआईपी ने 2 सीटों पर नामांकन भर दिया है।वहीं, पिछले 8-10 दिनों से पटना से लेकर दिल्ली तक सीट शेयरिंग और कैंडिडेट्स सिलेक्शन पर माथापच्ची चलती रही, लेकिन इससे कुछ नहीं निकला।राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे ने रूठे नेताओं से फोन पर बात की और मनाने की कोशिश की, लेकिन वो भी विफल रहे। नतीजा बिना लिस्ट जारी किए पार्टियों ने सिंबल बांटे और नामांकन दाखिल किया।बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज का नामांकन शुक्रवार को खत्म हो गया है, लेकिन सीट शेयरिंग की घोषणा नहीं की है। स्थिति यह थी कि फर्स्ट फेज के नॉमिनेशन के आखिरी दिन ˙१८ कांग्रेस और VIP सिंबल बांटते रहे।

शुक्रवार को VIP प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा, 'हमे राज्यसभा नहीं चाहिए, मुझे डिप्टी CM बनना है। मैं इस बार विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ूंगा, लेकिन महागठबंधन की सरकार कैसे बने, इसपर जोर-शोर से मेहनत करते रहेंगे।

## समस्तीपुर में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम




**समस्तीपुर।** समाहरणालय परिसर में मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आगामी मतदान में लोगों की भागीदारी बढ़ाना है। इस कार्यक्रम में निजी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों और सरकारी कर्मचारियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार ने सभी मौजूद लोगों को मतदान के प्रति शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और यह देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है।

अपने मत का प्रयोग करके देश के विकास में योगदान करें। मतदान के माध्यम से ही हम ऐसे प्रतिनिधियों का चयन कर सकते हैं जो हमारे क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे। समस्तीपुर जिले में 6 नवंबर को मतदान होगा। इस शपथ कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य मतदान प्रतिशत को अधिकतम करना है।

अपर समाहर्ता ने यह भी कहा कि यहां से निकलने के बाद सभी प्रतिभागी घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। इस मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम में सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार के साथ-साथ समाहरणालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत सभी सरकारी कर्मी, निजी संस्थाओं के सदस्य और स्कूली बच्चे-बच्चियां मौजूद रहे।

# शाह के दौरे का तीसरा दिन, चिराग ने की मुलाकात



**पटना।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बिहार दौरे का आज तीसरा दिन हैं। शनिवार सुबह चिराग पासवान ने अमित शाह से होटल मोर्या में मुलाकात की। उन्होंने कहा, चुनाव प्रचार को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री से बात हुई। महागठबंधन में कन्फ्यूजन ही कन्फ्यूजन है। शाह आज पटना बीजेपी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इसमें पार्टी के कार्यकर्ता, जिला और ब्लॉक स्तर के सभी नेताओं को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक के दौरान वे चुनाव को लेकर रणनीति बनाएंगे और तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वहीं, विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के साथ नामांकन प्रचार की तैयारियां और सहयोगी दलों के तालमेल पर चर्चा करेंगे। तमाम बैठकों के बाद शाम में वे पटना से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। इससे पहले शाह पटना के ज्ञान भवन में प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लालू-राबड़ी के पर निशाना साधा था। शाह ने कहा 'लालू नए चेहरे और नए कपड़े बदलकर फिर से जंगलराज लाना चाहते हैं। इसे रोकना होगा।' शाह बोले- हम उद्योगों वाला बिहार बनाएंगे अमित शाह ने आगे कहा, 'बिहार 1.0 में नीतीश बाबू सुशासन लेकर आए। बिहार 2.0 जब नीतीश-मोदी जी की सरकार आई तब और विकास के काम हुए। बिहार में आज बिजली कटौती कोई ढूंढ नहीं सकता है। गंगा के ऊपर पुलों का निर्माण हुआ। बिहार 2.0 में बड़े-बड़े इन्फ्रास्ट्रक्चर बने। बरौनी रिफाइनरी बना। दरभंगा में AIIMS बना। 4 नए एयरपोर्ट बने। हजारों किलोमीटर रोड बने। पटना की कनेक्टिविटी को तेज किया। इससे बिहार के विकास को नई गति मिली। अब समय है बिहार 3.0 का। अगर आप फिर से जंगलराज को रोक देते हैं, हम उद्योग युक्त बिहार बनाएंगे। बिहार में रोजगार बड़ी समस्या है।'इससे पहले अमित शाह छपरा में बीजेपी कैंडिडेट्स के नॉमिनेशन में शामिल हुए थे। उन्होंने सभा को भी संबोधित किया था। शाह ने इस दौरान लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा। लोगों को जंगलराज की यादव दिलाई। कहा कि, हम 20 साल के सबसे बड़े बहुमत के साथ बिहार में सरकार बनाने जा रहे हैं। लोगों से NDA को वोट करने के लिए मुट्ठी भी बंधवाई। लोगों से कहा कि, आप बिना डरे, बिना किसी के दबाव में आए NDA को खुलकर वोट कीजिए। बिहार में विकास सिर्फ हमारी सरकार ही कर सकती है दूसरा कोई नहीं। बिहार को जंगलराज में नहीं धकेलना है: नीतीश कुमार ने बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाई है। लालू, राबड़ी का राज आपने देखा ही था क्या हालत थी। लोगों में डर का माहौल था। इन लोगों को अब कभी मौका नहीं देना है। बिहार को फिर से उस काल में नहीं धकेलना है।लालू-कांग्रेस राज में आतंकी खून की होली खेलते थे: हमारी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से 370 हटाई। ये लोग इसका विरोध करते रहे। लालू और कांग्रेस के राज में आतंकी देश में खून की होली खेलते थे। अभी आतंकियों ने फिर सिर उठाने की कोशिश की। हमने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर घर में घुसकर आतंकियों को सबक सीखाया।बिहार में मां सीता का मंदिर बनवा रहे हैं: हमारी सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर बनवाया। बाकी लोग इसका विरोध करते रहे। बिहार के पुनौराधाम में भी अयोध्या की तर्ज पर सीता जी का भव्य मंदिर बनने जा रहा है। बिहार में फिर NDA सरकार बनने जा रही है: 14 नवंबर को बाद लालू, राबड़ी एंड कंपनी का सूपड़ा साफ हो जाएगा। हम 20 साल के सबसे बड़े बहुमत के साथ बिहार में सरकार बनाने जा रहे हैं। NDA के समर्थन में बिहार की जनता खुलकर बिना डरे मतदान करे।

## संक्षिप्त डायरी

### दलसिंहसराय में दो बाइकों की टक्कर



**समस्तीपुर।** जिले के दलसिंहसराय में एनएच-28 पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज जिला के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।यह घटना शुक्रवार, 17 अक्टूबर को दोपहर करीब 02:30 बजे डैनी चौक बाजार समिति रोड स्थित एनएच-28 पर हुई। हादसे के बाद घटनास्थल पर सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए।सूचना मिलने पर दलसिंहसराय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेजने की तैयारी शुरू की। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने डैनी चौक के पास एनएच-28 को जाम कर दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक अपनी बाइक से दलसिंहसराय की ओर जा रहे थे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक से उनकी टक्कर हो गई। मृतक दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के मालपुर गांव के बताए जा रहे हैं, हालांकि आधिकारिक तौर पर मृतक और घायल की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### मुजफ्फरपुर में त्योहार को लेकर नया ट्रैफिक प्लान लागू



**मुजफ्फरपुर।** शहर में दीपावली और छठ पर्व को लेकर विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। त्योहारों के दौरान बाजारों में बढ़ती भीड़ और जाम की समस्या से राहत देने के लिए इस बार कई रूटों में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक डीएसपी महेश चौधरी ने बताया कि शहर के पुराने वन-वे नियमों को इस बार भी लागू रखा गया है, जबकि कुछ मार्गों में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शहर में ट्रैफिक पुलिस के साथ अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित धनतेरस के दिन यानी शनिवार को शहर में किसी भी भारी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। रामदयालु रोड, बैरिया, लक्ष्मी चौक, जीरोमाइल, नारायणपुर अनंत, जेल चौक और खादी भंडार रोड की ओर से आने वाले सभी मालवाहक वाहनों को रात 1 बजे तक शहर में घुसने से रोक दिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि यह व्यवस्था दीपावली और छठ तक जारी रहेगी ताकि खरीदारी और पूजा के दिनों में ट्रैफिक जाम की स्थिति न बने।वन-वे रूट व्यवस्था लागू भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए कई मार्गों को वन-वे घोषित किया गया है। सरैयागंज टावर से बाबा गरीबनाथ मंदिर होते हुए सोनारपट्टी तक जाने वाली सड़क को वन-वे बनाया गया है। केदारनाथ रोड से कल्याणी चौक जाने वाले वाहन अब मोतीझील की ओर जा सकेंगे, लेकिन जवाहरलाल रोड से प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर)। फ्लाइट होटल मोड़ से टावर की ओर जाने वाली गाड़ियां सूतापट्टी मुख्य बाजार होकर मस्जिद मोड़ के रास्ते सरैयागंज टावर मेन रोड से बाहर निकलेंगी। मस्जिद चौक से सूतापट्टी/बैंक रोड की ओर किसी सवारी वाहन को जाने की अनुमति नहीं होगी। अखाड़ा घाट रोड और थाना चौक पर नई व्यवस्थानए ट्रैफिक प्लान के तहत अखाड़ाघाट रोड से पुल की दिशा में जाने वाले वाहनों को अब तेजपाल चौक सिकंदरपुर स्टेडियम, रानी सती मंदिर, करबला मोड़, कम्पनीबाग रोड होते हुए निकास दिया जाएगा। थाना चौक से कल्याणी चौक की ओर किसी भी सवारी वाहन या बाइक को जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके स्थान पर वाहन तिलक मैदान होते हुए जवाहरलाल रोड से कल्याणी चौक की दिशा में जाएंगे।

### मोतिहारी पुलिस ने लौटाए 56 खोए मोबाइल



**मोतिहारी।** पुलिस ने धनतेरस के अवसर पर 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत 56 लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल फोन लौटाए। यह मोबाइल पुलिस लाइन सभागार में आयोजित एक विशेष शिविर में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात की उपस्थिति में उनके मालिकों को सौंपे गए।पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि यह 'ऑपरेशन मुस्कान' का 17वां शिविर था। इस अभियान के तहत अब तक 1700 से अधिक खोए हुए मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि जनता का विश्वास बहाल करना भी है।मोबाइल वापस मिलने पर लोगों में खुशी अपने खोए हुए मोबाइल फोन वापस मिलने पर लाभार्थियों ने संतोष व्यक्त किया। कई लोगों ने बताया कि उन्हें अपने फोन वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी। लाभार्थियों ने मोतिहारी पुलिस और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के प्रयासों की सराहना की। उनका मानना था कि इस पहल से पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है।

### एयरपोर्ट से शिवहर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर लापता

**पटना।** एयरपोर्ट से शिवहर के सॉफ्टवेयर इंजीनियर वेणु चैतन्य (25) लापता हो गए हैं। वे बेंगलुरु में काम करते हैं। दिवाली की छुट्टी में 16 अक्टूबर को वे पटना आएं थे। पिता रामस्वरूप राय के अनुसार शाम लगभग 6:34 तक फोन पर बात हुई। इसके बाद उनका मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। उसके बाद से अभी तक संपर्क नहीं हो पाया है। जिसके पाद पिता ने 17 अक्टूबर को एयरपोर्ट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई। देर रात पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। आवेदन के अनुसार वेणु इंडिगो फ्लाइट से उतरे थे। पहले उन्होंने 2 बार रैपिडो बुक किया। दोनों बार बुकिंग कैंसिल हो गई। जिस रैपिडो वाले को बुक किया था, पुलिस ने उससे भी पूछताछ की, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। आखिरी बार वेणु को एयरपोर्ट टोल के पास सीटीटीवी फुटेज में देखा गया है। पुलिस खंगाल रही है सीडीआर पुलिस वेणु के उ्रक्रको खंगाल रही है। आखिरी बातचीत उसने एयरपोर्ट से निकलने के बाद अपने बहनोई से की थी। पुलिस फिलहाल उसके सोशल साइट्स फेसबुक, इंस्टाग्राम और मेल के जरिए भी क्लू ढूंढने में लगी है।

# राजनाथ बोले- भारत, पाकिस्तान को जन्म दे सकता है तो

## मुझे आगे बोलने की जरूरत नहीं; लखनऊ से ब्रह्मोस की पहली खेप रवाना की

**लखनऊ।** में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा-ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। जीत हमारी आदत है। अब इस आदत को हमें न सिर्फ बनाए रखना है, बल्कि इसे और मजबूत करना है।उन्होंने कहा- दुश्मनों को पता चल गया है कि उसकी एक-एक इंच जमीन हमारी ब्रह्मोस की जद में है। ऑपरेशन सिंदूर में जो हुआ, वो सिर्फ ट्रेलर था। उस ट्रेलर से ही पाकिस्तान को यह एहसास हो गया कि अगर भारत उसे जन्म दे सकता है तो...आगे मुझे बोलने की जरूरत नहीं है। आप खुद समझदार हैं।राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने लखनऊ की ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट से धनतेरस के दिन शनिवार को ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप रवाना की। इससे पहले दोनों ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट में बूस्टर और वारहेड बिल्डिंग का उद्घाटन किया। दोनों ने सुकोई लड़ाकू विमान (स्व-30) के जरिए ब्रह्मोस के वर्चुअल हमले को देखा। ब्रह्मोस एयरोस्पेस यूनिट का उद्घाटन



5 महीने पहले 11 मई 2025 को हुआ था। यूनिट मिसाइल इंटीग्रेशन, टेस्टिंग और क्वालिटी एग्जामिनेशन जैसी मॉडर्न सुविधाओं से लैस है। बता दें कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूसी रक्षा कंपनी एनपीओ मशीनोस्ट्रोयेनिया की तरफ से डिजाइन की गई ब्रह्मोस ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के सैन्य बुनियादी ढांचों को तबाह कर दिया था।राजनाथ बोले- ये बात सुनकर योगीजी बाग-बाग हो जाएंगेराजनाथ सिंह ने कहा- पीएम मोदी ने 2047 तक देश को विकसित करने का टारगेट दिया है। इस यात्रा में डिफेंस सेक्टर



का बड़ा योगदान होगा। हमारे ब्रह्मोस प्रोजेक्ट के लिए 2 देशों के साथ 4 हजार करोड़ रुपए का करार हो चुका है। ब्रह्मोस की लखनऊ यूनिट का टर्नओवर - अगले वित्तीय वर्ष से करीब 3 हजार करोड़ रुपए हो जाएगा। इसके बाद जीएसटी कलेक्शन 500 करोड़ रुपए हो जाएगा। इसे सुनकर योगीजी बाग-बाग हो जाएंगे।अब भारत टेकर नहीं, गिवर की भूमिका मेंराजनाथ सिंह ने कहा- ब्रह्मोस जैसी उपलब्धियों से मेड इन इंडिया ग्लोबल ब्रांड बन गया। अब हम फिलीपींस को ब्रह्मोस निर्यात करेंगे। यानी अब भारत टेकर नहीं, गिवर की भूमिका में आ गया है। इस बड़ी फैसिलिटी के साथ यूपी में छोटे व्यवसायियों के लिए बड़ा मौका डेवलप हो रहा है। छोटे-छोटे पाट्‌र्स बड़े प्रोजेक्ट में जरूरी होते हैं इसलिए इस यूनिट से कई तरह के फायदे हैं। यूपी से ब्रह्मोस मिसाइल की डिलीवरी हो रही है। इसका जीएसटी सरकार को मिला। इस तरह से मां लक्ष्मी की कृपा सेना के साथ इकोनॉमी पर भी हो रही है। एक मिसाइल से मिलने वाली आय से सरकार कई हॉस्पिटल बना सकती है। राजनाथ ने कहा-आंतरिक या बाह्य सुरक्षा के हर मौके पर यूपी आगे है। 200 एकड़ में ब्रह्मोस की यह फैसिलिटी फैली है। यहां से हर साल 100 मिसाइलें बनेंगी। मिसाइल आर्मी को भी मिलेंगी और नेवी को भी मिलेंगी। कुछ समय पहले तक यहां गुंडाराज और लॉ एंड ऑर्डर गड़बड़ था। यह यूनिट देश की बढ़ती ताकत की पहचान है। देश के किसी भी हिस्से में ब्रह्मोस की चर्चा करते हैं तो उनके जेहन में मिसाइल के साथ विश्वसनीयता का भाव आ जाता है। बच्चे से लेकर वृद्ध तक, लड़कियों से लेकर महिलाओं तक, सबको यह विश्वास हो जाता है कि हमारे ऊपर मजबूती की छांव है। ब्रह्मोस तीनों सेनाओं की रीढ़ है।योगी ने कहा- मैंने डीआरडीओ को कहा है कि आपको जितनी भी जमीन चाहिए, यूपी में मिलेगी। हमारी कैबिनेट ने फ्री में जमीन मुहैया कराने का फैसला किया था। अब देखिए यूपी की धरती सोना बन रही है। यह यूनिट देश की जरूरतों को पूरा करने का आधार बनेगी। साथ ही लखनऊ को इंटरनेशनल लेवल पर ले जाएगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'मेरे लिए ये अत्यंत गौरव का विषय है आज लखनऊ में ब्रह्मोस स्टेट ऑफ आर्ट बूस्टर इमारत का उद्घाटन हो रहा है। इस परिसर में मुझे पौधारोपण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आज का दिन यूपी और लखनऊ के लिए भी बहुत ही महत्वपूर्ण है। मैं उत्तर प्रदेश और लखनऊ की जनता को बधाई देता हूं। लखनऊ मेरे लिए सिर्फ संसदीय क्षेत्र नहीं है, बल्कि ये शहर मेरी आत्मा में बसा हुआ है। यूपी और लखनऊ के विकास को देखकर तो खुशी तो होती ही है, लेकिन आज जब इस भूमि पर डिफेंस सेक्टर से जुड़ी इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल हो रही है। तो खुशी के साथ गौरव का भाव भी मेरे अंदर स्वाभाविक रूप से आ रहा है। लखनऊ अब तकनीक का शहर बन गया है अब यह उद्योग का शहर बन गया है। जो भी उत्तर प्रदेश में हो रहा है मैं उसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। ये परियोजना देश के बढ़ते आत्मविश्वास और बढ़ती ताकत का प्रतीक है।' राजनाथ ने कहा- प्रधानमंत्री ने 2047 तक का टारगेट दिया है। उन्होंने संकल्प दिलाया है कि देश को 2047 तक

## धनतेरस पर क्षयरोगियो को पोषण पोटली के रूप में दी गयी सौगात-डॉ मार्कण्डेय

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** सीएमओ डॉ चन्द्रप्रकाश एवं डीटीओ डॉ एस.एन.त्रिपाठी के निर्देश पर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत स्थानीय सीएचसी पर



क्षयरोग में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा पोषण पोटली वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने कहा कि क्षय रोगियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये हमारे टीबी में कार्यरत कर्मचारी लगातार प्रयास कर रहे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को निःशुल्क क्षयरोगियो को उपलब्ध कराया जा रहा है। क्षयरोगियो को प्रोटीनयुक्त पोषण आहार जैसे-गुड़, भुना चना, सत्तू, गजक, मूंगफली का दाना, हार्लिक्स या बोर्नविटा उपलब्ध कराया जा रहा जिसे मरीज दवा के साथ खाकर शीघ्र स्वस्थ्य हो रहे है। उन्होंने कहा कि आज के इस कार्यक्रम के लिये मैं विशेष रूप से निक्षय मित्र नोडल आशुतोष मिश्र को साधुवाद देता हूँ कि उनके प्रयास से धनतेरस के पावन अवसर पर क्षयरोगियो को पोषण पोटली के रूप सौगात दी गयी। धनतेरस के त्यौहार पर प्रोटीनयुक्त पोषण आहार पाने वाले क्षयरोगियो के चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष मिश्र ने किया तो आभार ज्ञापन एसटीएस शाहिद अंसारी ने किया।इस दौरान डॉ नेहा पाठक, डॉ गौतम जी गौरव, डॉ जलज गुप्ता, डॉ शौनक श्रीवास्तव, ट्रीटमेंट सपोर्टर अशोक गुप्ता, सैम्पल ट्रांसपोर्टर धनश्याम प्रसाद, नगीना यादव आदि उपस्थित रहे।

## प्राथमिक विद्यालय बेलवनिया में 'उमंग' प्रतिभा परीक्षा का आयोजन

**संवाददाता**

**सोनभद्र।** घोरावल क्षेत्र के बेलवनिया ग्राम सभा स्थित प्राथमिक विद्यालय बेलवनिया में प्रतिभा खोज परीक्षा उमंग का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 4 से मंगलेश राव (प्रथम), आशुतोष (द्वितीय) और उजाला (तृतीय) जबकि कक्षा 5 से



अपसाना (प्रथम), पुलकित (द्वितीय) एवं ओमप्रकाश (तृतीय) स्थान पर रहे। विजेताओं को गांव के पूर्व छात्र व वर्तमान में महाराष्ट्र की एक निजी कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत मेराज खान द्वारा बैग, कॉपी, कलम, ज्योमेट्री बॉक्स और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को भी कॉपी और कलम वितरित की गई। मेराज खान के पिता मोहम्मद हदीस ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रतिभा परीक्षा हर चार माह में आयोजित की जाएगी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही नवोदय विद्यालय में चयनित विद्यार्थियों को साइकिल भी प्रदान की जाएगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती है और उनकी प्रतिभा निखरती है। शिक्षा मित्र रामदुलारे एवं शीला सिंह ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक सरोज यादव ने किया। इस अवसर पर सुरेश मौर्य, अरविंद, नीरज, शौकत अली, शहजादे, नवीन, कलाम, महेंद्र यादव, नसीम अली, अमन अली सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संघ के शताब्दी वर्ष पर फाजिलनगर में पथ संचलन, पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में फाजिलनगर कस्बे में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पावानगर महावीर इंटर कॉलेज में शाखा लगाकर की गई। इस अवसर पर कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित पथ संचलन किया।
पथ संचलन इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर कॉलेज रोड, मुख्य बाजार, अस्पताल रोड, ब्लॉक रोड होते हुए



पुनः इंटर कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ। मार्ग में कस्बे के व्यापारियों व नागरिकों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। विहिप गोरक्ष प्रांत के सह संगठन मंत्री दीपेश जी ने स्वयंसेवकों को बौद्धिक संबोधन में पंचपरिवर्तन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य राष्ट्र प्रेम है। यह व्यक्ति निर्माण और राष्ट्र निर्माण की पाठशाला है। जो सेवा भावना और राष्ट्र चेतना को जागृत करती है। संघ एक सतत राष्ट्र सेवा आंदोलन है। अध्यक्षता बबुना कुशवाहा ने की। इस अवसर पर जिला संघ चालक रामाश्रय प्रसाद, जिला संपर्क प्रमुख विश्वामित्र त्रिपाठी, खंड कार्यवाह अंशुमान चतुर्वेदी, रामेश्वर सिंह, अशोक पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, भाजपा नेता चंद्रप्रकाश यादव 'चमन', विहिम नेता डा.कमलेश शाही,मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरज वर्मा, डीडीयू के छात्र नेता रहे मनोज चौबे, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला, दिव्यांशुजीत शाही, राणा प्रताप मिश्र, सभासद कमलेश वर्मा, विनय तिवारी,उमेश गुप्ता सहित कई स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## दीपसज्जा एवं रंगोली प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** कसया स्थित ब्राइट चिल्ड्रेन एकेडमी में दीपसज्जा एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गयो इस अवसर पर विद्याथीयी ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग लिया। समर सलोनी, राधिका आदि ने प्री-प्राइमरी वर्ग से कार्ड मेकिंग में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। प्राइमरी वर्ग में जारा, सोनी, रिया, कृष्णा आदि ने प्रतिभाग किया। रंगोली और दीपसज्जा प्रतियोगिता में विद्यालय के रेड हाउस, ग्रीन हाउस, ब्लू हाउस और येलो हाउस ने प्रतिभाग किया। वनिता, श्वेता,



पलक, अनुष्का, जिया, अदिति, सृष्टि,आदि ने रंगोली प्रतियोगिता मे अपने हाउस के तरफ से प्रतिभाग किया। रंगोली प्रतियोगिता मे बच्चों ने एक से बढ़ कर एक सुन्दर कलात्मक प्रस्तुति दी। रंगोली में नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एकता के साथ सर्व धर्म सद्भाव का संदेश प्रदर्शित किया गया।स्कूल परिसर में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया जहां बच्चे प्वाइंट पर सेल्फी लेते नजर आए। प्रधानाचार्य चंद्रभूषण मिश्र ने छात्र-छात्राओं को प्रदूषण रहित दीपावली मनाने की शपथ दिलाई।
प्रबंधक जयप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि श्री राम वन से जब वापस अयोध्या आए तो सभी अयोध्या वासी ने दीप जलाकर स्वागत एवं खुशियां मनाई। शिक्षक रमेश प्रसाद ने कहा की दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक, रोशनी का त्योहार है। इस अवसर पर अनवारूल खान, विवेकानन्द मिश्रा, गंगेश,सलोनी, शालिनी, बुशरा, निशा, उमाशंकर ,रागिनी, ज्योति, रीमा, अंजू श्रीवास्तव सहित शिक्षक उपास्थित रहे।

## बहुउद्देशीय पंचायत भवन की रखी गई आधारशिला

**संवाददाता**

**कुशीनगर।** विकासखंड कप्तानगंज के शेखपुरवा ग्राम सभा में नए बहुउद्देशीय पंचायत भवन की आधारशिला पूर्व ग्राम प्रधान अवधेश मिश्र व वर्तमान ग्राम प्रधान शिवांगी सिंह के पति व ग्राम सभा प्रतिनिधि रूद्रप्रकाश सिंह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूरे ग्राम सभा के साथ भूमि पूजन करके नींव रखी गई। शनिवार को धनतेरस के पावन अवसर पर ग्राम सभा शेखपुरवा की जनता के साथ मिलकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह ने बहुउद्देशीय पंचायत भवन का नींव



रख कर शिलान्यास किया. शेखपुरवा गांव में पूर्व निर्मित पंचायत भवन जर्जर हो गया था. वहां ग्राम सभा से संबंधित कोई काम नहीं हो पाता था. गांव की जनता तथा गांव में नियुक्त कर्मचारियों को सचिवालय के अभाव में काफी दिक्कतें आ रही थी जिससे गांव के विकास की गति थम सी गई थी. बहुउद्देशीय ग्राम सचिवालय को लेकर गांव वालों में उत्साह है । प्रतिनिधि रुद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि इस बहुउद्देशीय पंचायत भवन में सात कमरे, एक बडा हाल, किचेन, शौचालय तथा पैसेज में उपर जाने के लिए सीढियों का जीना भी होगा. सभी सहूलियतें अब एक ही छत के नीचे सुलभ होगी.जिससे गांव वालों को अब कोई असुविधा नहीं होगी. इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी किशन राय, एस आर चिल्ड्रेन के प्रवन्धक राजकुमार पांडेय, वृंदावन पांडेय, रामदवन प्रसाद, ओमप्रकाश यादव, मुकेश पांडेय, सोमनाथ बाबा, राघव पांडेय, नीबूलाल, सचिन, शत्रुघ्न सिंह, रेखा सिंह, सुशील पांडेय, अश्वनी मिश्र, सुभाष साहनी, जयगोविन्द सिंह मुन्नी लाल, रामाज्ञा, राधेश्याम मिश्र सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## सपा सम्मेलन में बूथ लेबल एजेंट (बीएलए) नियुक्ति पर हुई चर्चा

**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी द्वारा कसया नगर के होटल में समारोह आयोजित कर जिला पदाधिकारियों, सेक्टर, जोन, बुथ के नए पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। पार्टी पदाधिकारियों ने विधानसभा चुनाव 2027 पूरी मजबूती से लड़ने का संकल्प लिया। शनिवार को आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी और जिलाध्यक्ष राम अवध यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ी है।



शिक्षा और स्वास्थ्य की हालत काफी खराब है। नौजवान, किसान, मजदूर, व्यापारी त्रस्त हैं। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की।लहर चल रही है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। एकजुट होकर कार्यकर्ता चुनाव की तैयारियों में पूरी ईमानदारी से जुट जाएं। विधानसभा कुशीनगर के पूर्व प्रत्याशी राजेश प्रताप राव उर्फ बंटी राव ने सभी पदाधिकारियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए एजेंडा विधानसभा



चुनाव 2027 पर चर्चा करते हुए कहा कि बड़ी सावधानी से बुथ प्रभारी और बीएलए की नियुक्ति पर विचार करना होगा। बिहार चुनाव में भाजपा के सडयंत्र को लालू यादव के परिवार ने खत्म किया। बूथ लेबल एजेंट (बीएलए) नियुक्ति पर चुनाव आयोग ने कठिन टर्म रखा है। आयोग के नियम के अनुसार खरा उतरना होगा। इस क्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, वाजिद अली, जितेंद्र पांडेय, एके बादल ने संबोधित किया। सभी जिला पदाधिकारियों, सेक्टर, जोन, बुथ के नए पदाधिकारियों को सपा नेता श्री राव ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। संचालन विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष पुरंदर प्रताप यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजधारी कुशवाहा, जिला महामंत्री छोटेलाल कुशवाहा, उग्रसेन यादव, प्रसून जायसवाल, विश्वजीय बिरजू, मार्कण्डेय तिवारी, सनउवर अंसारी, विनय कुमार राव, मुन्ना शर्मा, प्रदीप शर्मा, राहुल तिवारी, अमरजीत यादव सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### भठही राजा के छात्र रंगोली प्रतियोगिता में सफल



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** हाटा ब्लाक के जूनियर हाईस्कूल भठही राजा में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं द्वारा प्रत्येक क्लास में रंगोली बनाया गया ।सर्वश्रेष्ठ रंगोली क्लास 8 के छात्राओं द्वारा बनाया गया, दूसरे स्थान पर क्लास 6, तीसरे स्थान पर क्लास 7 के छात्र छात्राएं रहे । रंगोली बनाने वालों में कक्षा आठ के छात्र संजीवनी, सुमिरन, अंचल, कुमकुम, सोनाली, ऋचा, खुशी, कक्षा 7 राजनंदनी ,प्रिया, साधा, साधना, काजल, पायल कक्षा 6- खुशी महिमा आयुसी स्नेहा अमृता खुशी मधु साहिबा द्वारा उत्कृष्ट रंगोली बनाया गया ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजीव नयन द्विवेदी, अमित सिंह, तेजप्रताप सिंह ,राकेश कुमार द्वारा मूल्यांकन कर सर्वश्रेष्ठ टीम को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाध्यापक राजीव नयन द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को शिक्षण के साथ साथ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है कि उनके अनुभव का साझा किया जाता है।

### कमजोरों की आवाज,सामाजिक न्याय के प्रतीक थे यशःकायी डॉ.- सोनेलाल पटेल जी



**संवाददाता**

**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिशन की एक बैठक अध्यक्ष श्री जगजीवन सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें यश कई डॉक्टर सोनेलाल पटेल जी का परिनिर्माण दिवस पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि जिन्होंने समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और अधिकार की ज्योति पहुँचाई,वंचितों, शोषितों और पीड़ितों को हक दिलाने की लो जलाई ऐसे महान क्रांतिकारी, व्यवस्था परिवर्तन के अग्रदूत को उनके परिनिर्वाण दिवस पर कोटि-कोटि नमन एवश्रद्धांजलि ! आपका जीवन दर्शन हम सबके लिए प्रेरणा हैंआपके दिखाए मार्ग पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिशन जनसेवा और न्याय की राह पर निरंतर अग्रसर है। समानता, सम्मान और स्वाभिमान ही सोनेलाल जी के विचार की पहचान है।प्रदीप कुमार मौर्य एड ने कहा कि डॉक्टर सोनेलाल पटेल सामाजिक न्याय व व्यवस्था परिवर्तन के नायक थे। हम सभी को उनके कार्यों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। दूसरी आजादी के महान नायक डा. सोनेलाल पटेल हम सभी के आदर्श हैं। डॉक्टर सोनेलाल पटेल हम सभी के लिए प्रेरणा श्रोत हैं, उनके बताए मार्ग पर चल कर ही समाज को मजबूत कर सकते हैं।संचालन - वरिष्ठ उपाध्यक्ष एड पवन कुमार सिंह ने किया !श्रद्धांजलि सभा में राजेश कुमार मौर्य, राजेश कुमार यादव, टीटू गुप्ता, राकेश कुमार सिंह, वी पी सिंह, दसरथ यादव, सुरेश सिंह, कामता प्रसाद यादव,नवीन पांडेय, शाहनवाज आलम खान, आकृति निर्भया, शैलेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे !

### ओबरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में वांछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**संवाददाता**

**सोनभद।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा उनमें संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के कुशल नेतृत्व दिनांक 17.10.2025 को समय 09.10 बजे थाना ओबरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-234/2025 धारा 64(1),91,351(3) बीएनएस व ३(2) पोक्सो एक्ट में वांछित एक नफर अभियुक्त आजाद कुमार पुत्र अशोक निवासी पटवध थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र 20 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर डिग्री कालेज से शारदा मन्दिर जाने वाले मार्ग के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का विवणः-आजाद कुमार पुत्र अशोक निवासी पटवध थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र 20 वर्ष।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-1-प्रभारी निरीक्षक श्री विजय कुमार चौरसिया थाना ओबरा जनपद सोनभद्र ।
2-का0 प्रवीण राय थाना ओबरा जनपद सोनभद्र ।3-का0 यशवंत सरोज थाना ओबरा जनपद सोनभद्र।

### यूपी में राहुल गांधी हत्यारोपी की कार से फतेहपुर गए

**कानपुर।** मॉब लिंचिंग में मारे गए दलित युवक के परिवार से मिलने फतेहपुर पहुंचे राहुल गांधी का दौरा विवादों में घिर गया है। दरअसल, राहुल शुक्रवार को बसपा नेता पिंटू सेंगर की हत्या के आरोपी की लग्जरी कार से कानपुर से फतेहपुर पहुंचे थे। इसे लेकर सियासी बवाल खड़ा हो गया है। जिस पर कांग्रेस नेताओं को सफाई देनी पड़ रही है। इस बीच कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने इस पर सफाई देते हुए कहा- 'ट्रेवल्स से कार मंगाई गई थी, मुझे इसकी जानकारी नहीं है कि कार किसकी है। कांग्रेस के एक धड़े ने पूरे मामले की जानकारी कांग्रेस के हाईकमान तक को भेज दी है। इसके बाद से कांग्रेस में आपसी खींचतान भी शुरू हो गई है।' बता दें कि रायबरेली में हरिओम बाल्मीकि नाम के फतेहपुर निवासी दलित युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी। हरिओम के परिवार से मिलने के लिए राहुल फतेहपुर आए थे। पहले वे कानपुर एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से आगे राहुल कार से गए। उनके काफिले के लिए तीन गाड़ियां मंगाई गई थीं। राहुल जिस इनोवा गाड़ी पर सवार थे, उसका नंबर यूपी-78 एचवी-8333 था। यह पिंटू सेंगर हत्याकांड के

# महक बनी एक दिन की खंड शिक्षा अधिकारी

**उत्तम भारत संवाददाता, ठाकुरद्वारा।** शनिवार को ब्लॉक ठाकुरद्वारा में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहतखंड शिक्षा अधिकारीश्री मनोज बोस जी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालयअब्दुल्लापुर लेदा कक्षा 8में अध्यनरत छात्रा महक को एक दिन का खंड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया । खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में महक ने अत्यंत हर्ष की अनुभूति व्यक्त करते हुए संदेश दिया कि शिक्षा ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है इसलिए प्रत्येक बालिका को शिक्षा का उचित अवसर प्राप्त होना



चाहिएक्योंकि एकशिक्षित बालिका ही अपना , अपने परिवार और समाज का उत्थान कर सकती है इसलिए समाज के अंतिम पायदान परखड़े प्रत्येक बालक बालिका तकशिक्षा की पहुंच अनिवार्य है ।

# टीएमयु हॉस्पिटल के डॉक्टर बे लगाम दिल के डॉक्टर ने बिना जरूरत शुरू किया टीवी का इलाज मरीज की हालत नाजुक

**उत्तम भारत संवाददाता/ मुरादाबाद।** तीर्थकर महावीर हास्पिटल पाकबड़ा मुरादाबाद में ऐसा लगता है कि, शासन प्रशासन का कोई नियम नहीं चलता डाक्टरों की मनमानी आये दिन सामने आती ही रहतीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नया मामला एक ऐसे मरीज का सामने आया है।जिसको था तो हृदय रोग और डाक्टर शलब अग्रवाल ने टीवी का उपचार करके उसका लीवर ही खराब कर डाला। और जब वह मरीज उनकी ओपीडी में शिकायत करने पहुंचा तो डाक्टर ने लीवर वाले डाक्टर के पास बढ़ा दिया। आप को बतादें कि, रियासत




पुत्र छुट्टन निवासी सिरसखेड़ा मूंढापांडे सांस फूलने की शिकायत लेकर सांस रोग विशेषज्ञ डाक्टर के पास पहुंचें और सांस विशेषज्ञ ने दिल में प्रॉब्लम होने की आशंका से डॉक्टर शलब अग्रवाल ने दिल का ईको व ईसीजी कराई। ईको व ईसीजी रिपोर्ट आने के बाद आयुष्मान कार्ड द्वारा उन्होंने मरीज को अपने यहां पर एडमिट कर लिया। और दिल का पानीं खींचकर टीवी जांच के लिएं भेजा जिसमें रिपोर्ट नेगेटिव आई मगर डाक्टर ने टीवी घोषित कर 15 दिन की टीवी की दवाई देकर पांच दिन बाद घर भेज दिया जबकि मरीज छुट्टी की हालत में नहीं था। टीवी की दवाई खाते ही मरीज की स्थिति डॉउन होती चली गई। लगातार उल्टी और चक्कर आने लगे जिसकी शिकायत लेकर डॉक्टर शलब अग्रवाल के पास मरीज पहुंचा डॉक्टर शलब ने लीवर जांच कराई जांच की रिपोर्ट में लीवर डैमेज आया जिसके चलते डाक्टर शलब ने खुद से पल्ला झाड़ते हुए लीवर विशेषज्ञ के पास में भेज दिया। अब सवाल यह उठता है की, दिल का आधा अधूरा उपचार क्यों किया गया? और फिर अगर मरीज को टीवी थी तो टीवी विशेषण के पास क्यों नहीं भेजा गया। खुद से ही टीवी का उपचार शुरू क्यों किया गया? जबकि रिपोर्ट में टीवी की रिपोर्ट नेगेटिव आई है तो फिर टीवी का उपचार क्यों शुरू किया गया? स्थित मरीज की नाजुक है और उसका उपचार रामपुर दोराहा सरजीमेट अस्पताल में चल रहा है।

# खाकी के साए में मिट्टी का अवैध कारोबार!

● डींगरपुर चौकी इंचार्ज की मेहरबानी से गुरेर, ललवारा और असदपुर में धड़ल्ले से हो रहा खनन

**उत्तम भारत संवाददाता/ मैनाठेर।** थाना क्षेत्र के गांव डींगरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा धंधा चौकी इंचार्ज के संरक्षण में फल-फूल रहा है। गुरेर की मिलक, गुरेर, ललवारा, भिकनपुर और असदपुर गांवों की चारागाह और सरकारी






भूमि से रात-दिन बेखौफ होकर मिट्टी की खुदाई की जा रही है। अवैध खनन के कारण इन क्षेत्रों में गहरे गड्ढे बन गए हैं, जो खेती की जमीन को बर्बाद कर रहे हैं और बारिश के समय हादसों का खतरा बढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि खनन माफिया जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से मिट्टी निकालकर ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि खनन से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां डींगरपुर चौकी के सामने से गुजरती हैं, लेकिन पुलिस की नजरों के सामने से निकलने के बावजूद कभी रोका नहीं जाता। कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती, जिससे लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन माफिया और चौकी इंचार्ज के बीच गहरा गठजोड़ है। खनन के दौरान चलती जेसीबी और दौड़ते ट्रैक्टर सबकी नजरों में हैं, फिर भी कार्रवाई न होना मिलीभगत का साफ संकेत देता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि डींगरपुर चौकी इंचार्ज की भूमिका की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि अवैध खनन पर लगाम लग सके और किसानों की जमीन तथा पर्यावरण दोनों सुरक्षित रह सकें।

# महिला सुरक्षा टीम ने छात्राओं को साइबर क्राइम और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** महिला सुरक्षा टीम ने क्षेत्र के ग्राम किशनपुर गांवड़ी स्थित एचएससी इंटर कॉलेज में शिक्षिकाओं और छात्राओं के साथ एक गोष्ठी/चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, साइबर क्राइम से बचाव और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। गोष्ठी में महिला सुरक्षा टीम ने छात्राओं को बताया कि सोशल मीडिया पर सतर्क रहना बेहद जरूरी है। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या अशोभनीय व्यवहार की शिकायत तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन या 112 पुलिस हेल्पलाइन पर करें। इसके साथ ही उपस्थित छात्राओं और शिक्षिकाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं कृ जैसे वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, और कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दी गई।टीम ने महिलाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जागरूक किया 101 अग्निशमन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, और 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित 1930 साइबर हेल्पलाइन की उपयोगिता समझाई।कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पंपलेट भी वितरित किए गए और उनसे अपील की गई कि वे स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी जागरूक करें इस दौरान उपनिरीक्षक ललित महिला हेड कॉन्स्टेबल पूनम कॉन्स्टेबल गौरव कुमार रवि सैनी, आदि मौजूद रहे।

# दीपावली पर आयोजित किये विभिन्न कार्यक्रम

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** शनिवार को हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी कांठ में धनतेरस एवं दीपावली पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या रेनू विश्नोई द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय शिक्षिका नीतू चौधरी द्वारा किया गया। इस दीपोत्सव अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने का संदेश देती सुंदर लघु नाटिकाओं के साथ अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता, श्लोक व दोहा वाचन प्रतियोगिता, बोर्ड डेकोरेशन एवं



कैंडल मेकिंग प्रतियोगिता एवं दीया मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में स्किट प्रतियोगिता में रेड हाउस प्रथम येलो हाउस द्वितीय, ग्रीन हाउस तृतीय एवं येलो हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा साथ ही रंगोली प्रतियोगिता में ग्रीन हाउस प्रथम ,ब्लू हाउस द्वितीय ,रेड हाउस तृतीय एवं येलो हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा इसके साथ बोर्ड डिस्प्ले में ब्लू हाउस प्रथम ग्रीन हाउस द्वितीय , रेड हाउस तृतीय एवं येलो हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा। विद्यालय में हुई श्लोक एवं दोहा वाचन प्रतियोगिता में कक्षा 7 व की छात्रा आयशा ने प्रथम तथा कक्षा आठ के छात्र उमर ने द्वितीय एवं कक्षा 8 की छात्रा अलीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दीपावली के अवसर पर विद्यालय में हुई। अनेक प्रतियोगिताओं में कक्षा एक अ और ब से हर्षिता, शायना एवं कक्षा एक स से वर्णिका तथा कक्षा 2 से मुवसरा एवं कक्षा तीन से अक्षानूर , अनुष्का और यशस्वी के साथ साथ कक्षा चार से प्राची , जैनब, अफजल एवं कक्षा 5 से जैनब एवं सादिया तथा कक्षा 6 के के छात्र अदीब महाद एवं जिकरा ने भी विद्यालय में हुई। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट कलाओं का प्रदर्शन किया। धनतेरस एवं दीपावली के पावन पर्व पर के अवसर पर विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# एकता एकेडमी में दीप एवं मोमबत्ती प्रतियोगिता का आयोजन, छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** धनतेरस एवं दिवाली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में ग्राम रामनगर खागूवाला स्थित एकता एकेडमी में एक रंगारंग दीप एवं मोमबत्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का



उद्देश्य छात्र-छात्राओं की सृजनात्मकता को बढ़ावा देना और त्योहारी माहौल में शैक्षणिक गतिविधियों को समेकित करना था। शनिवार को प्रतियोगिता में एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने अपनी कलात्मकता से सजे-धजे दीये और मोमबत्तियाँ बनाकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय परिसर रोशनी और रंगों से नहाया नजर आया। प्रतियोगिता का आयोजन एकेडमी की प्रधानाचार्य मान्या चौधरी एवं शिक्षिका पायल देवी, एकता चौधरी, रिंकी चौधरी के मार्गदर्शन एवं देख-रेख में संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में त्योहारों के प्रति रुचि जगाते हैं और उनकी मेहनत व प्रतिभा को निखारने का मौका देते हैं।प्रतियोगिता में वंशिका, माही, अंशिका, मानवी, माहिरा, अनमता, प्रतीक कुमार, यश कुमार, आहिल, आतिफ, फरमान, अर्श, रोजिश, कार्तिक, अरशान, शौर्य आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी बनाई हुई कृतियों से प्रतियोगिता को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को उनकी सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल परिवार ने सभी की सुरक्षित और खुशहाल दिवाली की कामना की।

# चौयरमेन ने सफाई कर्मचारियों को किया पुरुस्कृत

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** नगर पंचायत ऊमरी कलां में नगर पंचायत अध्यक्ष ने दीपावली के अवसर पर सफाई कर्मचारियों को पुरुस्कृत करते हुए मिष्ठान का वितरण किया। ऊमरी कलां नगर पंचायत के चेयरमैन हाजी उस्मान अली ने कस्बे को चमन बनाने के लिए सफाई कर्मचारियों को पुरस्कृत करते हुए मिष्ठान वितरण किया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत ऊमरी कला में और सूखा और गीला कूड़ा घर घर से उठाने के लिए एवं कस्बे की सफाई कार्य के लिए जो कार्य किया है। नगर



वासियों के साथ-साथ अधिकारियों ने भी कस्बे में सफाई अभियान की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि ऊमरी कला में जिम पार्क उनके द्वारा बनाया गया है, जहां सैकड़ों व्यक्ति टहलकर और व्यायाम कर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं तथा बच्चे पार्क में झूल कर अपना मनोरंजन करते हैं। वहीं सफाई कर्मचारियों द्वारा किए गए सफाई कार्य की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है। चेयरमैन ने सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए मिष्ठान वितरण कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने नगर वासियों से आग्रह किया कि दीपावली दीपों का पर्व है। सभी वर्ग और धर्म के लोग भाईचारे के साथ दीपावली पर्व को मनाएं। इस मौके पर सभासद पति पर मास्टर शमीम अहमद, कर्मठ समाज सेवी सैयद मुअज्म अली, नगर पंचायत के कर्मचारीगण, सफाई कर्मी, एवं नगर के सभासद मौजूद रहे।

# बसपा मंडल कार्यालय पाकबड़ा पर समीक्षा बैठक

**उत्तम भारत संवाददाता /पाकबड़ा।** बसपा मंडल कार्यालय पाकबड़ा पर एक दिवसीय मीटिंग का आयोजन किया गया! इस मीटिंग के मुख्य अतिथि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी बाबू मुंकाद अली पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी गिरीश चंद्र जाटव उत्तरांचल के प्रभारी जफर मलिक रहे !साथ ही मुरादाबाद मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी एडवोकेट रणविजय सिंह रहे! बहुजन समाज पार्टी की मंडल कार्यालय पाकबड़ा में एक अति आवश्यक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती द्वारा दिए गए दिशा- निदेशों को जिला कमेटी के पदाधिकरियो व विधानसभा कमेटी के पदाधिकारियो को विस्तार से जानकारी दी मुरादाबाद मंडल के मंडल कोऑर्डिनेटर एवं जिला अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा प्रभारी व बसपा पार्टी समर्थक भारी संख्या में मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में बहुजन समाज पार्टी के पांच जिलों के जिला अध्यक्ष भी मौजूद रहे। मीटिंग का संचालन चंद्रपाल सिंह सैनी द्वारा किया गया। समीक्षा बैठक में जिला अध्यक्ष एडवोकेट निर्मल सिंह सागर एवं जिला उपाध्यक्ष हाजी शकील अहमद भी मौजूद रहे! सभी कार्यकताओं ने गर्म जोशी के साथ बहुजन समाज पार्टी जिंदाबाद बहन कुमारी मायावती जिंदाबाद के नारे लगाए! आने वाले 2027 के चुनाव के लिए सभी कार्यकताओं को अभी से ही कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

# धनतेरस पर उत्साह से भरे बाजार में जमकर हुई बिक्री

● छोटे वाहनों की वजह से बाजारो में जाम की समस्या सामना करना पड़ा

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** शनिवार को कस्बे के सभी मुख्य बाजारों में धनतेरस की खरीदारी के लिए बाजारों में भीड़ उमड़ने लगी है। 18 अक्तूबर आज जिले व सभी नगरो गांव मे धनतेरस का पर्व मनाया जाएगा। सुबह से ही बाजारो मे भीड़भाड़ का माहौल दिखाई दिया! धनतेरस पर भगवान धनवंतरि से जुड़े इस त्योहार पर खरीदारी शुभ मानी जाती है। जैसे वाहन, सोने-चांदी के आभूषण विभिन्न प्रकार के बर्तनों के अलावा इलेक्ट्रॉनिक और कपड़ा मार्केट में भी खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। पाकबड़ा कस्बे की सभी सड़कों पर दुकानों प्रतिष्ठानों को सजाया गया! रोड पर बड़े शोरूम हैं। यहां पर छूट देकर ग्राहकों को आकर्षित किया जा रहा है। इस बार बर्तन बाजार में बिक्री को लेकर अधिक उत्साह है। शहर के बाजार जीएसटी में छूट के बाद बिक्री के लिए तैयार हैं। नगर व आसपास के गांव से लोगों ने पाक बड़े में जमकर की खरीदारी बाजारो के मुख्य चौराहे पर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा! जिससे कि बाजारों में किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो पाए! बाजार के चोरों पर पुलिस की सख्त निगरानी रहेगी! बाजार मे सभी दुकानदारों ने एक



हफ्ता पहले से ही! नए-नए डिजाइनों के बर्तन लाकर रखे हैं! स्टील के बर्तन गिलास,चम्मच, कटौरी, अन्य वस्तुओं के भी खरीदारी की गई! घरों को सजाने के लिए रंग-बिरंगे फूल मलाय भी खरीदी गई! धनतेरस पर लक्ष्मी गणेश की मूर्ति खरीदना अहम माना जाता है! खरीदारों ने मूर्तियों के साथ कैलेंडर और इलेक्ट्रॉनिक झालर भी खरीदी! बच्चों के लिए आतिशबाजी की भी खरीदारी की गई! इस बार व्यापारी तुम्हारी सीजन में अच्छी बिक्री की उम्मीद लगा बैठे हैं! धनतेरस वाले दिन झाड़ू खरीदना शुभ माना जाता है! सभी दुकानदारों ने झाड़ू भारी मात्रा में रख रखी हैं! क्योंकि झाड़ू का प्रयोग हर घर में किया जाता है! देर शाम सही तैयारी पूरी कर ली गई! शाम होते ही लाइटों की जगमग दिखाई दी।

# सीएनएस एकेडमी में हर्षोल्लास से मनाया दीपावली का पर्व

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** दीपावली के अवसर पर थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम कुचावली स्थित सीएनएस एकेडमी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। सीएनएस एकेडमी कुचावली में दीपावली का पर्व हर्षोल्लाह से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय को रंगोली, दियों, व तोरण से सजाया गया। छात्र छात्राओं ने दीपावली के महत्व को दशार्ते हुए आकर्षक चार्ट, पोस्ट व बैनर तैयार किये। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह ने कहा कि यह उत्सव न केवल छात्र छात्राओं को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिचित




कराने का एक अवसर है, बल्कि उन्हें बुराई पर अच्छाई की जीत और अंधकार पर प्रकाश की जीत का संदेश भी देता है। विद्यालय के अध्यक्ष सुंदर सिंह ने छात्र-छात्राओं को दीपावली का महत्व समझाया व शिक्षक शिक्षिकाओं को दीपावली की शुभकामनाएं दी। अंत में उन्होंने समस्त स्टाफ को कार्यक्रम संपन्न कराने में अपना पूर्ण सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया।

## समाचार

# नगर पंचायत पाकबड़ा मे आगमी त्योहारों को लेकर किया गया फ्लैग मार्च

**धनतेरस दीपावली व भाई दूज को लेकर पुलिस प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च**

**उत्तम भारत संवाददाता,पाकबड़ा :** शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन के अनुसार आगामी त्यौहारों को लेकर चलाएं जा रहे हैं अभियान के तहत पाकबड़ा पुलिस ने सी ओ हाइबे द्वारा नगर मे फ्लैग मार्च किया गया। नगर मे आगामी त्यौहार धनतेरस दीपावली भाई दूज, एवं गोवर्धन पूजा को लेकर फ्लैग मार्च किया गया! नगर के मुख्य बाजार से होते हुए! यह फ्लैग मार्च सभी बाजारों मे किया गया! आगामी त्योहारों पर किसी तरह की कोई घटना ना हो को लेकर किया गया! नगर सभी मुख्य बाजारों से होकर सभी चौराहा पर किया गया। इस फ्लैग मार्च में सीईओ हाईवे राजेश कुमार द्वारा थाना पाकबड़ा प्रभारी योगेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकल गया! मार्केट में सभी दुकानदारों को सुरक्षा संबंधित एहसास कराया गया! बाजारों में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना होती है तो। हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी गई।

# युवक के साथ मारपीट के मामले में दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** थाना क्षेत्र में कब्रिस्तान के पास खड़े युवक को रात में लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भेजकर दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ के मोहल्ला घोसीपुरा निवासी दानिश पुत्र रफीक अहमद 13 अक्टूबर की रात को 10.00 बजे कब्रिस्तान के पास खड़ा हुआ था। तभी बबलू व सरताज मोहल्ला चौक बाजार दोनों युवक वहां से निकल रहे थे। खड़े हुए युवक से किसी बात को लेकर उनकी कहा सुनी हो गयी। इसके बाद दोनों ने दानिश को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल के परिजन उसे लेकर थाना कांठ पहुंचे और पुलिस को दोनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ भेज दिया है और मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# मुकदमा वापस लेने की धमकी पर पिता-पुत्र की पिटाई, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** मुकदमा वापस न लेने पर तीन लोगों ने पिता-पुत्र को धमकाते हुए बुरी तरह पिटाई कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राजूपुर कला निवासी मनोज ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि अपने खेत से पशुओं के लिए चारा लेने गया था। तभी गांव के ही लक्ष्मी पत्नी फोनू उर्फ अर्जुन, नीमा पत्नी मनोज कुमार और नन्हें पुत्र रामगोपाल ने उसे घेर लिया। आरोप है कि तीनों ने धमकाते हुए कहा कि उसके पिता द्वारा दर्ज कराया गया मुकदमा वापस ले लो, वरना अंजाम बहुत बुरा होगा। जब प्रार्थी ने मना किया तो आरोपियों ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए उसे पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे सतीश कुमार (प्रार्थी के पिता) को भी आरोपियों ने बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह पिता-पुत्र को छुड़ाया। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। प्रार्थी की तहरीर पर पुलिस ने लक्ष्मी, नीमा और नन्हें के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दस लीटर अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर धारा60(1) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुखविर की सूचना पर नगर के मोहल्ला नई बस्ती बाबू चौराहे पर प्लास्टिक की कैन लेकर पास खड़ा था। तभी पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहसिन पुत्र रिजवान निवासी बेहड़ावाला बताया है।आरोपी के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# प्रेमिका से जबरन निकाह के विवाद में युवक की फांसी, सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** प्रेमिका से जबरन निकाह कराने के विवाद में युवक की फांसी से मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर प्रेमिका पक्ष के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लालापुर पीपलसाना निवासी दानिश अंसारी पुत्र खलील अहमद ने शुक्रवार की सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बताया गया था कि गांव की ही युवती नजराना पुत्री इरफान अंसारी से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। बीते 13 अक्टूबर की रात प्रेमिका पक्ष के लोगों ने चिकित्सक के आवास पर दानिश का जबरन निकाह करा दिया था। दानिश ने उस समय 10 दिन का समय मांगा था ताकि पिता के लौटने पर परिवार की मौजूदगी में शादी की जा सके, लेकिन प्रेमिका पक्ष ने उसकी एक न सुनी। इस बात से वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। शुक्रवार को प्रेमिका के पिता इरफान और परिजन दानिश के घर पहुंचे और गाली-गलौज की, जिसके बाद दानिश जंगल की ओर चला गया। कुछ देर बाद उसकी लाश यूकेलिप्टस के पेड़ से लटकती मिली। मृतक की मां रहीसा बेगम ने आरोप लगाया कि उसके बेटे की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर इरफान, इंतजार, निजाद, सितार जहां, नाजरीन, शमसीदा और फरन्जुम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** दो दिन पहले तेज रफ्तार बाइक ने सामने से आ रही दूसरी बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में एक बाइक सवार छजलैट क्षेत्र के गांव लदावली निवासी सुखवीर सिंह (55) घायल हो गए थे। सुखवीर का मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घायल सुखवीर सिंह की पत्नी राजबाला की तहरीर पर दूसरी बाइक सवार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। परिजनों के अनुसार सुखवीर सिंह की हालत अभी गंभीर बनी हुई है।

# हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने की सीएम सैनी से मुलाकात



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शनिवार को हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा और सदस्य कुलदीप जैन तथा दीप भाटिया ने उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान आयोग ने मुख्यमंत्री को वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 की प्रति भेंट की और राज्य में मानवाधिकारों की सुरक्षा से जुड़े अपने कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आयोग की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे निर्णयों को लागू होना ही चाहिए, जो आम जनता को न्याय और सम्मान दिला सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हमेशा मानवाधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और आयोग के सुझावों पर गंभीरता से अमल किया जाएगा। बैठक के दौरान आयोग ने बीते वर्ष की अपनी गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। बताया गया कि अब तक आयोग में 5,542 मामलों की सुनवाई की जा चुकी है, जिनमें से 4,638 मामलों का निपटारा हो चुका है। केवल 904 मामले अभी लंबित हैं। आयोग ने यह भी बताया कि वह हर महीने राज्य की एक जेल और सामाजिक संस्थान का निरीक्षण करता है ताकि कैदियों और समाज के वंचित वर्गों के मानवाधिकारों की स्थिति की निगरानी की जा सके। आयोग ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि हाल ही में राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग (एनएचआरसी) के 32वें स्थापना दिवस समारोह में हरियाणा मॉडल की विशेष रूप से सराहना की गई। हरियाणा मानव अधिकार आयोग के कार्यों और पारदर्शिता को दूसरे राज्यों के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर आयोग को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार और आयोग मिलकर राज्य में मानवाधिकारों की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाएंगे। उन्होंने कहा कि आयोग के कार्य न केवल समाज में जागरूकता बढ़ा रहे हैं, बल्कि पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने में भी सहायक साबित हो रहे हैं। बैठक के अंत में मुख्यमंत्री और आयोग के सदस्यों ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार समाज में समानता, सम्मान और सद्भाव का संदेश लेकर आता है।

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी तेल न खरीदने के ट्रंप के दावे पर जयराम रमेश ने साधा निशाना

नई दिल्ली। कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदने संबंधी दावे पर निशाना साधा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्रंप के ताजा बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि भारत अब रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा। ट्रंप ने कुछ दिनों पहले भी यह दावा किया था कि उनके मित्र प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से आश्वासन दिया है कि भारत अब रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा। जयराम रमेश ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, ह्यराष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर कहा कि उनके अच्छे मित्र ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत रूस से तेल के आयात में कटौती करेगा। लेकिन वह अच्छे मित्र उस वक्त अचानक मौनी बाबा बन जाते हैं, जब राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर रुकवा दिया है और अब जब वह कहते हैं कि भारत रूस से तेल का आयात कम कर देगा। कांग्रेस नेता ने कहा, 'इस बीच अप्रैल-सितंबर 2025 के दौरान चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा पिछले साल की समान अवधि के 49.6 अरब डॉलर की तुलना में बढ़कर 54.4 अरब डॉलर हो गया। ह्न रूस से कच्चे तेल के आयात को लेकर ट्रंप के पिछले दावे के बाद भारत सरकार ने कहा था कि वह बाजार की परिस्थितियों के तहत ऊर्जा स्रोत के आधार को व्यापक और विविध बना रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्रंप के दावे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि अस्थिर ऊर्जा परिदृश्य में भारतीय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना सरकार की हमेशा प्राथमिकता रही है।

### नेपाल के बाद भारत और पाकिस्तान में लगे भूकंप के झटके

नई दिल्ली। एक दिन पहले नेपाल में भूकंप आया। इसके बाद आज धनतेरस पर भारत और पाकिस्तान में झटके लगे। गनीमत रही कहीं कोई नुकसान नहीं हुआ। असम में शनिवार की सुबह-सुबह भूकंप आया। वहीं पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर असम में आए भूकंप की तीव्रता 2.7 मापी गई तो पाकिस्तान में 3.5 तीव्रता वाला भूकंप आया। फिलहाल, दोनों जगहों पर किसी तरह के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, दोनों जगह भूकंप आने से लोगों में हड़कंप मच गया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी यानी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, शनिवार सुबह असम में रिक्टर पैमाने पर 2.7 तीव्रता का भूकंप आया। एनसीएस के अनुसार, भूकंप भारतीय समयानुसार दोपहर 3:29:57 बजे आया और इसका केंद्र 24.84 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 93.20 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। भूकंप का केंद्र कछार जिले में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। वहीं राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि पाकिस्तान में 3.5 तीव्रता का भूकंप आया। एनसीएस के अनुसार, भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। पाकिस्तान में यह भूकंप सुबह 5 बजकर 4 मिनट पर आया। इससे पहले 3.9 तीव्रता का एक और भूकंप इस क्षेत्र में 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। यह करीब सवा तीन बजे आया था। इस तरह पाकिस्तान में दो घंटे के भीतर भूकंप के 2 झटके महसूस किए गए। वहीं, शुक्रवार को भी पाकिस्तान में 10 किमी की गहराई पर 4.2 तीव्रता का भूकंप आया था। बता दें इससे पहले पश्चिमी नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत में बृहस्पतिवार को 4.9 तीव्रता का भूकंप आया था। भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार, भूकंप सुबह 1:08 बजे दर्ज किया गया, जिसका केंद्र बझांग जिले के दंतोला क्षेत्र में स्थित था। बझांग जिला काठमांडू से लगभग 475 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। पड़ोसी जिलों बाजुरा, बैतड़ी और दारचुला में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### सुरक्षा बलों ने मणिपुर में पांच केसीपी उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

इम्फाल। सुरक्षा बलों और पुलिस ने मणिपुर के थौबल और बिष्णुपुर जिलों में समन्वित अभियानों के दौरान प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के विभिन्न गुटों से जुड़े पांच सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार केसीपी (नोंगड्रेनखोम्बा) के एक सक्रिय कार्यकर्ता को शुक्रवार को थौबल जिले में उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। वह कथित तौर पर जबरन वसूली, नए कार्यकताओं की भर्ती और संगठन के लिए हथियारों और गोला-बारूद के परिवहन में शामिल था। वहीं, एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने केसीपी (तैयबांगनगांबा) समूह के सदस्यों को आश्रय प्रदान करने के आरोप में बिष्णुपुर जिले से एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने उसी स्थान से केसीपी (तैयबांगनगांबा) के दो सक्रिय कार्यकताओं को भी गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने बिष्णुपुर थाना अंतर्गत नाचौ पंथोंग इलाके से केसीपी (ताइबांगनगांबा) के एक अन्य सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से सुरक्षा बलों ने एक .32 मिमी पिस्तौल, एक मैगजीन और पाँच कारतूस, पाँच मोबाइल फोन और एक बैग बरामद कियाऔर जब्त की गई वस्तुओं को प्रतिबंधित संगठन के नेटवर्क और गतिविधियों का पता लगाने के लिए संबंधित पुलिस थानों को सौंप दिया गया है।

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने रूस के कलमीकिया स्थित बौद्ध मठ के किए दर्शन



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को रूस के कलमीकिया स्थित एलिस्टा स्थित बौद्ध मठ में मत्था टेका। इसे गेडेन शेड्डुप चोइकोरलिंग मठ के नाम से भी जाना जाता है।

उपराज्यपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारत से लाए गए और एलिस्टा के मुख्य बौद्ध मठ, जिसे गेडेन शेड्डुप चोइकोरलिंग मठ के नाम से जाना जाता है, में स्थापित भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को नमन किया। मैं भगवान बुद्ध से प्रार्थना करता हूं कि वे हम सभी को आशीर्वाद दें और लोगों के बीच आध्यात्मिक बंधन को मजबूत करें।'

मनोज सिन्हा रूस के कलमीकिया की एक सप्ताह की यात्रा पर हैं। उपराज्यपाल एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं जिसे एक सप्ताह की प्रदर्शनी के बाद भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को वापस लाने का काम सौंपा गया है। इस अवसर के लिए आभार व्यक्त करते हुए, उपराज्यपाल सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए धन्यवाद दिया। कल्मीकिया की राजधानी एलिस्टा पहुंचने पर, उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि वह पवित्र अवशेषों के प्रति सम्मान प्रकट करने और कलमीकिया गणराज्य के प्रमुख और कलमीकिया के बौद्धों के प्रमुख बटू सगेर्येविच खासिकोव, साथ ही शाजिन लामा, आदरणीय भिक्षुओं और स्थानीय लोगों से बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। कश्मीर अपने बौद्ध ऐतिहासिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध रहा है, जिनमें हरवन बौद्ध स्थल भी शामिल है, जहां चौथा बौद्ध सम्मेलन आयोजित किया गया था। कश्मीर में कई महत्वपूर्ण बौद्ध स्थल हैं, जिनमें हरवन और उशकुर जैसे प्राचीन खंडहर शामिल हैं, जो शिक्षा के केंद्र थे और बौद्ध धर्म के प्रसार के लिए महत्वपूर्ण थे और ऐतिहासिक मठजैसे अलची मठ और शंकराचार्य मंदिर, जिनका बौद्ध धर्म से ऐतिहासिक संबंध है। अन्य स्थलों में अखनूर के पास अंबरन बौद्ध खंडहर और प्राचीन परिहासपुर मठ शामिल हैं। श्रीनगर में हरवन एक प्राचीन स्थल है जहां कुषाण काल के दौरान चौथी बौद्ध संगीति आयोजित की गई थी और एक मठ मौजूद था। जम्मू में अखनूर के पास अंबरन एक और पुरातात्विक स्थल है, जहां एक मठ परिसर है जो 18वीं शताब्दी से लेकर 19वीं शताब्दी तक के बौद्ध सांस्कृतिक विकास की एक जानकारी प्रदान करता है। श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में स्थित परिहासपुर एक प्राचीन स्थल है जहां कश्मीर के राजा ललितादित्य द्वारा निर्मित एक विशाल मठ था, जो बुद्ध की एक विशाल प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है। सिंधु नदी के किनारे स्थित अलची मठ अपने प्राचीन भित्ति चित्रों और मूर्तियों के लिए जाना जाता है, जिनमें बौद्ध और हिंदू प्रभावों का मिश्रण है।

> **उपराज्यपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारत से लाए गए और एलिस्टा के मुख्य बौद्ध मठ, जिसे गेडेन शेड्डुप चोइकोरलिंग मठ के नाम से जाना जाता है, में स्थापित भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को नमन किया**

### जम्मू-कश्मीर को जल्द मिले पूर्ण राज्य का दर्जा, सीएम उमर अब्दुल्ला की केंद्र से अपील, कहा- तभी मिटेगी दिल्ली से दूरी



नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक बार फिर केंद्र सरकार से राज्य का दर्जा बहाल करने की पुरजोर मांग की है। अनंतनाग में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने सीधी अपील की कि अगर दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के बीच की ह्यदूरीह्न को कम करना है, तो यह कदम उठाना ही होगा। उमर अब्दुल्ला ने यह स्पष्ट किया कि अभी चुनी हुई सरकार के हाथ बंधे हुए हैं, क्योंकि कई संवैधानिक और प्रशासनिक संस्थानों पर अभी भी सरकार का नियंत्रण नहीं है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आगामी बडगाम और नगरोटा विधानसभा उपचुनावों पर भी गठबंधन का रुख साफ किया। उन्होंने बताया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस बडगाम सीट से खुद चुनाव लड़ेगी, जबकि नगरोटा सीट कांग्रेस के लिए छोड़ी गई है। एनसी वहां कांग्रेस को समर्थन देगी। उन्होंने यह भी कहा कि जनता के हित में आने वाले किसी भी निजी विधेयक में उनकी सरकार कोई बाधा नहीं बनेगी। उमर अब्दुल्ला ने किसानों को हुए फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए केंद्र से विशेष राहत पैकेज पर चर्चा जारी होने की बात कही। कोविड काल में दर्ज एफआईआर वापस लेने के सवाल पर उन्होंने अपनी मजबूरी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट किया कि चूंकि अभी पुलिस और कानून-व्यवस्था चुनी हुई सरकार के पास नहीं है, इसलिए वह कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि, उन्होंने वादा किया कि अधिकार मिलते ही वह अपने बाकी वादे जरूर पूरे करेंगे।

### लुधियाना से दिल्ली जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस में सरहिंद के पास लगी आग, यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया

नई दिल्ली। लुधियाना से दिल्ली जा रही अमृतसरह्नसहरसा गरीब रथ एक्सप्रेस ट्रेन (नंबर-12204) में शनिवार सुबह पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन के पास अचानक आग लगने से यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। ट्रेन स्टेशन से निकलकर मुश्किल से आधा किलोमीटर आगे बढ़ी ही थी कि एक कोच से धुआं उठता देखा गया। तुरंत ट्रेन को रोका गया और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए राहत कार्य शुरू किए गए। सुबह करीब 7.30 बजे हुए इस हादसे में रेलकर्मी और स्थानीय पुलिस की टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर एक बड़ी दुर्घटना को टाल दिया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। रेलवे अधिकारियों और फायर टीमों की मुस्तैदी से आग पर तेजी से काबू पा लिया गया, जिससे आग अन्य डिब्बों में नहीं फैल पाई। फिलहाल आग लगने के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है, जिसके लिए रेलवे और पुलिस की टीमें मौके पर जांच कर रही हैं। प्राथमिक तौर पर शॉर्ट सर्किट का संदेह है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही सही वजह सामने आएगी। यात्रियों को सुरक्षित अन्य कोचों में स्थानांतरित करके प्रभावित डिब्बे को ट्रेन से अलग कर दिया गया है। रेलवे जल्द ही ट्रेन को उसके गंतव्य दिल्ली की ओर रवाना करने की तैयारी कर रहा है।

### बिहार चुनाव पर बाबा रामदेव की भविष्यवाणी, 'मोदी की टक्कर का कोई नहीं,' प्रशांत किशोर और ओवैसी को बताया कमजोर

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव के पारे के बीच, योग गुरु बाबा रामदेव ने एक बड़ा चुनावी बयान दिया है। उन्होंने शुक्रवार को एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए साफ कहा कि विपक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टक्कर का कोई नेता नहीं है। उन्होंने बिहार में जीत का दम भर रहे प्रशांत किशोर और असदुद्दीन ओवैसी जैसे प्रमुख खिलाड़ियों पर भी टिप्पणी की, लेकिन एनडीए को इन सब पर भारी बताया। बाबा रामदेव ने एनडीए गठबंधन की मजबूती का जिक्र करते हुए कहा कि यह न केवल देश का सबसे राजनीतिक रूप से शक्तिशाली गठबंधन है, बल्कि इसका नेतृत्व पीएम मोदी कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व की जमकर तारीफ की और उसे 'हिमालय जितना मजबूत' बताया। उन्होंने कहा, 'बिहार में महागठबंधन समेत हर कोई पूरी ताकत दिखा रहा है, चाहे वह प्रशांत किशोर हों या ओवैसी, लेकिन आज कोई भी विपक्षी नेता पीएम मोदी का मुकाबला करने में सक्षम नहीं है।' बिहार के चुनावी रण में मुख्य मुकाबला बीजेपी-जदयू वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और राजद के तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले इंडिया ब्लॉक के बीच माना जा रहा है।

### दीपावली पर आँखों की सुरक्षा: पटाखों के खतरों से बचने की अपील

नई दिल्ली। रोशनी का त्योहार दीपावली जहाँ खुशियों और उत्साह का प्रतीक है, वहीं हर साल यह पर्व आँखों से जुड़ी चोटों और आपातकालीन मामलों में चिंताजनक वृद्धि भी लाता है। देश भर के नेत्र अस्पतालों में दिवाली के दौरान आँखों में जलन, जलने की चोटें, बाहरी कणों से आघात, संक्रमण और एलर्जी से संबंधित प्रतिक्रियाओं के मामलों में तेजी देखी जाती है। इन समस्याओं का मुख्य कारण पटाखों के सीधे इस्तेमाल और उनसे निकलने वाले धुएँ का आँखों पर सीधा असर होता है। इस अवसर पर, सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स ने लोगों से अपील की है कि वे इस त्योहारी मौसम में अपनी अमूल्य आँखों को हर प्रकार के नुकसान से बचाएँ। सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ आई हॉस्पिटल्स के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. महिपाल सिंह सचदेव ने इस खतरे को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, पटाखे दिवाली की खुशी का प्रतीक जरूर हैं, लेकिन ये आँखों की चोटों का सबसे आम कारण भी बनते हैं। चिंगारियाँ, रॉकेट, अनार और बम जैसे पटाखे यदि चेहरे के पास फट जाएँ, तो वे गंभीर जलन, कॉर्निया पर चोट या यहाँ तक कि आँख फटने जैसी विनाशकारी स्थिति भी पैदा कर सकते हैं। डॉ. सचदेव ने बताया कि उड़ते कण, रासायनिक तत्व और धुआँ आँखों में जलन, लालिमा, पानी आना और खुजली जैसी आम समस्याएँ भी बढ़ा देते हैं। उन्होंने विशेष रूप से चेतावनी दी कि जो लोग चश्मा पहनते हैं, उनके चश्मे का शीशा टूटकर आँखों में प्रवेश कर सकता है और चोट को और भी अधिक गंभीर बना सकता है।

